
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 01:13 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बुधवार, 11 जून 2025
वर्ष 3, अंक 291, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पाकिस्तान अपना रक्षा खर्च बढ़ाएगा 14
देश में बिजली की कमी बिल्कुल भी नहीं : मनोहर 12

## शुभांशु इतिहास रचने को तैयार

- **राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष जाने वाले दूसरे भारतीय**
- **आज शाम फ्लोरिडा से अंतरिक्ष स्टेशन को होंगे रवाना**

नई दिल्ली, एजेंसी



अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना होने की तैयारी कर रहे भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इतिहास के मुहाने पर खड़े हैं। यह भारत की अंतरिक्ष उड़ान में वापसी का प्रतीक है क्योंकि 41 साल पहले शुक्ला के आदर्श राकेश शर्मा ने सोवियत संघ के इंटरकॉस्मोस कार्यक्रम के तहत आठ दिनों तक पृथ्वी की परिक्रमा की थी। लखनऊ में जन्मे शुक्ला को शुक्स के नाम से जाना जाता है। वह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)-नासा समर्थित एक्सिओम स्पेस के वाणिज्यिक अंतरिक्ष यान का हिस्सा हैं, जिसके बुधवार शाम फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए 14 दिनों की यात्रा पर रवाना होने की उम्मीद है।

भारतीय वायुसेना में ग्रुप कैप्टन शुक्ला को 2019 में साथी अधिकारियों प्रशांत बालकृष्णन नायर, अंगद प्रताप और अजीत कृष्णन के साथ गगनयान मिशन के लिए भारत के अंतरिक्ष यात्री दल का हिस्सा बनने के लिए चुना गया था, जिसे 2027 में शुरू किए जाने की संभावना है।

इतिहास रचने को तैयार स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट पर सवार ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के तीन बार स्थगित किए गए प्रक्षेपण की सफलता के लिए मंगलवार को लखनऊ में विशेष प्रार्थना की गई।

## पाकिस्तान को चेतावनी, हमला हुआ तो फिर जवाब देंगे

ब्रसेल्स, एजेंसी

- **ब्रसेल्स में बोले विदेशमंत्री जयशंकर-हम आतंकवाद के साथ नहीं जीएंगे**
- **कहा-अगर आतंकवादी हमलों से उकसाया गया तो पाकिस्तान में घुसकर मारेंगे**



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को चेताया है कि आतंकवादी हमलों से अगर उकसाया गया तो भारत, पाकिस्तान में घुसकर फिर हमला करेगा।

उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले जैसी जघन्य घटनाओं के मामले में आतंकवादी संगठनों और उनके नेताओं के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की जाएगी। पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू किए जाने के एक महीने बाद यूरोप की यात्रा पर गए जयशंकर ने यह भी कहा कि पाकिस्तान हजारों आतंकवादियों को खुले में प्रशिक्षित कर रहा है और उन्हें भारत में उतार रहा है।

उन्होंने एक समाचार संस्था से बातचीत में सोमवार को कहा कि हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसलिए हमारा उन्हें संदेश है कि अगर आप अप्रैल में की गई बर्बर हरकतों को जारी रखते हैं, तो आपको जवाबी कार्रवाई का सामना करना होगा और यह कार्रवाई आतंकवादी संगठनों और आतंकवादी नेतृत्व के खिलाफ होगी। उन्होंने कहा कि हमें परवाह नहीं है कि वे कहां हैं। अगर वे पाकिस्तान में अंदर हैं, तो हम पाकिस्तान में अंदर तक जाएंगे। गत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था।

### भारत के हमले के बाद रुकी थी लड़ाई

जयशंकर ने कहा कि लड़ाई सिर्फ एक वजह से रुकी, और वो वजह थी कि 10 तारीख की सुबह, हमने इन आठ पाकिस्तानी, मुख्य आठ पाकिस्तानी हवाई क्षेत्रों पर हमला किया और उन्हें निष्क्रिय कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि गूगल पर रनवे और उन हैंगरों की तस्वीरें उपलब्ध हैं, जिन पर हमला हुआ। यूरोप की हफ्ते भर की यात्रा के दौरान, जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति की पुष्टि के लिए यूरोपीय संघ, बेल्जियम और फ्रांस के नेताओं के साथ बातचीत भी करेंगे।

### आतंकवाद को वैश्विक मुद्दे के रूप में देखा जाए

**ब्रसेल्स।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि आतंकवाद को द्विपक्षीय समस्या के बजाय वैश्विक मुद्दे के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से जुड़ी कई घटनाओं का पाकिस्तान से ऐतिहासिक संबंध बताया। सोमवार को बेल्जियम में भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित करते हुए जयशंकर ने भारत के आतंकवाद विरोधी प्रयासों से उन्हें अवगत कराया।

### एक नजर

#### राजौरी में आतंकवादी ठिकाने का खुलासा

**राजौरी/जम्मू।** सुरक्षा बलों ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले के एक दूरस्थ इलाके में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया और 10 अंडर बैरल ग्रेनेड लांचर (यूबीजीएल) के साथ अन्य सामग्री जब्त की। एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस और सेना के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान थानामंडी इलाके के दर्रा बाराचारा गांव में इस आतंकवादी ठिकाने का पता चला। उन्होंने कहा कि तलाशी दलों ने यूबीजीएल के अलावा एक क्षतिग्रस्त गोला-बारूद का डिब्बा, एक कंबल, एक प्लास्टिक की तिरपाल, दवा के दो पैकेट, कुछ बर्तन और दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी जब्त कीं। अधिकारी ने कहा कि बरामदगी के सिलसिले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

#### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में स्थित उच्च न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने अदालत परिसर की तलाशी ली, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि यह धमकी झूठी साबित हुई, क्योंकि सोमवार को मिली धमकी के बाद तलाशी ली गई लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। बिलासपुर के एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि हाईकोर्ट की ईमेल आईडी पर सोमवार दोपहर को धमकी भरा एक संदेश आया।

# नया भारत शांति की रट नहीं लगाता, देता है मुंहतोड़ जवाब

### मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को योगी ने बताया स्वर्णिम काल

- **कहा-आतंकवाद और युद्ध थोपने का दिया जाएगा माकूल जवाब**
- **बोले-मोदी ने किया विकसित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत निःसंदेह शांति का पक्षधर है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में हर हाल में शांति की ही रट लगाने की आदत से हम अब ऊपर उठ गए हैं।

अब वह प्रवृत्ति नहीं जो 2014 के पहले आतंकवाद के मुद्दे पर देखने को मिलती थी, पीएम मोदी ने उस अवधारणा को पलट दिया है। अब सज्जनों के साथ शांति से विकास की बात करेंगे, लेकिन कोई युद्ध थोपेगा, आतंकवाद को प्रेरित करेगा तो उसका मुंहतोड़ जवाब सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर ही होंगे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर मंगलवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता कर केंद्र सरकार का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। उन्होंने केंद्र सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का स्वर्णिम काल करार दिया। उन्होंने कहा कि इन 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को न केवल वैश्विक पहचान दी है, बल्कि स्वयं को तपाकर और खपाकर 140 करोड़ भारतवासियों को भी एक विश्वास का प्रतीक बनाया है। योगी ने प्रेसवार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष के स्वर्णिम कार्यकाल की विस्तार से जानकारी देते हुए बधाई भी दी। कहा कि मोदी ने शासन को सेवा का माध्यम बनाया। यह कार्यकाल सेवा को संकल्प के रूप में, सुशासन को संस्कृति के रूप में और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

योगी ने कहा कि मोदी पंच प्रण और 11 संकल्पों ने विकसित भारत की आधारशिला रखी है। इंफ्रास्ट्रक्चर सभी क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। 2014 के बाद ही किसान राजनीति एजेंडे का हिस्सा बना है।

महिला सशक्तिकरण में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। आजादी के बाद से कांग्रेस ने केवल एक एम्स बनाए थे, मोदी सरकार के कार्यकाल में देश भर में 23 एम्स और यूपी में दो एम्स बने हैं। महाकुंभ, अयोध्या धाम, काशी, महाकाल लोक समेत तमाम धार्मिक स्थलों और आयोजनों का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि मोदी ने आस्था और अर्थव्यवस्था का बेहतर समन्वय के सथ विरासत को विकास से जोड़ा है।

### अब गाजी नहीं, सुहेलदेव का लगेगा मेला

**बहराइच।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि अब विदेशी आक्रांताओं का नहीं, बल्कि राष्ट्रनायकों का महिमा मंडन होगा। कहा कि इससे पहले की सरकारें मुस्लिम वोट बैंक के लालच में राष्ट्रनायकों को सम्मान नहीं दे पाती थीं लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। बहराइच में किसी गाजी की दरगाह पर नहीं, बल्कि चक्रवर्ती सम्राट महराजा सुहेलदेव के स्मारक पर मेला लगेगा। बहराइच पहुंचे योगी ने महाराजा सुहेलदेव की 40 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया।

## पिता-बेटी समेत तीन ने 8वीं मंजिल से लगाई छलांग, मौत

### दिल्ली के द्वारका इलाके में बहुमंजिला इमारत में लगी आग

- **8वीं मंजिल शुरू आग तेजी से फैली, 9वीं मंजिल भी प्रभावित**

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के द्वारका इलाके में मंगलवार सुबह आठवीं और नौवीं मंजिल पर स्थित डुप्लेक्स फ्लैट में लगी भीषण आग से बचने के लिए छलांग लगाने से दो बच्चों सहित एक परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। इससे पहले पुलिस ने बताया था कि इस घटना में एक व्यक्ति और उसके दो बच्चों की मौत हो गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आग इमारत की आठवीं मंजिल पर स्थित मंदिर से शुरू हुई और पीवीसी पैनल के जरिए तेजी से फैल गई।

मृतकों की पहचान यश यादव (35), उनकी 12 वर्षीय बेटी और 11 वर्षीय एक रिश्तेदार के रूप में हुई है। आठवीं मंजिल की बालकनी से कूदने से उनकी मौत हो गई। सभी उत्तर प्रदेश के एटा जिले के बताए जा रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि परिवार इमारत की ऊपरी दो मंजिलों पर एक डुप्लेक्स में रहता है। जब आग लगी, तो परिवार ने सीढ़ियों के जरिए नौवीं मंजिल पर जाकर बचने की कोशिश की। हालांकि, दो छोटे बच्चे पीछे रह गए और यश उन्हें बचाने के लिए वापस आ गए। तब तक आग फैल चुकी थी। बच्चों को आकाश अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। यश को आईजीआई अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। परिवार के दो अन्य व्यक्ति, यश की पत्नी और उनके बड़े बेटे (18) को चोटें आईं और उन्हें आकाश अस्पताल ले जाया गया। जान गंवाने वाले 11 वर्षीय बच्चे सहित अन्य रिश्तेदार उनके आवास पर एक धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए आए थे।



इमारत से छलांग लगाते लोग।

### बालकनी से मदद को चिल्ला रहे थे

घटनास्थल के दृश्यों में इमारत में आग लगी दिखाई दे रही है और लोग अपनी बालकनियों में खड़े होकर मदद के लिए चिल्ला रहे हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, विभाग को सुबह 10.01 बजे आग लगने की सूचना मिली। इसके अनुसार शुरुआत में, दमकल की आठ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, लेकिन आग की भयावहता स्पष्ट होने पर और अधिक गाड़ियां आग बुझाने के लिए लगाई गईं।

### इमारत के अन्य लोगों को सुरक्षित निकाला

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि सोसाइटी के सभी निवासियों को निकाल लिया गया है और बिजली और पीएनजी कनेक्शन जैसी सभी आवश्यक सेवाएं बंद कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि डीडीए और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को इमारत की संरचनात्मक स्थिरता का आकलन करने के लिए सूचित किया गया है।

## 1165 कंडक्टरों की भर्ती पर रोक

विधि संवाददाता, प्रयागराज



- **महिला ने सूची में नाम नहीं आने पर दाखिल की थी याचिका**
- **मृतक आश्रित कोटे से नियुक्तियों पर हाईकोर्ट ने दिया आदेश**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में अनुकंपा के आधार पर की जा रही 1165 पदों पर भर्ती प्रक्रिया को अग्रिम आदेश तक स्थगित कर दिया है। राज्य सरकार और विपक्षियों से हलफनामे के माध्यम से यह स्पष्टीकरण मांगा गया है कि भर्ती प्रक्रिया केवल कंडक्टर पदों के लिए ही क्यों की जा रही हैं। इसके साथ ही नियुक्ति का तरीका भी सार्वजनिक परीक्षा न होकर प्रत्यक्ष है। कोर्ट ने 1 और 5 मई 2025 को परिवहन निगम द्वारा अनुकंपा के आधार पर 1165 पदों पर की गई भर्तियों पर रोक लगा दिया है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट की एकलपीठ ने अलीगढ़ निवासी याची नीतू शर्मा की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार मृतक आश्रित की सूची में नाम न आने के कारण अलीगढ़ क्षेत्र की महिला ने भर्ती को लेकर वर्तमान याचिका दायर की थी। याची ने वर्तमान याचिका में अनुकंपा के आधार पर परिवहन निगम द्वारा उनकी नियुक्ति से इंकार करने के आदेश को मनमाना और अवैध बताया। याची ने 1 और 5 मई 2025 को परिवहन निगम द्वारा अनुकंपा के आधार पर की जा रही 1165 पदों की भर्ती प्रक्रिया को भी चुनौती देते हुए उस पर रोक लगाने की मांग की थी।

याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची के माता-पिता की मृत्यु वर्ष 2000 और 2014 में हुई थी। उनके पिता निगम के स्थायी कर्मचारी थे। उनकी मृत्यु के बाद उनकी पत्नी (याची की मां) को अनुकंपा नियुक्ति देने से मना कर दिया गया। परिवार को याची के पिता की मृत्यु के बाद गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। मां के पास आय का कोई स्रोत नहीं था और अब याची को भी गंभीर वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। याची सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आती हैं।

## काशी विश्वनाथ मंदिर से 21 फर्जी पुजारी गिरफ्तार

- **श्रद्धालुओं से जबरन वसूली पर पुलिस ने दबोचा**

**वाराणसी।** पुलिस ने वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं से दर्शन-पूजन कराने के नाम पर मनमाने ढंग से पैसे वसूलने वाले 21 फर्जी पडों-पुजारियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। दशाश्वमेध घाट के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया कि काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन कराने के नाम पर श्रद्धालुओं से अवैध वसूली और दुर्व्यवहार किए जाने की शिकायत काफी दिन से मिल रही थी। शिकायत के आधार पर दशाश्वमेध घाट और चौक थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने मंगलवार को दशाश्वमेध घाट से 15 और चौक से छह फर्जी पुजारियों को गिरफ्तार कर लिया। त्रिपाठी ने बताया कि टीम लगातार कार्रवाई करते हुए इस तरह के लोगों को गिरफ्तार करती रहेगी। पुलिस मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## छह वर्ष की बच्ची से रेप, सिर पर मारी ईट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **घाटमपुर की घटना, शोर मचाने पर मुंह में पत्ते ठूंस दिए, गंभीर बच्ची हैलट अस्पताल में भर्ती, आरोपी फरार**

**अमृत विचार:** घाटमपुर कस्बा निवासी एक युवक ने मंगलवार रात घर के सामने रहने वाली छह साल की बच्ची को बहाने से सूनसान क्षेत्र में ले जाकर दुष्कर्म किया और शोर मचाने पर मुंह में पत्ते ठूंस दिए। दुष्कर्म के बाद आरोपी ने हत्या की नीयत से उसके सिर पर ईंट से कई वार किए और मरा समझकर भाग गया। काफी देर बाद परिवार वालों ने बच्ची को खोजना शुरू किया तो आरोपी खुद ही बच्ची को उठाकर ले आया और बोला कि झाड़ी में मजार के पीछे घायल पड़ी थी। वह परिजनों के साथ बच्ची को अस्पताल भी ले गया और फिर भाग निकला। गंभीर हालत में बच्ची को कानपुर के हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आरोपी को उसके ताऊ ने गोद ले रखा है। ताऊ ट्यूबवेल ऑपरेटर हैं। मंगलवार रात करीब 8 बजे वह चॉकलेट दिलाने के बहाने बच्ची (6) को अपने साथ ले गया और गांव के बाहर स्थित मजार के पीछे झाड़ियों में ले जाकर दुष्कर्म किया। बच्ची चीखी तो आरोपी ने उसके मुंह में घास-फूस और पत्ते ठूंस दिए। दुष्कर्म के बाद उसने उसके सिर पर ईंट से कई वार किए और वहां से भाग निकला। उधर, काफी देर बाद तक बच्ची घर नहीं पहुंची तो उसके परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो आरोपी भी उनके साथ खोजबीन में जुट गया। थोड़ी देर बाद झाड़ी से बेहोश बच्ची को उठा लाया और बोला कि वह घायल पड़ी थी। परिजनों के साथ उसे वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी ले गया। वहां उस पर शक गहराया तो वह भाग निकला। तब परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से गंभीर बच्ची को कानपुर रेफर कर दिया गया। कानपुर में हैलट अस्पताल में बच्ची का उपचार चल रहा है। देर रात पुलिस गांव पहुंची और जांच की। फोरेंसिक विभाग की टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। घाटमपुर एसीपी ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज की जा रही है। आरोपी की तलाश में टीमें लगा दी गई हैं। गांव में पुलिसबल तैनात किया गया है।

## फिलहाल तड़पाएगी लू फिर होगी रिमझिम बारिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **19 जिलों में बढ़ेगा तापमान, 11 के बाद पूर्वी उप्र में बारिश**

**अमृत विचार :** प्रदेश में फिलहाल लू अभी और तड़पाएगी लेकिन इसके बाद रिमझिम बारिश का सिलसिला भी शुरु होगा। मौसम विभाग ने 19 जिलों में तापमान बढ़ने की आशंका प्रकट करने के साथ आने वाले दिनों में पूर्वी उप्र. में बारिश होने की संभावना जताई है।

इस बीच प्रदेश में दिन में तेज धूप होने के कारण अधिकतम तापमान में 3 से लेकर 6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा हुआ है। दक्षिणी उत्तर प्रदेश में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया है। आद्रता होने तथा तेज धूप के कारण उमस भरी गर्मी में बढ़ोत्तरी हुई है। रात में भी गर्मी की चेतावनी भी मौसम विभाग ने जारी की है।

मौसम विभाग ने अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, गाजियाबाद, कासगंज, एटा, औरैया आदि में लू चलने की आशंका जताई है।

## चैटजीपीटी में बाधा से लाखों उपयोगकर्ता रहे प्रभावित

**नई दिल्ली।** एआई क्षेत्र की कंदिग्गज कंपनी ओपनएआई के एआई टूल चैटजीपीटी को मंगलवार को वैश्विक स्तर पर व्यवधान का सामना करना पड़ा जिससे दुनिया भर में फैले लाखों उपयोगकर्ता इसका देर तक इस्तेमाल नहीं कर पाए। ज्यादा असर भारत, अमेरिका में रहा। यहां हजारों लोगों ने शिकायतें दर्ज कराईं।

डिजिटल गतिविधियों पर नजर रखने वाले मंच डाउनडिटेक्टर ने कहा कि दोपहर तीन बजे के करीब चैटजीपीटी टूल के इस्तेमाल में दिक्कतें आनी शुरू हुईं। अकेले भारत में ही तकनीकी व्यवधान की लगभग 800 शिकायतें दर्ज कराई गईं।

## तड़प-तड़पकर मरा मेरा बेटा, दोषियों को मिले मौत की सजा

### राजा रघुवंशी के पिता बोले - हनीमून मनाने मेघालय गया बेटा ताबूत में लौटा

इंदौर, एजेंसी

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी के हत्याकांड को लेकर मेघालय पुलिस के खुलासे के बाद उनके पिता ने मंगलवार को मांग की कि उनके नव विवाहित बेटे की जघन्य हत्या के सभी दोषियों को मौत की सजा दी जानी चाहिए।

मेघालय पुलिस के मुताबिक पूर्वोत्तर के इस सूबे में हनीमून मनाने गए ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी (29) की साजिशन हत्या में उनकी पत्नी सोनम (25) शामिल थी जिसने अपने प्रेमी राज कुशवाह (20) की मदद से वहां भाड़े के तीन हत्यारे बुलाए थे। सोनम ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में रविवार देर रात आत्मसमर्पण कर दिया, जबकि कुशवाह समेत चार आरोपियों को मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों से गिरफ्तार किया गया। राजा रघुवंशी की मौत से शोक में डूबे उनके पिता अशोक रघुवंशी ने कहा कि मेरा बेटा तड़प-तड़प कर मरा है। उसकी हत्या के सभी दोषियों को फांसी की सजा मिलनी ही चाहिए ताकि आइंदा किसी माता-पिता को उनका बेटा इस तरह ना खोना पड़े। वह यह कहते हुए भावुक हो जाते हैं कि हनीमून मनाने मेघालय गया उनका बेटा ताबूत में घर लौटा।



पिता अशोक रघुवंशी, पुत्र राजा रघुवंशी एवं सोनम

### बेटे का अंतिम दर्शन भी नहीं कर सके

उन्होंने कहा कि जघन्य तरीके से हत्या के कारण मेरे बेटे का पार्थिव शरीर क्षत-विक्षत था। मैं हृदय का मरीज हूं। इसलिए मेरे स्वास्थ्य की चिंता करते हुए मेरे परिवार के लोगों ने ताबूत खोलकर मुझे अपने बेटे के अंतिम दर्शन करने से रोक दिया। रघुवंशी ने यह दावा भी किया कि राजा की पत्नी सोनम ने अपनी कुंडली का मंगल दोष मिटाने के लिए अपने पति की हत्या कराई ताकि बाद में वह अपने कथित प्रेमी राज कुशवाह से दूसरी शादी कर सके।

### एक और आरोपी को ट्रांजिट रिमांड दिया

**इंदौर।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में शामिल 23 वर्षीय आरोपी आनंद कुर्मी को मंगलवार को जिला अदालत में पेश किया गया जिसने उसे सात दिन के लिए मेघालय पुलिस की ट्रांजिट हिरासत में भेज दिया। इंदौर के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि मेघालय पुलिस ने राजा रघुवंशी हत्याकांड में शामिल आनंद कुर्मी (23) को एक स्थानीय अदालत में पेश किया।

# फोन पर इलाज, बच्ची की तड़पकर मौत

## डॉक्टर फोन पर स्टाफ को दे रहे थे निर्देश, एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बुखार आने पर बच्ची को कल्याणपुर के सिंघल हॉस्पिटल में कराया था भर्ती
- नर्सिंग स्टाफ ने एक के बाद एक चार इंजेक्शन लगा दिए बच्ची को, हंगामा



हॉस्पिटल में मौजूद बच्ची के परिजन बिलख पड़े। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कल्याणपुर स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान एक बच्ची की मौत हो गई। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। साथ ही कल्याणपुर थाने में हॉस्पिटल स्टॉफ व डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोप है कि डॉक्टर मौके पर नहीं थे, फोन पर नर्सिंग स्टाफ को निर्देश दे रहे थे, जिसके बाद स्टाफ ने बच्ची को चार इंजेक्शन लगा दिए। जिससे बाद बच्ची की तड़पकर मौत हो गई। कल्याणपुर इंस्पेक्टर सुधीर कुमार के मुताबिक तहरीर के आधार पर डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। डॉक्टर व स्टाफ से पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कल्याणपुर के मकसूदाबाद निवासी निर्मल कुमार की टिकरा में कपड़े की दुकान है। उनकी पांच वर्षीय बेटी आरवी केजी की छात्रा थी। निर्मल के मुताबिक बेटी को बुखार आने पर चार दिन से कल्याणपुर के सिंघल हॉस्पिटल में डॉ. अनूप अग्रवाल द्वारा इलाज चल रहा था। पांचवें दिन जब बेटी की हालत ठीक नहीं हुई तो डॉ. अनूप ने बेटी को अस्पताल में भर्ती किया। आरोप है कि अस्पताल में भर्ती करने के बाद डॉ.अनूप अपने नर्सिंग स्टाफ को फोन पर इलाज करने का निर्देश दे रहे थे। डॉक्टर के निर्देश पर नर्सिंग स्टाफ ने बेटी को चार इंजेक्शन लगाए।

इंजेक्शन लगने के बाद बच्ची की हालत बिगड़ने लगी और उसे झटके आने लगे। इसी बीच जब डॉ.अनूप आए तो उन्होंने बच्ची को हैलट अस्पताल ले जाने की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ लिया। परिजन आनन-फानन में बच्ची को लेकर पास के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत होने से आक्रोशित परिजन सिंघल हॉस्पिटल पहुंचे, यहां पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस डॉक्टर को हिरासत में लेकर थाने ले गई। परिजनों ने हॉस्पिटल स्टाफ व डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। कल्याणपुर इंस्पेक्टर सुधीर कुमार के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। डॉक्टर व स्टाफ से पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नर्सिंगहोम संचालक समेत तीन डॉक्टरों पर रिपोर्ट

संवाददाता, बिल्हौर



अमन (फाइल फोटो)

- चंद्रा नर्सिंगहोम में इलाज में लापरवाही से युवक की मौत का मामला

**अमृत विचार।** कल्याणपुर के चंद्रा नर्सिंगहोम में गलत इलाज से 24 वर्षीय युवक अमन की मौत पर पुलिस ने नर्सिंगहोम संचालक समेत तीन डॉक्टरों के खिलाफ गलत इलाज करने, परिजनों से मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। नर्सिंगहोम के डॉक्टर व अन्य स्टाफ ने परिजनों से मारपीट की थी। एसीपी ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

कानपुर देहात के रसूलाबाद पलिया बांसखेड़ा निवासी रामदास के बेटे अमन को पेट दर्द की शिकायत पर कल्याणपुर के चंद्रा नर्सिंगहोम में भर्ती कराया गया था। सोमवार को उसकी मौत हो गई। इस पर परिजनों ने गलत इलाज का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। अस्पताल संचालक सहित अन्य डॉक्टरों ने उनसे मारपीट की। कल्याणपुर एसीपी अभिषेक पांडेय ने बताया कि मंगलवार दोपहर अमन के पिता रामदास की तहरीर पर अस्पताल संचालक डॉ. मोहित, डॉ. शिवम, डॉ. मुकेश और अन्य स्टाफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। परिजनों से मारपीट के दौरान जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। इस पर संचालक के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

### नियम विरुद्ध चल रहा था अस्पताल

एसीएमओ डॉ रमित रस्तोगी के अनुसार अस्पताल में सील किए गए आईसीयू का संचालन किया जा रहा था। आईसीयू को दोबारा सील किया गया है। चंद्रा नर्सिंगहोम संचालक को नोटिस देकर 24 घंटे में जवाब मांगा गया है। यदि जवाब संतुष्ट लायक नहीं रहा तो अस्पताल का रजिस्ट्रेशन रद्द किया जाएगा। बिल्हौर और आसपास कई मानक विहीन अस्पतालों के संचालन की सूचना मिली है। जल्द ही जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# ससुरालियों ने पीटा गले में कसा फंदा

**कानपुर।** सास-ससुर व पति ने महिला को बाल पकड़कर खींचा और पीटकर बेदम कर दिया। घर से निकल जाने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई। ग्वालटोली पुलिस ने पति समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

थाना ग्वालटोली के परमट निवासी गुंजन शुक्ला के अनुसार उसकी शादी गोविंद नारायण से हुई थी और उसके एक छह साल की बेटी है। शादी के बाद से ही पति व सास सावित्री, ससुर ओम प्रकाश उसे प्रताड़ित करते रहे हैं। अब उससे मारपीट ज्यादा होने लगी है। बीती 25 मई को वह घर पर सिलाई कर रही थीं, तभी सास-ससुर आए और उससे मारपीट करने लगे। पति गोविंद ने उसे बाल पकड़कर खींचा व पीटने लगे। खींचतान में उसके कपड़े फट गए। तीनों ने मिलकर उस पर जानलेवा हमला किया। गले में फंदा कसकर मार डालने का प्रयास किया। इस बीच उनकी बच्ची रोने लगी तो वह अपनी पीड़ा भूलकर उसे बचाने की कोशिश की। तीनों ने पीटने के बाद उसे घर से निकल जाने को कहा। पीड़िता के अनुसार छह साल की बेटी लेकर अब वह कहां जाएगी। ग्वालटोली पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति, सास व ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



केडीए उपाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

# केडीए हाइट्स, सिग्नेचर सिटी में पानी का संकट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाजपा उत्तर जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने केडीए उपाध्यक्ष से मुलाकात की
- भाजपाई बोले- एक कुर्सी पर कई-कई वर्षों से डटे बाबू, नामांतरण में समय लग रहा

**अमृत विचार।** नामांतरण में लग रहे ज्यादा समय, अवैध निर्माणों और केडीए की योजनाओं में समस्याओं को लेकर मंगलवार को भाजपा का प्रतिनिधि मंडल केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल से मिला। उत्तर के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने जिले के विकास से संबंधित चर्चा की।

जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने केडीए उपाध्यक्ष को विकास में आ रही समस्याओं को लेकर एक पत्र भी सौंपा। अनिल दीक्षित ने कहा कि नामांतरण में ज्यादा समय लग रहा है। इससे जनता कई-बई बार केडीए के चक्कर लगाती है। केडीए हाइट्स और सिग्नेचर सिटी में पानी से संबंधित समस्या को भी केडीए उपाध्यक्ष को अवगत कराया, कहा कि जल्द पानी की समस्या दूर की जाए। उन्होंने कहा कि सील बेसमेंट और इमारतें बिना किसी आदेश के दोबारा खुल गई हैं। नई बिल्डिंग्स निर्माण में उच्च अधिकारी निरीक्षण करें जिससे मानक अनुरूप काम हो। उन्होंने कहा कि केडीए के कई बाबू एक ही पोस्ट पर पिछले कई वर्षों से तैनात हैं। जिससे आम जनता के कार्य सुचारू रूप से नहीं हो पा रहे हैं। आवंटियों को आवंटित प्लॉट देने में निर्धारित समय से जायदा समय लग रहा जिससे जनता को परेशानी हो रही है। प्रतिनिधि मंडल में जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा, महामंत्री संतोष शुक्ला, जितेंद्र विश्वकर्मा, अवधेश सोनकर, युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवांग मिश्रा, मंत्री सत्यम गुप्ता, विपल्व शर्मा राजा, हिमांशु दीक्षित रहे।

# गोविंदनगर के कई क्षेत्रों में गंदा पानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोविंदनगर के करीब एक दर्जन मोहल्लों की एक लाख की आबादी पिछले 25 दिन से पानी की समस्या से जूझ रही है। कुछ घरों में सीवर युक्त पानी की आपूर्ति हो रही है तो कई जगह पानी आ ही नहीं रहा है। उन्होंने क्षेत्रीय पार्षद नवीन पंडित से शिकायत की जिस पर उन्होंने जलकल अधिकारियों को सूचित किया है।

वार्ड- 93, 48, 6, 7 व वार्ड-16 जूही के क्षेत्रों में यह समस्या है। इस वजह से गोविंदनगर के एक से लेकर 10 ब्लॉक, 13 ब्लॉक, बी व डी ब्लॉक, गोविंदनगर कच्ची बस्ती, चरणजीत कॉलोनी, परमपुरवा, निरालानगर, जूही आदि मोहल्लों के कई घरों में गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। कुछ में तो दिनभर पानी नहीं आता। पानी इतना गंदा है कि पीना तो दूर, उसे नहाने या हाथ धोने में भी उपयोग नहीं कर सकते। इस वजह से लोगों को सबमर्सिबल या हैंडपंप से ही पानी लाना पड़ रहा है। जलकल के अधिकारियों से शिकायत भी की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जोन-5 जलकल विभाग एक्सईएन राघवेंद्र ने बताया कि शिकायतें आई थी जिस पर मंगलवार को टीम भेजकर दिखवाया गया। कई जगह सीवर भरा था जिसे साफ करा दिया गया है। सीवर का पानी किसी टूटी पानी की कनेक्शन लाइन में जा रहा था जिस वजह से दिक्कत थी।

### सरायमीता के 20 हजार लोग पी रहे जहरीला पानी

- **कानपुर।** कानपुर दक्षिण के सरायमीता क्षेत्र के लगभग 20,000 लोग जहरीला पानी पीने को मजबूर हैं। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए कानपुर महानगर कांग्रेस ने ये आरोप लगाए। जिलाधिकारी ने तुरंत जल निगम अधिकारी से बात करके समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। मंगलवार को कानपुर महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, अनवीश सलूजा, ज्ञानेंद्र अवस्थी की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात की और कानपुर दक्षिण के सरायमीता क्षेत्र के लोगों के पानी की समस्या दूर करने की मांग की। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि सरायमीता क्षेत्र का भूगर्भ जल केमिकल युक्त जहरीला है और साफ पानी का कोई स्रोत ही नहीं है। कई सालों से पाइप लाइन कागजों में डलती दिख रही है लेकिन जमीनी हकीकत शून्य है। क्षेत्रीय लोग अधिकारियों से कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई सुधार नहीं है। महानगर अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि ये भाजपा के 11 साल की उपलब्धि है जिसमें हजारों लोग जहरीला पानी पीने को मजबूर हैं, इस शिकायत पर जिलाधिकारी ने तत्काल जल निगम के अधिकारियों के बात की और समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर रमणीक चतुर्वेदी, नरेंद्र चंचल, मोनू, हरिराम कटियार, सरायमीता के पीड़ित क्षेत्रीय लोग मौजूद थे।

# पुरुष आयोग बनाने के लिए चलाया हस्ताक्षर अभियान

**कानपुर।** मानवाधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण आर्गनाइजेशन ने मोतीझील में पुरुष आयोग बनाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया। संस्था के नीतेश कुमार व संजय मल्होत्रा ने बताया कि पूरे देश में 18 महीने पहले पुरुष आयोग बनाने की मुहिम शुरू की गई है। इसी कड़ी में भारत वर्ष के 101 से ज्यादा जिलों में पुरुष आयोग बनाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। शहर में मंझावन व मोतीझील में हस्ताक्षर अभियान चला। कैंप में बताया गया कि महिलाओं के साथ-साथ पुरुष आयोग भी होना काफी जरूरी है। इस मौके पर नीतेश कुमार, संजय मल्होत्रा, विनोद वर्मा, गणेश दीक्षित, अविनीश तिवारी, दीपक राम, बृजेश कमल, आशीष द्विवेदी, स्वाती मिश्रा, गिरजा शंकर, राम नारायण, अमर पुरी, अभय जैन आदि लोग मौजूद थे।

# 12 वीं के छात्र ने घर में जहर खाकर दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जूही के छंगामल का हाता का मामला

**अमृत विचार।** जूही में संदिग्ध हालात में इंटर के छात्र ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। घटना के समय छात्र घर पर अकेला था। उसके पिता आटो चलाने गए थे। पुलिस ने मामले की जांच की।

जूही के छंगामल का हाता निवासी अनूप तिवारी का 21 वर्षीय बेटा हर्ष इंटर का छात्र था। पिता अनूप के अनुसार तीन साल पहले पत्नी आरती की मौत हो गई थी। तब से परिवार में दो लोग ही बचे। बेटा और वह खुद। सोमवार को वह आटो चलाने गए थे। इस बीच बेटा घर पर अकेला था। शाम को घर पहुंचे तो देखा बेटा हर्ष अचेत अवस्था में पड़ा था। आनन-फानन में उसे हैलट ले गए, जहां डॉक्टरों ने हर्ष को मृत घोषित कर दिया। पिता ने जहर खाकर जान देने बात बताई। जूही थाना प्रभारी ने भी बताया कि प्रथम दृष्टया जहर खाकर देने की बात सामने आई है।

### बीमारी से ऊबकर वृद्ध ने फांसी लगाई

कानपुर। गुजैनी के वरुण विहार, कच्ची बस्ती निवासी 76 वर्षीय राम औतार ने सोमवार देर रात पंखे के कुंडे से दुपट्टा बांधकर फांसी लगा ली। परिवार में पत्नी शिवदेवी और एकलौता बेटा उदयराज है। बेटे ने बताया कि पिता को काफी समय से यूरिन की बीमारी थी। काफी इलाज के बाद लाभ नहीं मिला तो वह परेशान रहने लगे थे। सोमवार रात खाना खाने के बाद घरवाले सो गए, इसी बीच उन्होंने अपने कमरे में फंदे से लटक गए। सूचना पर पहुंची गुजैनी पुलिस ने जांच-पड़ताल की।

## सार-संक्षेप



रेलवे क्रासिंग पर वाहन सवारों को जागरूक करते रेल अधिकारी। अमृत विचार

### रेल अधिकारियों ने की गांधीगीरी-दुर्घटना से देर भली

**कानपुर।** अंतरराष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग जागरूकता दिवस पर रेलवे अधिकारियों ने गेट बंद होने के बाद भी क्रासिंग पार करने वाले दो पहिया वाहन सवारों से गांधीगीरी की। उन्हें पंपलेट देकर समझाया कि आपका परिवार आपके इंतजार में है, जल्दी में क्रासिंग पार नहीं करें। मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में वरिष्ठ मंडस संरक्षा अधिकारी गिरीश कंचन की अगुवाई में झांसी रेल मार्ग पर भीमसेन तक पड़ने वाली रेलवे क्रासिंगों पर वाहन सवारों से गांधीगीरी की गई। उनके वाहनों पर जागरुकता वाले पंपलेट भी लगाए। अभियान में अनिल कुमार मिश्रा, एस के अग्रवाल, नीलू कुमार, एस के गुप्ता, के के द्विवेदी, एस एस यादव, रविकांत तथा नुक्कड़ टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### चोर गिरफ्तार, आटो-बैट्री बरामद

**कानपुर।** चकेरी पुलिस ने चोर को गिरफ्तार करके चोरी के आटो और तीन बैट्री बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि सोमवार रात चौकी इंचार्ज कोयलानगर गणेशपुर चौराहा के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी सूचना मिली कि आटो में एक व्यक्ति चोरी की बैट्री बेचने के लिए किसी का इंतजार कर रहा है। इस पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बाबूपुरवा के ईदगाह मैदान निवासी साहिल खान बताया। आरोपी के पास चोरी की तीन बैट्री व आटो बरामद हुआ है।

# संदिग्ध हालात में लोडर चालक की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** संदिग्ध हालात में हैलट में लोडर चालक की मौत हो गई। परिजनों को हादसे में घायल होने की जानकारी दी गई, लेकिन घरवालों का कहना है कि 10 दिन पहले हादसा हुआ और घरवालों को बिना बताए कल्याणपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। न लोडर मलिक उसे भर्ती कराने के बाद देखने गया और न ही परिजनों को सूचना दी। नौबस्ता के गोपालनगर निवासी 43 वर्षीय सौरभ सैनी लोडर चालक थे। भाई संदीप ने बताया कि बीते माह सौरभ लोडर मालिक के साथ कहीं गया था। वह एक मई को उनके साथ ही लौटा। इसके बाद उसे कल्याणपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां इलाज से सुधार न होने पर उसे हैलट रेफर कर दिया गया। हैलट में इलाज के दौरान उसकी सोमवार रात मौत हो गई। संदीप का आरोप है कि भाई की मौत के बाद उसे हादसे की सूचना दी गई है। जब उसने पता किया तो जानकारी हुई कि लोडर मालिक ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया था। भर्ती कराने के बाद वह खुद उसे देखने नहीं गया और न ही परिजनों को सूचना दी गई। जबकि सौरभ की जेब में उसका आधार कार्ड पड़ा था।

# जल निगम के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




जल निगम मुख्यालय में प्रदर्शन करते कर्मचारी। अमृत विचार

- महंगाई भत्ता बढ़ाने व एरियर भुगतान समेत कई मुद्दे उठाए

**अमृत विचार।** सात सूत्रीय मांगों को लेकर यूपी जल निगम संघर्ष समिति के सदस्यों ने जल निगम मुख्यालय में प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कहा कि जल निगम नगरीय व ग्राम में समान रूप से शासन की ओर से जारी महंगाई भत्ता 253 प्रतिशत किया जाए। कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

जल निगम मुख्यालय में प्रदर्शन करते हुए जनपद संयोजक प्रताप साहनी ने कहा कि एक जनवरी 2006 से 11 मार्च 2010 के एरियर का भुगतान कई कर्मचारियों का नहीं किया गया है। कई कर्मियों को बिना अभिलेख के किस्तों में भुगतान किया गया, जिससे वरिष्ठ को कम और कनिष्ठों को दोगुना से अधिक का अंतर है। यूपी इंजीनियर एसोसिएशन के सचिव अतहर कादरी ने कहा कि जल निगम नगरीय में एचआरए का भुगतान इसलिए नहीं किया जा रहा कि उन्हें जानकारी नहीं थी की कर्मी किस जनपद में तैनात था और उसे विभाग आवास आवंटित था या नहीं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद कार्यरत कर्मियों के जीपीएफ का भुगतान खाते में जमा नहीं किया जा रहा है। डिवीजन इंजीनियर संगठन के अध्यक्ष इंजीनियर विनय कुमार यादव ने कहा कि पावर कारपोरेशन की तरह जल निगम नगरीय व ग्रामीण के कर्मियों के वेतन और पेंशन का भुगतान कोषागार में किया जाए। सातवें वेतनमान संबंधी शासनादेशों को समान रूप से लागू किया जाए। अघोषित रूप से बंद की गई अनुकंपा नियुक्ति की व्यवस्था को बहाल करते हुए लंबित प्रकरणों का निस्तारण हो।

समारोह — संघ पूवी क्षेत्र के कार्यकर्ता विकास वर्ग के समापन समारोह में पहुंचे जे नंद कुमार

# जल जीवन है, यह बात घर-घर तक पहुंचाएं स्वयंसेवक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




समापन समारोह को संबोधित करते जे नंद कुमार। अमृत विचार

- आपरेशन सिंदूर का संदेश अमेरिका, चीन को भी, संघ की विचारधारा समाज की हो

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पूवी क्षेत्र के कार्यकर्ता विकास वर्ग के समापन समारोह में पहुंचे प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक जे नंद कुमार ने कहा कि जल ही जीवन है, इस बात के लिए समाज को जागरूक करने की जरूरत है। संघ शताब्दी वर्ष में चल रहा है। स्वयं सेवक संघ से अछूते लोगों तक पहुंच उन्हें राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करें, यहीं शताब्दी वर्ष का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता निर्माण के बिना देश परम वैभव तक नहीं पहुंचेगा।

राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के पूर्वी यूपी क्षेत्र का कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम (सामान्य) का समापन कार्यक्रम मंगलवार को दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय, आजादनगर में हुआ। इस मौके पर मंच पर मुख्य अतिथि पद्मश्री उमा शंकर पांडे, मुख्य वक्ता प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक जे. नंद कुमार के साथ ही कानपुर विभाग के विभाग संघचालक डॉ. श्याम बाबू और वर्ग के सर्वाधिकारी भुवनेश्वर वर्मा रहे। जे नंद कुमार ने कहा कि आपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए जे नंद कुमार ने कहा कि पाकिस्तान को मुंह तोड़ तो जवाब मिला पर उससे अधिक गर्व की बात है कि इसका संदेश अमेरिका और चीन को भी मिला। यह उनके लिए सबक है कि इन दोनों देशों के हथियार पाकिस्तान के पास थे। उन्होंने बताया कि संघ की स्थापना समाज के सामने आदर्श प्रस्तुत करने के लिए हुई थी। संघ की शाखा में हर दिन राष्ट्र का चिंतन होता है। स्वयंसेवक ऋषि, मुनियों की तपस्या और त्याग को सामने रखकर कार्य करते हैं।

अभी भी बहुत से क्षेत्रों तक पहुंचना शेष है। यहां अखिल भारतीय सह गौसेवा प्रमुख नवल, क्षेत्र प्रचारक अनिल, प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ. अनुपम, क्षेत्र कार्यवाह वीरेंद्र जायसवाल, सह क्षेत्र कार्यवाह अनिल श्रीवास्तव, क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष, क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख मिथिलेश कुमार, क्षेत्र शारीरिक प्रमुख अखिलेश, क्षेत्र सेवा प्रमुख युद्धवीर, प्रांत प्रचारक श्रीराम, प्रांत संघचालक भवानी तिवारी, सह प्रांत प्रचारक, मुनीष रहे।

### पेड़ लगाने से क्यों परहेज

पद्मश्री उमा शंकर पांडेय ने कहा कि जल है, तो कल है। देश के पास एक फीसदी मीठा जल है। कुंतलों लकड़ी का प्रयोग करते हैं, लेकिन पेड़ लगाने से परहेज है। कुसी सुदर्शन और नाना जी देशमुख से प्रेरित होकर मैंने जल पर काम किया। भारत रत्न अटल वाजपेयी ने कहा था कि तीसरा विश्व युद्ध जल के लिए होगा।

# सड़क पार कर रहे बालक की हादसे में मौत

**कानपुर।** जाजमऊ में सड़क पार कर रहे कक्षा दो के छात्र को वाहन ने टक्कर मार दी। हैलट में उसकी मौत हो गई।

जाजमऊ के गंगापुल निवासी स्व. कमलेश का 11 वर्षीय इकलौता बेटा अनुज कक्षा दो का छात्र था। परिवार में मां किरन व तीन बहने रानी, अनुष्का और रागिनी हैं। परिजनों के अनुसार सोमवार दोपहर अनुज पैदल सड़क पार कर रहा था, तभी किसी तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हैलट में देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इकलौते बेटे की मौत पर मां बेसुध हो गई। थाना प्रभारी जाजमऊ अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि वाहन के बारे में पता किया जा रहा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरा 20 वर्षीय पुत्र संजय कुमार मेरे कहने – सुनने में नहीं है। गलत लोगों के साथ उठता बैठता है, अपने मन की ही करता है। जबकि दो बेटे सूरज पटेल, सोनू पटेल सही हैं। संजय गलत लोगों की संगत में रहकर हर प्रकार के नशे व कुसंगत में रहता है। अकारण हम सपरिवार उसके उक्त कृत्यों से आजिज आ कर अपनी समस्त चल व अचल सपत्ति से बेदखल करते हैं। मेरी संपत्ति पर केवल सूरज पटेल व सोनू पटेल का ही हक माना जाए। संजय पटेल का कोई हक नहीं होगा। उसके द्वारा किये गये लेनदेन व किसी भी प्रकार के क्रिया कलाप के प्रति हम व हमारे परिजन उत्तरदायी नहीं होंगे। **जीतलाल व देवकली पत्नी जीतलाल निवासी – पनाह नगर, रहवई, थाना – कुंडा, जिला – प्रतापगढ़।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **प्रियव्रत चतुर्वेदी सुत शैलेन्द्रनाथ चतुर्वेदी निवासी ग्राम छपका पावर हाउस रावर्ट्सगंज सोनभद्र उ0प्र0।** मेरा पुत्र का नाम अव्यान चतुर्वेदी है जोकि सत्य व सही है, तथा उसके आधार कार्ड में भी अंकित है, किन्तु पुत्र के स्कूल में अव्यान लिखा गया है अतः पुत्र के स्कूल में नाम संशोधित करते हुए अव्यान चतुर्वेदी अंकित किया जाय।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ध्रुव यादव पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव एवं धैर्य यादव पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव का नाम परिवर्तित कर ध्रुव कृष्ण पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव एवं धैर्य कृष्ण पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव कर दिया गया है। ध्रुव कृष्ण पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव एवं धैर्य कृष्ण पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव नाम से ही भविष्य में कार्यवाही की जाये। Ganesh Chandra Yadav A3/302, Eldeco Elegance Vibhuti Khand, Gomti nagar Lucknow 226010

**सूचना**

अवगत कराना है कि पासपोर्ट पर मेरा नाम मो. उमर अंकित है जबकि आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम मो. उमर खान व पिता का नाम मो.सिद्दीक खान अंकित है जो सही है अतः अब मुझे मो. उमर खान के नाम से जाना जाए। **मो. उमर खान पुत्र मो.सिद्दीक खान नि. ग्राम.रस्तामऊ थाना मोहनगंज तिलोई अमेठी**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं AISHAN KHATOON W/O MUNEER निवासी H.NO-2 ग्राम पोस्ट चीर्रा बाराबंकी की रहने वाली हूं। अब मैं अपना नाम बदल के AYISA KHATOON रख लिया है। अब मैं भविष्य में अपने बदले हुए नाम से जानी वह पहचानी जाऊं।

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
● आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
● डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
● पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
● नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढ़ी नाक, टॉन्सिल्स)
● हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

### आज का मौसम

आगामी दिनों में धूप और गर्मी बढ़ेगी, फिलहाल पांच दिन तक बूंदाबांदी के आसार नहीं हैं

| 43.0° अधिकतम तापमान | 33.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05:15 | सूर्यास्त 07:01 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

### एक नजर

#### किसान कांग्रेस मध्य जोन में आनंद अध्यक्ष

**कानपुर।** कानपुर नगर-ग्रामीण कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनन्द प्रकाश वर्मा भैया जी को उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस (मध्य जोन) का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है जिसमें लगभग 22 जिले होंगे। आनन्द प्रकाश वर्मा ने 1993 से यूथ कांग्रेस शिवराजपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से राजनीतिक सफर शुरू किया था। उनके पिता ओम प्रकाश वर्मा शिवराजपुर नगर पंचायत के चेयरमैन रहे हैं। उनके मनोनयन पर महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संदीप शुक्ला, कनिष्क पांडेय, अमित पांडेय, विकास अवस्थी, प्रतिभा अटल पाल, मदन गोपाल राखरा आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।


आनंद प्रकाश वर्मा भैया जी।

#### मनीराम बगिया व सिविल लाइंस में अवैध निर्माण सील

**कानपुर।** केडीए ने मंगलवार को कोतवाली व फीलखाना इलाकों में अवैध तरीके से बनाए जा रहे भवनों को सील कर दिया। यह कार्रवाई जोन-1 के विशेष कार्याधिकारी सत् शुक्ला के नेतृत्व में किया गया। मनीराम बगिया निवासी सुमित कुमार बाजपेई कानपुर विकास प्राधिकरण से बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध निर्माण कार्य करा रहे थे। इसी तरह, सिविल लाइंस के दूध बंगला निवासी अनवर उलहक व फिरदौस जहां भी अवैध निर्माण कार्य करा रहे थे। टीम ने मंगलवार को दोनों जगह पहुंचकर सीलिंग की कार्रवाई की।

#### झांसी रेलवे ट्रैक पर मिला रेलकर्मी का शव

**कानपुर।** गोविंदनगर के दबौली वेस्ट में मंगलवार सुबह झांसी रेलवे ट्रैक के किनारे युवक का शव मिला। पुलिस ने शव के पास मिले मोबाइल की लॉस्ट डायल नंबर पर फोन किया तो उसकी पत्नी ने उठाया। पत्नी ने पुलिस को बताया कि यह नंबर बिहार अलवल के अमरा गांव निवासी 30 वर्षीय उनके पति रवींद्र कुमार तिवारी का है। वह जम्मू के कटरा रेलवे स्टेशन पर चतुर्थ श्रेणी कर्मी हैं। वह गांव से कटरा जाने के लिए घर से निकले थे। पुलिस ने उन्हें दबौली वेस्ट में लाइन के किनारे शव मिलने की जानकारी दी। रवींद्र के छोटे भाई कविंद्र ने बताया कि चार जून को भाई छुट्टी लेकर गांव आए थे। सोमवार को कटरा जाने के लिए निकले थे।

#### जश्ने ईदे गदीर 15 जून को

**कानपुर।** मौला अली को खलीफा घोषित होने की खुशी में 15 जून को जश्ने ईद गदीर मनाया जाएगा। मंगलवार को ऑल इंडिया शिया युवा यूनिट की बैठक में ये फैसला लिया गया। यूनिट के चेयरमैन शहाब रिजवी ने बताया कि इस मौके पर शर्बत वितरण और पौधरोपण भी होगा।

### भीषण गर्मी में लोगों को 10-12 घंटे तक बिना बिजली के रहना पड़ रहा, बढ़ रहा आक्रोश

# रात-दिन रुला रही बिजली गर्मी में उबले लाखों लोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में लाखों लोगों को रात-दिन सात से आठ घंटे या इससे भी अधिक समय तक बिजली के लिए तरसना पड़ रहा है। केस्को की अव्यवस्था की वजह से लोग ऊर्जा मंत्री व सरकार को कोस रहे हैं। बावजूद इसके केस्को की अव्यवस्था सुधर नहीं हो पा रही है। लोग परेशान हो रहे हैं। साउथ के कई मोहल्लों में सोमवार रात 10 बजे से मंगलवार रात तक बिजली 5-5 मिनट में आती-जाती रही। इससे इन्वर्टर धड़ाम हो गए और पानी का संकट खड़ा हो गया। रात में सबस्टेशनों पर लोग पहुंचे लेकिन समस्या नहीं सुलझी। पूरी रात सो न पाने के कारण दिन में लोग ठीक से काम नहीं कर पाए।

हैरिसगंज, फेथफुलगंज, रेलबाजार, मीरपुर, जाजमऊ, केडीए कॉलोनी, पोखरपुर समेत आसपास के क्षेत्रों में बिजली पूरी रात गुल रही, जिसकी वजह से लोग बिलबिला गए। घंटों तक बिजली नहीं आने से आक्रोशित लोगों का सब्र का टूटा तो वह एकत्र होकर हैरिसगंज सबस्टेशन पहुंच गए, जहां पर लोगों ने पूरी रात बिजली की मांग करते हुए हंगामा किया। बीच बीच में बिजली आई भी तो हाई वोल्टेज की वजह से एक-दो घरों के बिजली के उपकरण फुंक गए। इसके अलावा कल्याणपुर के गूबा गार्डन व पटेल नगर में बिजली मंगलवार को 12 घंटे तक गुल रही। साउथ सिटी के दबौली, गुजैनी, रतनलालनगर, बर्रा, विश्वबैंक में सोमवार रात 11 बजे से ही बिजली 5-5 मिनट में आती जाती रही। पूरी रात लोग सो नहीं पाए। रविंद्र नगर, यशोदा नगर, जाजमऊ, छबिलेपुरवा, रामादेवी पटेल नगर, शिवपुरी, हरजेंद्र नगर, परमियापुरवा, मैनवती मार्ग, आवास विकास कल्यानपुर, किदवई नगर, बर्रा चार, चमनगंज, गंगागंज कॉलोनी, बारासिरोही, आजाद नगर, श्याम नगर समेत दो दर्जन से अधिक क्षेत्रों में भी बिजली का दिन व शाम के समय का संकट रहा।


न्यू शिवली रोड पर तार पर गिरा पेड़। अमृत विचार

- साउथ सिटी में 5-5 मिनट में आती-जाती रही बिजली, सो नहीं पाए लोग
- इन्वर्टर धड़ाम, पानी का संकट भी खड़ा हो गया सबस्टेशनों पर हंगामा

#### 23 घंटे 22 मिनट तक औसत विद्युत आपूर्ति का दावा

- केस्को का दावा है कि सोमवार को 23 घंटे 22 मिनट तक औसत विद्युत आपूर्ति की, जबकि सोमवार को तो देवनगर, रायपुरवा, लक्ष्मी पुरवा, आचार्य नगर में बिजली 30 घंटे से अधिक समय तक नहीं थी, बावजूद इसके केस्को अफसर सब चाक चौबंद दिखाने में जुटे हुए हैं।

#### ये दावा नहीं उतर रहा गले

- केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा के मुताबिक महाबलीपुरम उपकेन्द्र के शोभन मकराना फीडर की बिजली 250 केवीए का नया वितरण ट्रांसफार्मर स्थापित करने की वजह से दोपहर 12 बजे से दो बजे तक आपूर्ति बाधित थी। छबीलेपुरवा उपकेन्द्र के 150 फीट रोड व तेल मिल पोषक की बिजली पुरानी 11 केवी एचटी लाइन उतारने, नई लाइन डालने व भूमिगत केबिल को चार्ज करने की वजह से सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक बिजली नहीं थी। चमनगंज उपकेन्द्र के कूड़ाघर व हुंमायू बाग फीडर की बिजली इनकमर नं-2 में फॉल्ट होने के कारण सिर्फ साढ़े नौ बजे से साढ़े 11 बजे तक नहीं थी। पॉलीमर उपकेन्द्र के हुण्डई पोषक व लोहिया स्टार लिंगर की बिजली भूमिगत केबिल फॉल्ट की वजह से दोपहर साढ़े तीन बजे से शाम छह बजे तक नहीं थी। जबकि पोखरपुर की बिजली कृष्णा नगर के स्थान पर 220 केवी पारेषण उपकेन्द्र कानपुर साउथ से जोड़ने के लिए दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक नहीं थी। हालांकि हकीकत इसके काफी परे है। लाखों लोग परेशान हैं।

# घनी आबादी में मचा हाहाकार 20 रुपये बाल्टी पानी खरीदा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बीते कई दिनों से घनी आबादी चमनगंज, बेकनगंज समेत दर्जनों मोहल्लों में बिजली संकट से लाखों लोग परेशान हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत बहुमंजिली इमारतों में रहने वालों को है, जहां लोग एक-एक बाल्टी पानी को तरस रहे हैं। तमाम लोग 20-30 रुपये में एक बाल्टी पानी खरीद रहे हैं।

चमनगंज के सईदाबाद, शफियाबाद, मौला दूध का चौराहा, मुद्दी पान का चौराहा, रशीद बनिया का चौराहा, नाला रोड, कंघी मोहाल, कर्नलगंज, बजरिया, मीना मन शिवाला, मुन्ना पुरवा समेत दर्जनों ऐसे क्षेत्र हैं, जहां बिजली की आंखमिचौनी जारी है जिससे लाखों लोग परेशान हैं। कंघी मोहाल जैसे घनी आबादी में एक एक कमरे में 10-10 लोग रहते हैं, वहां बहुत बुरा हाल है। कभी वोल्टेज कम आता है तो कभी तेज। बिजली की आंखमिचौनी से बिजली उपकरण भी खराब हो रहे हैं। इन्वर्टर भी चार्ज नहीं हो पा रहे हैं। छोटे छोटे बच्चे बीमार पड़ रहे हैं।

#### बोले लोग


घंटों तक बिजली गुल रहने की वजह से भीषण गर्मी में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। केस्को के टोल फ्री नंबर और सोशल मीडिया में शिकायत करने के बाद भी समस्या हल नहीं हो रही है। -शिरिन एहसान, रेलबाजार


कल्यानपुर क्षेत्र में आए दिन लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है, जिसकी वजह से हजारों लोग परेशान है। घंटों तक बिजली गुल रहने लोगों का कारोबार भी चौपट हो रहा है। - सौरभ शुक्ला, कल्यानपुर


भीषण गर्मी में बिजली का संकट इस कदर है कि सोमवार की पूरी रात बिजली नहीं रही। मंगलवार को भी दिनभर बिजली का सितम बरकरार रहा। केस्को अधिकारी सिर्फ आश्वासन ही देते रहे, बिजली नहीं। -कल्लू, कैंट


बिजली जाने पर केस्को के एक्स अकाउंट पर शिकायत की जाती है, शिकायत करने पर जवाब तो आता है, लेकिन उनके द्वारा दिए गए समय पर बिजली बिल्कुल भी नहीं आ पाती है। -सिद्धार्थ वर्मा, लालबंगला

# घूस लेते दबोचा गया दरोगा निलंबित, जेल

**कानपुर।** मुकदमे से नाम हटाने के बदले 20 हजार घूस लेते दबोचा गया दरोगा अभिनव चौधरी को पुलिस ने मंगलवार जेल भेज दिया है। आरोपी दरोगा के खिलाफ कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। उसे निलंबित कर दिया गया है।



फतेहपुर के बिंदकी डिघरुआ बाबूपुर निवासी प्रत्युष कुमार सहित चार लोगों के खिलाफ बीती चार जनवरी को देवनगर के रहने वाले होजरी कारोबारी त्रिपुरेश मिश्रा ने जालसाजी, रंगदारी मांगने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुकदमे की विवेचना दरोगा अभिनव चौधरी के हाथ आई। अभिनव चौधरी ने प्रत्युष कुमार से मुकदमे से नाम हटाने के बदले 20 हजार रुपये की मांग की। प्रत्युष ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की। जिसके बाद टीम के कहने पर प्रत्युष ने दरोगा से संपर्क किया। सोमवार शाम अभिनव ने प्रत्युष को रुपये लेकर मिलने के लिए नौबस्ता स्थित श्रीराम चौक बुलाया। वहां पहले से सिविल यूनिफॉर्म में खड़े एंटी करप्शन टीम ने रुपये देते ही दरोगा को दबोच लिया। दरोगा को लेकर टीम कैंट थाने गई। डीसीपी दीपेंद्र नाथ ने बताया कि दरोगा को जेल भेज दिया गया है।


# भौंती गांव क्रॉसिंग पर बनेगा दो लेन का ओवरब्रिज

**एक्सक्लूसिव**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दिल्ली- हावड़ा रूट पर भौंती गांव के पास स्थित रेलवे क्रॉसिंग नंबर 83 पर दो लेन ओवरब्रिज बनेगा। इसके निर्माण में करीब 68 करोड़ रुपये खर्च होंगे। निर्माण का कार्य जल्द ही शुरू करने की तैयारी है। यह प्रोजेक्ट रेलवे के गति शक्ति योजना के तहत पूरा किया जाएगा। इस ओवरब्रिज के बन जाने से कानपुर- इटावा और कानपुर- झांसी हाईवे आसानी से जीटी रोड पर मंधना के पास आवागमन में आसानी हो जाएगी। मंधना से पचोर, शादीपुर होते हुए सड़क इसी लिए चौड़ी की जा रही है ताकि आवागमन आसान हो।

रेलवे की गति शक्ति योजना के तहत चकेरी क्रॉसिंग पर फोर लेन और भौंती गांव क्रॉसिंग पर दो लेन पुल का निर्माण स्वीकृत हुआ है। दिल्ली हावड़ा रूट पर होने की वजह से इन क्रॉसिंगों के फाटक 24 घंटे में ढाई सौ बार बंद होते हैं। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। भौंती, सचेंडी, झांसी, इटावा, कानपुर देहात की तरफ से आने वाले लोग जिन्हें मंधना की तरफ जाना होता है वे भौंती क्रासिंग से होकर भौंती खेड़ा, सुरार,पिपरा,झकरा,टिकरा, नौरंगाबाद, कुरसौली, पेम, मंधना मार्ग या फिर धूल, लोहारखेड़ा, नेवारी, गंभीरपुर, बनी, इटरा, गोपालपुर, पचोर, शादीपुर, कुकरादेव होते हुए मंधना आते हैं। लेकिन बार- बार फाटक बंद होने से लोगों को ज्यादा दिक्कत आती है। इस समस्या के समाधान के लिए विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने रेल मंत्री से मुलाकात की थी और ओवरब्रिज मंजूर करने का आग्रह किया था। उनके आग्रह के बाद बजट में इस प्रोजेक्ट को रखा गया। पहले सेतु निर्माण निगम को इस प्रोजेक्ट पर काम करना था पर बाद में तय हुआ कि रेलवे की गति शक्ति योजना के तहत इस पर काम होगा। रेलवे का सेतु अभियंत्रण विभाग ही इसे करेगा। अब रेलवे की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। उम्मीद है कि अगले माह निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके बन जाने से बिठूर ,मंधना, पेम, पचोर, चौबेपुर आदि क्षेत्रों के किसान भी आसानी से चकरपुर मंडी तक अपने फल, सब्जियां आदि लाकर बेच सकेंगे।



- रेलवे की गति शक्ति योजना के तहत होगा निर्माण
- रेलवे की सेतु अभियंत्रण इकाई ने शुरू की कवायद

**83** नंबर क्रॉसिंग पर बनाया जाएगा ओवरब्रिज

**68** करोड़ रुपये खर्च होंगे इसके निर्माण पर

> ओवरब्रिज निर्माण के लिए आग्रह रेल मंत्री से किया था। उन्होंने स्वीकृति दी है। अब जल्द ही काम शुरू होगा और क्षेत्र की जनता को इससे बड़ा लाभ मिलेगा।
> -अभिजीत सिंह सांगा, विधायक



पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने नए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अमृत विचार

# पुलिस को 23 नए चार पहिया वाहन मिले

**कानपुर।** पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने उत्तर प्रदेश 112 आपातकालीन सेवा के तहत 23 नए चार पहिया वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन वाहनों को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आपातकालीन सेवाएं प्रदान करने के लिए तैनात किया जाएगा, जिससे पुलिस की प्रतिक्रिया, क्षमता और सेवा गुणवत्ता में सुधार होगा। पुलिस आयुक्त ने इस पहल को पुलिस विभाग की सेवा गुणवत्ता और नागरिकों की सुरक्षा में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इन नए वाहनों के माध्यम से आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाएगी, जिससे नागरिकों को बेहतर सुरक्षा और सहायता मिल सकेगी। इस अवसर पर संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) आशुतोष कुमार, संयुक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय एवं अपराध) उपस्थित रहे।

**स्मार्ट सिटी** लखनऊ की तर्ज पर रात 10 .30 बजे तक चल सकती है मेट्रो, आधा घंटा टाइम बढ़ाने पर मंथन

# 11 दिन में 3 लाख से अधिक कनपुरियों ने की मेट्रो की सवारी

अभिषेक वर्मा, कानपुर

**अमृत विचार।** मोतीझील के आगे यात्री सेवा विस्तार के बाद मेट्रो की राइडरशिप लगातार बढ़ रही है। पिछले 11 दिनों में 3 लाख से अधिक यात्रियों ने मेट्रो की सवारी की है। बीते रविवार को यात्रियों की संख्या सर्वाधिक 34 हजार दर्ज की गई। वीकेंड के अलावा आम दिनों में भी 25 हजार लोग एवरेज मेट्रो की सवारी कर रहे हैं। लगातार यात्रियों की संख्या के विस्तार होने से जहां मेट्रो अधिकारी गदगद हैं तो वहीं अब रात में लखनऊ की तर्ज पर ही 10.30 बजे तक मेट्रो चलाने पर मंथन शुरू हो गया है। टाइम बढ़ने के बाद 30 मिनट और ट्रेन का संचालन होने लगेगा।

आईआईटी से कानपुर सेंट्रल तक अभी 14 मेट्रो स्टेशनों के बीच 7 मेट्रो दिनभर में 123 राउंड दौड़ रही हैं। यूपीएमआरसी के अधिकारियों के अनुसार मोतीझील के आगे अंडरग्राउंड सेक्शन शुरू होने के बाद मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। चुन्नीगंज को छोड़ दिया जाए तो नवीन मार्केट परेड, बड़ा चौराहा, नयागंज और सेंट्रल स्टेशन के बीच यात्रियों की आवाजाही ज्यादा है। अधिकारियों के अनुसार यात्री सेवा के विस्तार के बाद नवीन मार्केट, जेड स्क्वायर मॉल, ग्रीनपार्क, बाबा आनन्देश्वर मंदिर परेड, पुस्तक बाजार एवं सोमदत्त प्लाजा के साथ ही नानाराव पार्क व अन्य घूमने वाले स्थलों की वजह से मेट्रो का उपयोग कर रहे हैं।

माल रोड व आस-पास घूमने के लिये काफी संख्या में लोग निकलते हैं इसलिये शाम होते ही मेट्रो स्टेशनों में भीड़ बढ़ रही है।


मेट्रो स्टेशनों पर खूब चहल-पहल है। अमृत विचार

**123** राउंड शहर में दिनभर में दौड़ रही मेट्रो

**14** स्टेशनों में 7 मेट्रो ट्रेनों का किया जा रहा संचालन

**25** हजार लोग आम दिनों में कर रहे सफर

**04** अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशनों में ज्यादा भीड़ देखने को मिल रही है

#### ऐसे रही मेट्रो में भीड़

| | |
|---|---|
| 31 मई | 25 हजार |
| 1 जून | 33 हजार |
| 2 जून से 7 जून | 25 हजार (प्रतिदिन औसतन) |
| 8 जून | 34 हजार |
| 9 जून | 32 हजार |
| 10 जून | 30 हजार |

> वीकेंड में यात्रियों की संख्या 34 हजार पहुंच गई है। अंडरग्राउंड सेक्शन के शुरू होने से लगातार यात्रियों की संख्या बढ़ रही है। शाम को घूमने वाले व स्टेशन से अपने गंतव्य तक जाने वाले यात्री मेट्रो में यात्रा करना पसंद कर रहे हैं।
> - पंचानन मिश्रा, उप महाप्रबंधक (जनसंपर्क विभाग), यूपीएमआरसी


मेट्रो में सफर करते शहरी।

#### कुल 32.4 किमी. में मेट्रो का निर्माण कार्य

कानपुर में दो कॉरिडोर में कुल 32 .4 किमी . में मेट्रो का निर्माण कार्य हो रहा है। पहले कॉरिडोर में आईआईटी से नौबस्ता तक 23 .8 किमी . में कार्य हो रहा है। इस रूट पर कुल 21 स्टेशन हैं। 14 में ट्रेन दौड़ रही है। अगले वर्ष की शुरुआत तक 7 नये स्टेशनों पर भी ट्रेन दौड़ाने का लक्ष्य है। इसमें आईआईटी से सेंट्रल स्टेशन तक ट्रेन दौड़ने लगी है। वहीं दूसरे कॉरिडोर में सीएसए यूनिवर्सिटी से बर्रा 8 तक 8 .6 किमी . में मेट्रो का कार्य चल रहा है। इस कॉरिडोर में 8 मेट्रो स्टेशन होंगे। जिसका कार्य भी तेजी से चल रहा है।

# स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, तैयार हुए हीट स्ट्रोक वार्ड

## हैलट, उर्सला, केपीएम व कांशीराम अस्पताल में बनाए गए हीट स्ट्रोक वार्ड, भीषण गर्मी को देखते हुए अस्पतालों में इंतजाम दुरुस्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। अस्पतालों में हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए अलग से एसी वार्ड तैयार कर लिए गए हैं। पर्याप्त आइस पैक का भी इंतजाम कर लिया गया है।

तापमान में वृद्धि होने पर अस्पतालों में हीट स्ट्रोक व डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है, ऐसे मरीजों को आराम तब जल्द मिलता है, जब वह थोड़ी ठंडी जगह रहते है और शरीर में पर्याप्त मात्रा में ग्लूकोस व पानी रहता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हैलट, उर्सला, केपीएम व कांशीराम अस्पताल में हीट स्ट्रोक वार्ड तैयार किए गए हैं। जहां सिर्फ हीट स्ट्रोक के मरीज ही भर्ती किए जाएंगे। हैलट में 20 बेड, उर्सला में 10 बेड, केपीएम में 10 बेड और कांशीराम अस्पताल में 10 बेड का हीट स्ट्रोक वार्ड तैयार कर लिया गया है। सभी अस्पतालों में इस प्रकार के आने वाले मरीजों का डाटा अलग से तैयार किया जाएगा। हीट स्ट्रोक से होनी वाली मौत का भी डाटा अस्पताल को रखना होगा। सीएमओ डॉ.हरीदत्त नेमी ने बताया कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षकों को अस्पताल में पांच बेड का हीट स्ट्रोक वार्ड बनाने के निर्देश दिए जा चुके हैं। जिला अस्पताल उर्सला, महिला जिला अस्पताल डफरिन कांशीराम अस्पताल हैलट अस्पताल में वार्ड तैयार हो गए हैं।


हैलट अस्पताल में तैयार किया गया हीट स्ट्रोक वार्ड। अमृत विचार


हीट स्ट्रोक मरीजों के लिए उपलब्ध आइस पैक दिखातीं नर्स सुनीता।

### ओआरएस हों पर्याप्त व दुरुस्त रहें जनरेटर

- सीएमओ ने बताया कि वार्ड में कूलर भी लगाए गए हैं। बिजली सप्लाई बेहतर रखने के निर्देश दिए गए है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली संबंधित समस्या हो जाती है, ऐसे में वहां पर जनरेटर की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाएगी। सभी अधीक्षकों को ओआरएस का पर्याप्त स्टॉक रखने का आदेश दिया गया है। हीट स्ट्रोक ग्रस्त कोई मरीज आता है तो उसकी सूची बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

**20** बेड हैलट अस्पताल में सुरक्षित रखे गए

**10** 10 बेड केपीएम और कांशीराम में भी

**10** बेड का हीट स्ट्रोक वार्ड उर्सला में बना

**41** डिग्री से ज्यादा चल रहा है शहर का तापमान

### हीट स्ट्रोक के लक्षण

- शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक होना
- त्वचा का गर्म और शुष्क होना
- भ्रम, उत्तेजना या बेहोशी आना
- दिल की धड़कन तेज होना
- सांसों का अचानक तेज होना या उखड़ना।
- सिरदर्द, चक्कर आना और उल्टी।
- दौरा पड़ना या शरीर का समन्वय खराब होना।

### हीट स्ट्रोक से बचाव

- तेज धूप से बचें, खासकर दोपहर के समय।
- खूब पानी पिएं, खासकर जब आप बाहर हों या व्यायाम कर रहे हों।
- ढीले-ढाले, हल्के कपड़े पहनें।
- घर के अंदर ठंडी जगह पर रहें।
- फैन या एयर कंडीशनर का उपयोग करें।
- शरीर को ठंडा रखने के लिए ठंडे पानी से नहाएं।
- तेज व्यायाम से बचें, खासकर इस गर्म मौसम में।
- बच्चों या जानवरों को कार में अकेला न छोड़ें।


दिल्ली में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से बातचीत करते सांसद रमेश अवस्थी।

# रक्षामंत्री से मिले सांसद कैंट के विकास की मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नई दिल्ली में हुई भेंट में शहर के विकास पर हुई चर्चा

**अमृत विचार।** सांसद रमेश अवस्थी ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से दिल्ली में मुलाकात कर शहर के विकास कार्यों पर चर्चा की। सांसद ने रक्षामंत्री से कहा कि कानपुर छावनी क्षेत्र (कैंटोनमेंट बोर्ड) के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में सड़क निर्माण, जल निकासी व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता के लिये जरूरी बजट दिया जाये। उन्होंने रक्षा मंत्री से आग्रह किया कि प्रशासनिक स्वीकृतियां शीघ्र प्रदान की जाएं जिससे स्थानीय नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिल सकें। सांसद रमेश अवस्थी ने राजनाथ सिंह को 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता की बधाई दी। शिष्टाचार भेंट के दौरान सांसद ने कानपुर लोकसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर रक्षा मंत्री से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कानपुर में अधोसंरचना विकास, परिवहन सुधार, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं और औद्योगिक विकास के लिए चल रही व प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी साझा की और उनके लिए मंत्रालय से आवश्यक सहयोग की मांग की। सांसद ने बताया कि रक्षामंत्री ने आश्वासन दिया है।

## एक नजर

### जेके सीमेंट ने सैफको से किया समझौता

**कानपुर।** भारत की अग्रणी सीमेंट कंपनी जेके सीमेंट लिमिटेड ने जम्मू-कश्मीर में बुनियादी ढांचे और रोज़गार बढ़ाने की प्रक्रिया में सैफको सीमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ संयुक्त उद्यम के लिये समझौता किया। प्रबंध निदेशक, डॉ. राघवपत सिंघानिया ने कहा, कि हमें सैफको सीमेंट्स परिवार का जेके सीमेंट परिवार में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। संयुक्त प्रबंध निदेशक और मुख्यकार्यकारी माधवकृष्ण सिंघानिया ने कहा, इस अधिग्रहण के साथ, हम जम्मू-कश्मीर में उपस्थिति के विस्तार के लिए रणनीतिक रूप से तैयार हैं।

### आज और कल होगी यूपीकैटेट प्रवेश परीक्षा

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय समेत प्रदेश के पांचों कृषि विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा 11 व 12 जून को होगी। सीएसए के कुल सचिव डॉ. पीके उपाध्याय ने बताया कि चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यह परीक्षा प्रदेश के 11 शहरों के 42 परीक्षा केंद्रों पर होगी। स्नातक की 11 जून को सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रवेश परीक्षा होगी, जिसमे स्नातक के 13,496 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि परीक्षा से संबंधित तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

### व्यापार मंडल में जोड़े जाएंगे नए सदस्य

**कानपुर।** लाजपत नगर स्थित व्यापार मंडल कार्यालय में उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के युवा इकाई के पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमे युवा व्यापारियों को सक्रिय करने, मंडल को गतिशील बनाने व व्यापारियों की समस्याओं के लिए टास्क फोर्स गठित करने की योजना बनाई गई। सक्रिय पदाधिकारी का चयन करने और संगठन में नए सदस्यों को जोड़ने के संबंध में अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान प्रदेश प्रभारी व जिलाध्यक्ष कपिल सब्बरवाल, महामंत्री रंजीत सिंह, बिल्लू, आमिर सिद्दीकी, अध्यक्ष सौरव गुप्ता, महामंत्री स्वयं नंदा, आशीष गुप्ता, हर्षदीप सिंह, जिमी, नितिन छाबड़ा मौजूद रहे।


सर्किट हाउस में बैठक करते प्रमुख सचिव। अमृत विचार

# गर्मी में गोवंशों के स्वास्थ्य का चेकअप करते रहें: प्रमुख सचिव

**कानपुर।** भीषण गर्मी में गौशालाओं की गोवंश के स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखते हुए नियमित उनके स्वास्थ्य का चेकअप किया जाए। हरे चारे की कमी नहीं होना चाहिए। सड़कों पर कोई बेसहारा पशु दिखना नहीं चाहिए, उन्हें गौशाला तक पहुंचाएं और उनके खानपान का बंदोबस्त वरीयताक्रम में करें।

मंगलवार को सर्किट हाउस सभागार में प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष ने कानपुर मंडल के पशु चिकित्सकों एवं मत्स्य पालन व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। प्रमुख सचिव ने कहा कि गोसंरक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गोवंशों के संरक्षण में स्वास्थ विभाग, ग्रामीण पंचायत विभाग, नगर निगम एवं पशु चिकित्सक किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें।

# महिला ने ऑनलाइन गेम खेल लालच में गंवाए 7.40 लाख

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इंस्टाग्राम पर रील देखने के दौरान महिला को दिखा ऑनलाइन गेम का लिंक
- रकम गंवाने और पति के डर से महिला बेटी को लेकर गायब हो गई

**अमृत विचार।** गोविंदनगर में ऑनलाइन गेम और रकम दोगुनी करने के लालच में महिला ने 7.40 लाख रुपये गंवा दिए। इतनी बड़ी रकम गंवाने और पति के डर से महिला बेटी को लेकर गायब हो गई। घर पहुंचे पति ने महिला को गायब देख थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने महिला की लोकेशन ट्रेस की तो वह दिल्ली के बांग्ला साहिब गुरुद्वारे में मिली। वहां से पुलिस लाई तो महिला ने पूरी घटना बताई। इस पर सभी हैरान रह गए। पुलिस आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

गोविंदनगर के छह ब्लाक निवासी जसकरन सिंह आटो पार्ट्स के कारोबारी हैं। परिवार में पत्नी मनप्रीत कौर व एक बेटी है। जसकरन ने बताया कि बीती 31 मई को वह काम पर थे, घर पर पत्नी इंस्टाग्राम चला रही थीं। रील देखते समय पत्नी ने ऑनलाइन गेम खेलकर देखा। जिसमें रकम दोगुना जीतने का लिंक देखकर उसने खेलना शुरू कर दिया। पहले तो दो-तीन बार में 500-100 रुपये डालने पर रकम दोगुनी मिली। इसके बाद एक युवती ने व्हाट्सएप पर लिंक भेजकर ग्रो एप डाउनलोड करा दिया। अब उसके माध्यम से गेम खेलने को कहा और पत्नी को टास्क दिए। युवती ने ज्यादा रुपये जमा करने पर तीन गुना रुपये मिलने की बात कही। झांसे में आईं मनप्रीत कौर ने पति जसकरन के डेबिट कार्ड से 10,000 रुपये निवेश कर दिए। इसके बाद धीरे-धीरे रुपये कटने लगे। कुछ ही देर में 7.40 लाख रुपये कट गए। इसपर मनप्रीत डर गईं और बेटी को लेकर घर से गायब हो गईं। घर पहुंचने पर पत्नी बेटी को गायब देख आसपास रिश्तेदारों के यहां पूछा।

कहीं पता न चलने पर गोविंदनगर थाने में शिकायत की। पुलिस ने महिला की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की। इस पर आखिरी लोकेशन दिल्ली में मिली। सोमवार को मनप्रीत दिल्ली से लौटीं और पूरी बात बताई। डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। पीड़ित की ओर से आईटी एक्ट में रिपोर्ट पंजीकृत की जाएगी।

# सद्गुरु की कृपा से ही प्रभु से मिलन होना संभव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- करौली शंकर महादेव पूर्वज मुक्तिधाम आश्रम में तीन दिवसीय पूर्णिमा महोत्सव

**अमृत विचार।** श्री करौली शंकर महादेव पूर्वज मुक्तिधाम आश्रम में मानव कल्याण एवं रोग मुक्त भारत, शोक मुक्त भारत के संकल्प के साथ तीन दिवसीय पूर्णिमा महोत्सव शुरू हुआ। मिश्री मठ हरिद्वार के तृतीय मठाधिपति करौली शंकर महादेव ने श्रद्धालुओं को गुरु दीक्षा दी। उन्हें सद्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। कहा कि जो लोग सद्गुरु में आस्था, विश्वास रखते हैं उन पर गुरु की कृपा होती है। ऐसे लोगों का प्रभु से साक्षात्कार गुरु ही कराते हैं। बिना गुरु के प्रभु से मिलन संभव ही नहीं है।

करौली शंकर महादेव ने कहा कि माता- पिता, गुरु और भगवान पर संदेह न करें। गुरु जैसी कृपा कोई नहीं कर सकता है। गुरु अपने शिष्यों में कभी भेद नहीं करता है। उसके लिए सभी शिष्य एक समान होते हैं वह सदैव चाहता है कि उनके शिष्य तरक्की करें। उन्हें भगवत कृपा प्राप्त हो और उनका जीवन सुखमय हो। जो लोग गुरु के बताए मार्ग पर चलते हैं उनका कभी अहित नहीं हो सकता है। ऐसे लोगों का जीवन सुखमय ही होता है। गुरु के बताए मार्ग का अनुसरण जरूर करें।

इस अवसर पर करौली शंकर महादेव के साथ श्रद्धालुओं ने पंच महाभूति शुद्धि हवन किया। 11 जून को मंत्र दीक्षा व तंत्र क्रिया योग दीक्षा (लेवल 1 से 10 तक) के शिष्यों का पात्रता चयन एवं दीक्षा का आयोजन किया जाएगा। पूर्णिमा महोत्सव के उपरांत 12 एवं 13 जून को लेवल 10 के साधकों के साथ ध्यान साधना एवं विशेष ज्ञान चर्चा सम्पन्न होगी। करौली शंकर महादेव ने बताया कि धाम की ओर से समाज के सांस्कारिक उत्थान के लिए सरसैया घाट पर प्रत्येक रविवार को सायं 7:30 बजे गंगा महाआरती का आयोजन भी होता है।


आश्रम में भक्तों को आशीर्वाद देते करौली शंकर महाराज। अमृत विचार

# औषधीय वाटिका के पेड़ों में लगा क्यूआर कोड

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में प्रकृति से स्वास्थ्य संवर्धन विषय पर दो दिवसीय प्रकृति का महत्व : प्रदर्शनी की शुरुआत की गई। वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक ने कहा कि परिसर में स्थित औषधीय वाटिका में लगभग 180 प्रकार के औषधीय जीवनदायनी पौधे हैं। प्रतिकुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि वाटिका में लगे प्रत्येक पौधे के बारे में जानकारी के लिए क्यूआर कोड लगाया गया है, जो पौधों से संबंधित जानकारी देगा। इस दौरान कुलपति प्रो. विनय पाठक, डॉ.हिमांशु त्रिवेदी, डॉ. प्रवीण पटेल, डॉ.रंजना गौतम, डॉ.अंकित सिंह भदौरिया, डॉ.अभिषेक तिवारी आदि थे।

## सार-संक्षेप


टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने निकाली रैली। अमृत विचार

### टोयोटा ने माइलेज रैली का किया समापन

**कानपुर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कानपुर में अपनी माइलेज रैली का सफलतापूर्वक समापन किया। कंपनी ने बताया कि इसका मकसद टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर हाइब्रिड की श्रेणी में सर्वोत्तम ईंधन दक्षता का जश्न मनाना था। इस आयोजन में मौजूदा ग्राहकों के साथ भावीखरीदरों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। 20 से अधिक प्रतिभागियों ने पहले से ईंधन भर हुए हाइराइडर हाइब्रिड वाहन चलाए। हाइराइडर हाइब्रिड्स का परीक्षण किया गया और ईंधन दक्षता के लिए मूल्यांकन किया गया। टॉप परफॉर्मर अभय चौधरी का सम्मान किया गया।


नए चुने गए पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। अमृत विचार

### आयरन एंड हार्डवेयर मर्चेंट एसोसिएशन के पदाधिकारी घोषित

**कानपुर।** आयरन एंड हार्डवेयर मर्चेंट एसोसिएशन में पंकज कुमार गुप्ता निर्विरोध लेखा निरीक्षक घोषित हुए जबकि शिव कुमार गुप्ता प्रचार मंत्री एवं अमन घई बाहरी उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। मंगलवार को चुनाव अधिकारी विवेक जाखोदिया, ऋषि कुमार ओमर, विनोद कुमार मिश्रा ने पदाधिकारियों के साथ ही कार्यकारिणी की भी घोषणा की। कार्यकारिणी में मनोज कुमार तुलसानी, मयंक अग्रवाल, सचिन कुमार चौरसिया, रविकांत शुक्ला, राम सिंह, श्रीकांत जायसवाल एवं अंकुर अग्रवाल चुने गये। एसोसिएशन का चुनाव 8 जून को यूनियन क्लब फूलबाग में हुआ था।


युवा अधिवक्ता मंच ने शर्बत बांटा। अमृत विचार

### पनकी रोड पर शर्बत वितरण

**कानपुर।** भीषण गर्मी से राहगीरों को राहत दिलाने के लिए कल्याणपुर पनकी रोड पर युवा अधिवक्ता मंच ने शर्बत वितरण किया। आयुष सिंह दद्दा, राज कुशवाहा, अरुण सिंह, अभिषेक सिंह चौहान, अभिषेक अग्निहोत्री, शशांक पाल, शिवम सिंह सिसोदिया, अजय सिंह परिहार, मयंक दुबे, आजाद वारसी, सुभान अल्लाह सिद्दीकी, देवांश अग्निहोत्री, राहुल कुमार, सौरव कुश, विनय सिंह एवं प्रभात कुमार आदि थे।

### डिटर्जेंट फैक्ट्री में छापा, सैंपल भरा

**कानपुर।** हनुमंत विहार पुलिस ने मंगलवार को थानाक्षेत्र में संचालित डिटर्जेंट फैक्ट्री में छापा मारा। पुलिस ने ये कार्रवाई नामी कंपनी की ओर से दिल्ली न्यायालय में की गई शिकायत पर की है। मिलती-जुलती पैंकिंग होने के चलते नामी कंपनी ने शिकायत दर्ज कराई है। इसके बाद पुलिस ने कंपनी मालिक सचिन त्रिवेदी को उत्पादन रोकने की बात कह सैंपल भरा और जांच के लिए साथ ले गए। थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि सैंपल लिया गया था और उत्पादन रोकने को कहा गया है। इनके पास भी ट्रेड मार्क है।

### यूपीएस के खिलाफ संघर्ष की घोषणा

**कानपुर।** आयुध निर्माणी के मुख्य द्वार पर सभा आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता पंकज यादव, अध्यक्ष मजदूर यूनियन ने की। मुख्य वक्ता एआईडीईएफ के महामंत्री सी. श्रीकुमार एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छबिलाल यादव ने कहा कि यूपीएस, एनपीएस से भी अधिक भविष्य के लिए नुकसानदेह है। महामंत्री ने कर्मियों को आवाह्न किया कि यूपीएस का विकल्प न दें। सरकार आपसे वचनपत्र लेना चाहती है जिससे भविष्य में ओपीएस की लड़ाई न लड़ सकें।

**मंथन** औद्योगिक संगठनों के साथ चैंपियन एमएसएमई इनिशिएटिव के अंतर्गत बैठक

# चैंपियन एमएसएमई इनिशिएटिव योजना के मापदंड हों अलग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शास्त्री नगर स्थित यूपीएसआईसी भवन में औद्योगिक संगठनों के साथ चैंपियन एमएसएमई इनिशिएटिव के अंतर्गत संस्थाओं व हितधारकों के साथ बैठक हुई, जिसमे यूपीएसआईसी के अधिशासी अभियंता प्रभात बाजपेई ने बताया कि केंद्र सरकार ने एमएसएमई इकाइयों को प्रोत्साहन देने के लिए चैंपियन एमएसएमई इनिशिएटिव योजना आरम्भ करने जा रही है, जिसमें विभाग ने कुछ मापदंड बनाए हैं। यह मापदंड पारदर्शी व सभी उद्योगों के लिए सुलभ हों, इसपर विचार-विमर्श करने के साथ सुझाव भी दिए जाएं।

फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल ने कहा कि अलग-अलग उद्योगों के लिए अलग-अलग मापदंड बनाए जाने चाहिए। क्योंकि सभी मापदंड एक समान सभी उद्योगों पर लागू नहीं होते। वार्षिक लाभ में वृद्धि का मापदंड इस प्रतिस्पर्धा में हटना चाहिए। क्योंकि गेट तीन वर्षों से एमएसएमई उद्योग लाभ अपेक्षित रूप से अर्जित नहीं कर पा रहे हैं। सुझाव दिया कि तकनीकी के अंगीकरण व उच्च कारण करने का भी स्लैब इसमें जोड़ा जाए। महिलाओं और विकलांग उद्यमियों को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष अंक रखे जाएं। अन्य उद्यमियों ने सुझाव दिए कि कानपुर जैसे शहर का मापदंड नोएडा या लखनऊ के बराबर न हो। कुल बिक्री की गणना को उद्योग के वर्ग के हिसाब से रखा जाना चाहिए, जिसमें सूक्ष्म, छोटे और माध्यम के लिए मापदंड अलग-अलग होने चाहिए। निर्यात करने वाले उद्यमियों को भारत देश के अंदर मौजूद वंचित प्रमाण पत्र से निर्यात करने में काफी कठिनाई होती है और काफी पैसा निर्यातक को आयत करने वाले देश के लिए प्रमाण पत्र तैयार करने के लिए खर्च होता है, जिस पर केंद्र सरकार को रणनीति बनाकर विचार करना चाहिए। उद्योगों को राहत देने के लिए सभी प्रमाण पत्र भारत देश में ही देने का प्रावधान किया जाए। अधिकारियों ने कहा कि चैंपियन एमएसएमई के पास वैधानिक अनापत्ति प्रमाण पत्र होने चाहिए। तभी वो इकाई इस योजना में लाभार्थी के लिए पात्र होगी। उद्यमियों की मांग है कि जिन उद्योगों ने क्षेत्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर क्वालिफिकेशन प्रमाण पत्र अलग-अलग योजनाओं के तहत प्राप्त किए हैं, उन्हें प्राथमिकता दिया जाना चाहिए। यह भी मांग रखी गई कि सेवा क्षेत्र में लगे उद्योगों के लिए सभी मापदंड शिथिल कर उन्हें प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।

शिव कुमार गुप्ता, सतीश प्रकाश, सुनील गुप्ता, संदीप अवस्थी, लाडली प्रसाद, प्रमोद पुराना, प्रवीण सुराणा, विक्रांत अग्रवाल, दिनेश कुमार गुप्ता, देव दुग्गल, कीर्ति श्रॉफ, रोली गुप्ता, शिशिर अवस्थी, आलोक श्रीवास्तव, संयुक्त आयुक्त उद्योग सुनील कुमार, अधिशासी अभियंता प्रभात बाजपेई, जोनल उपयुक्त उद्योग एसपी यादव व जिला उपयुक्त उद्योग अनजनीश प्रताप सिंह आदि रहे।


यूपीएसआईसी भवन में मौजूद फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल व अन्य उद्यमी। अमृत विचार

# चौकी इंचार्ज और हेड कांस्टेबल निलंबित, दर्ज हुआ मुकदमा

## सजेती में पुलिस प्रताड़ना से युवक की आत्महत्या का मामला

- पत्नी की शिकायत पर पुलिस कर रही थी उत्पीड़न

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर के सजेती में पुलिस की प्रताड़ना से परेशान होकर एक युवक ने सोमवार को अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी थी। इसी मामले में मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक ने मौके पर पहुंच कर नाराजगी जताई थी। इसी के चलते डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने दरोगा और हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया। साथ ही ससुर, पत्नी समेत दरोगा व हेड कांस्टेबल पर मुकदमा भी दर्ज किया गया।


जीतू निषाद।

सजेती थाना क्षेत्र के कोटरा गांव निवासी जीतू निषाद 42 वर्ष सूरत में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। घर पर पत्नी सुमन और तीन बेटियां है। जीतू करीब तीन माह से गांव में रह रहा था। कुछ दिनों पहले उसका पत्नी से विवाद हुआ तो सुमन बेटियों समेत मायके बीरबल अकबरपुर चली गई थी। सुमन के पिता रामकिशोर बीरबल अकबरपुर के ग्राम प्रधान है। जीतू के पिता रमेश ने बताया कि उनका बेटा पत्नी को लेने अपनी ससुराल गया था। वहां उसके साथ गाली गलौज और अभद्रता की गई। साथ ही पत्नी सुमन की शिकायत पर चौकी इंचार्ज और सिपाही ने युवक जीतू निषाद को जमकर पीटा था और उसे छोड़ने के लिये उससे 20000 रुपये मांगे थे। दहशतजदा जीतू ने गेहूं बेचकर दरोगा को 15000 रुपये दे दिये थे। इसके बाद उसपर 5000 रुपये और देने का दबाव बना रहे थे। इसी से परेशान होकर उसने सोमवार को फांसी लगाकर जान दे दी। इस पूरे मामले के जानकारी परिजनों ने क्षेत्रीय विधायक सरोज कुरील को फोन पर दी गईं। तो वे मौके पर पहुंची और उन्होंने डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी को मौके पर बुलाकर नाराजगी जताई। इसके बाद डीसीपी ने आरोपी दरोगा और हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया।


पुलिस अधिकारी से बातचीत करतीं विधायक सरोज कुरील। अमृत विचार

### डीसीपी साउथ ने परिजनों को दिया आश्वासन

- देर रात कोटरा गांव पहुंचे कानपुर डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने परिजनों को दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इसके बाद डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी दरोगा गौरव सहूलिया और हेड कांस्टेबल रवि को निलंबित कर दिया गया है।

### ग्रामीण बोले- लूट का अड्डा है पुलिस सहायता केंद्र

ग्रामीणों ने कानपुर डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी को बताया कि गांव स्थित पुलिस सहायता केंद्र लूट का अड्डा बना हुआ है। यहां तैनात पुलिसकर्मी लोगों को परेशान करके उनसे वसूली करते हैं। छोटे-मोटे झगड़ों में भी डर दिखाकर रुपये ऐंठते हैं। रुपये न देने वालों के साथ अभद्रता और मारपीट की जाती है। बताया कि 10 दिन पूर्व गांव निवासी भोला ने फंदा लगाकर जान दी थी। ग्रामीणों ने आंशका जताई है, कि वह भी पुलिस से प्रताड़ित था।

### युवक के ससुर और पत्नी पर भी दर्ज हुआ मुकदमा

पिता रमेश चंद्र की तहरीर पर देर रात सजेती थाने में आरोपी दरोगा गौरव सहूलिया, हेड कांस्टेबल रवि समेत ससुर रामकिशोर, पत्नी सुमन पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# अवैध कब्जा करने पर सत्येन्द्र त्रिवेदी गिरफ्तार

**बिल्हौर।** शहर में भू-माफियाओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में एक ताजा मामला सामने आया है, जहां कुछ दबंगों पर एक जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने और शिकायतकर्ता को धमकाने का आरोप लगा है। इस संबंध में कानपुर नगर पुलिस आयुक्त कार्यालय में एक एफआईआर दर्ज की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रिद्धि सोहेलगाला, निवासी 1402/ए सूर्या अपार्टमेंट बीच कैंडी हॉस्पिटल के सामने, 53 भूलाभई देसाई रोड, मुंबई ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उनकी शिकायत के मुताबिक, उनकी कानपुर स्थित पैतृक भूमि पर कुछ लोग उन्हें धमकाकर और डराकर अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं। एफआईआर में जिन लोगों के नाम दर्ज हैं, उनमें सावित्री उर्फ रजा, टीपू, प्रदीप बाजपेयी, अरुण कुमार एवं सत्येन्द्र त्रिवेदी शामिल हैं। इन पर कथित तौर पर गिरोह बनाकर जमीन पर गैर कानूनी रूप से कब्जा करने का आरोप है। इसी मामले में बिल्हौर पुलिस को दिशा निर्देश मिले थे, जिसके बाद मंगलवार को बिल्हौर प्रभारी निरीक्षक अशोक सरोज ने दबिश देकर आरोपी सत्येन्द्र त्रिवेदी को गिरफ्तार कर लिया है। भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में आरोपी की गिरफ्तारी की गई।


# चुनावों के लिये अभी से कसें कमर

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर में बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक स्थानीय गेस्ट हाउस घाटमपुर में सम्पन्न हुई।

बसपा मंडल प्रभारी जितेंद्र शंखवार ने कहा कि कार्यकर्ता 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अभी से जुट जाएं और बूथ एवं सेक्टर स्तर पर तैयारी करें। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जीतेन्द्र संखवार, मुख्य मंडल प्रभारी मुकेश कठेरिया, मुख्य मंडल प्रभारी कानपुर मंडल कुलदीप गौतम, जिला अध्यक्ष, सुरेन्द्र संखवार जिला कार्य कारिणी सदस्य, रामनारायण निषाद जिला प्रभारी, संजय कुमार संखवार ,मनीष कमल,बंजारीलाल पाल ,राजू कुरील, करुणेन्द्र सिंह, राजकुमार , हामिद अंसारी नगर अध्यक्ष, वीरेंद्र तिवारी , बलवान सिंह कठेरिया,कृष्ण, सचिव, कमलेश संखवार,जगदम्वा प्रसाद, कमल साहू, बुद्ध प्रकाश संखवार, रामनिवास, अवश्वनी आदि रहे।


बैठक में मौजूद बसपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता। अमृत विचार




## सार-संक्षेप


अखिल भारतीय ब्राह्मण चेतना संघ के पदाधिकारी शर्बत वितरण करते हुए।

### बड़े मंगल पर राहगीरों को पिलाया शर्बत

**कानपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण चेतना संघ, शारदा नगर द्वारा ज्येष्ठ मास के पंचम मंगलवार को शरबत वितरण का कार्यक्रम बाजपेई आटा चक्की, शोभन चौराहा शारदा नगर में किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संरक्षक सुनील बाजपेई, अध्यक्ष आरके मिश्रा, संयोजक ब्रह्म कुमार त्रिपाठी, सचिव आनंद दीक्षित, ओपी द्विवेदी, प्रमोद पांडेय, रामगोविन्द दीक्षित, अभिषेक द्विवेदी, विनोद दीक्षित, किशन मिश्रा, राजीव अवस्थी, प्रदीप बाजपेई, वागीश अवस्थी, सुभाष शर्मा, राजू दुबे, शशि कांत शुक्ला, लव दीक्षित, जितेन्द्र बाजपेई, योगेश अग्निहोत्री, संजय शुक्ला, बीडी मिश्रा, यशांश त्रिपाठी, करुणेश पांडे, अश्वनी पांडे, बीपी अवस्थी, राजेंद्र द्विवेदी, सुरेंद्र शुक्ला, ऋषि पाठक, अरुण कांत त्रिवेदी, अमित शुक्ला , शिवाकांत पाण्डेय, शशि कांत त्रिवेदी, मानस शुक्ला रहे।

### एलिमिनेटर मुकाबले में अनुग्रह वॉरियर ने दर्ज की जीत

**घाटमपुर।** घाटमपुर नगर के जनता महाविद्यालय मैदान में खेले जा रहे जीपीएल सीजन 10 में मंगलवार को एलिमेनेटर मुकाबला खेला गया। मैच का आनंद उठाने के लिये सैकड़ों लोग मौजूद रहे। टॉस जीतकर अनुग्रह वरियर ने पहले बैटिंग करते हुए 185 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इसमे अमरेंद्र राणा 54 और प्रीत भाटी 51 शानदार रनों का योगदान दिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी शीतलपुर रॉयल्स 17 ओवरों में 104 रन बनाकर आल आउट हो गई। शीतलपुर की तरफ से यश सचान ने सर्वाधिक 51 रन बनाए। अनुग्रह वॉरियर की तरफ से बॉलिंग करते हुए देवांश ने 3 विकेट, अभिनव पाल ने 3 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अभिनव पाल को आशीष मास्टर शैल सोनी द्वारा दिया गया।

### बड़े मंगल पर लोगों ने छका भंडारा

**घाटमपुर।** नगर में ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार को श्रद्धालुओं द्वारा जगह जगह विशाल भंडारे व शर्बत वितरण का आयोजन किया गया। सुबह से ही भक्तों की हनुमान मंदिरों में भीड़ देखने को मिली। भक्तों ने हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद व सुख समृद्धि की कामना की। कानपुर सागर हाईवे पर स्टाल लगाकर पूड़ी सब्जी का भंडारा आयोजित किया गया तथा नगर के प्रमुख स्थानों में शर्बत वितरण का आयोजन भी किया गया। भंडारे में विजय सिंह भदौरिया( रामेष्ट भोग), किशन सिंह, शिवम सिंह परिहार ( मंडल संयोजक), अंकित सिंह, कल्लू, प्रिंस, रजत आदि लोग उपस्थित रहे। हर वर्ष की भांति इस बार भी बड़े मंगल को 10वें भंडारे का आयोजन किया गया। इसके साथ साथ शर्बत वितरण में प्रतीक मिश्रा, व्यवसायी रामचंद्र गुप्ता, हेमंत अवस्थी आदि लोगों ने सहयोग किया तथा राहगीरों को शर्बत वितरित किया गया।

# मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर के श्री शक्ति डिग्री कॉलेज साखाहरी में विश्वविद्यालय परीक्षाओं में 75 से 90 फीसद अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं तथा युद्ध जैसी स्थिति में गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को मॉक ड्रिल के माध्यम से आत्मरक्षा आदि के बारे में जागरूक करने वाले एनसीसी कैडेट को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि स्वप्निल वरुण ने कहा कि साखाहरी स्थित इस कॉलेज में किताबी पढ़ाई के साथ साथ छात्र छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि की निःशुल्क तकनीकी शिक्षा देकर नौकरी के साथ अपना व्यवसाय शुरू करने लायक बनाने का प्रयास भी किया जा रहा है। स्वप्निल वरुण ने सभी छात्र छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कॉलेज प्रबंधक विनय त्रिवेदी ने कहा कि महाविद्यालय में बीए और बीएससी के स्टूडेंट्स को निःशुल्क कंप्यूटर का बेसिक ज्ञान दिया जाता है। एनसीसी अधिकारी कैप्टन विवेक त्रिवेदी ने कहा कि कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स सेना और पुलिस अधिकारी सहित अनेक महत्वपूर्ण स्थानों पर कार्यरत है। कार्यक्रम का संचालन बीसीए छात्रा ईशा यादव और स्नेहा तिवारी ने किया। इस अवसर पर छात्राओं वैष्णवी , वर्षा, शिवानी ने राष्ट्रभक्ति का गीत गाकर लोगो को राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। सभी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर गर्व और प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर महेन्द्र मिश्रा, राजेश अवस्थी, श्याम जी शुक्ल, इंद्रपाल , सुखदेव पाल ,अश्वनी मिश्र, जमालुद्दीन , रामावतार , दीपक बाजपेई, अमित शुक्ला, अंजनी, अनुराग यादव, जावेद, आदि ग्राम प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


एनसीसी कैडेट्स के साथ मौजूद अतिथि व अन्य। अमृत विचार

# खड़ंजे में पानी भरने के विवाद में पीटा

**चौबेपुर।** क्षेत्र के गढ़ेवा गांव में नहाने के दौरान पानी खड़ंजे पर फैल गया। इसको लेकर पड़ोसी पिता पुत्र ने दंपती के साथ मारपीट की। क्षेत्र के गढ़ेवा गांव निवासी अजीत पाल ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि गत दिवस वह अपने दरवाजे पर बैठकर नहा रहा था। जिसका पानी खड़ंजे पर जा रहा था। इस बात को लेकर पड़ोस के राम लखन पाल व उसके बेटे गोविंद ने गाली देते हुए पीट दिया। इस दौरान बचाव के लिए दौड़ी पत्नी सुलेखा को भी मारा पीटा। इतना ही इस दौरान ईंट पत्थर से हमला किए जाने के कारण उसके व पत्नी के चोटें आई हैं।

# घर में घुसकर युवती से की छेड़छाड़

संवाददाता बिधनू

**अमृत विचार।** सेन पश्चिम पारा कोरियां चौकी के एक गांव की युवती का आरोप है कि बीते शनिवार की दोपहर वह मां संग मकान में लेटी हुई थी। तभी गांव का बल्लू ठाकुर शराब के नशे में कुल्हाड़ी लेकर आया और दरवाजे में लात मारी। जिसपर युवती ने दरवाजा खोलकर विरोध किया तो आरोपित ने युवती का हाथ पकड़कर छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर युवती के कपड़े फाड़ दिए और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस दौरान काम से लौटे छोटे भाई ने विरोध किया तो उसपर भी कुल्हाड़ी से हमलाकर लहूलुहान कर दिया। मां के शोर मचाने पर एकत्र ग्रामीणों को देख आरोपित गाली गलौज करता हुआ भाग निकला। आरोप है कि देर शाम आरोपित एक दर्जन लोगों के साथ दरवाजे पर आया और पुलिस कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी। रविवार रात को हिम्मत जुटाकर थाने में तहरीर दी।




**जागरूकता** कृषि संकल्प अभियान के तहत किसान गोष्ठी का आयोजन कर किसानों को किया जागरूक

# प्रमाणित बीज और जैविक खाद ही अपनायें

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** कृषि विभाग द्वारा बिल्हौर उत्तरीपूरा, सुजावलपुर, नेवादा शाह, मदारा और राय गुमान में कृषि संकल्प अभियान के तहत किसान गोष्ठियों का आयोजन किया गया। इन गोष्ठियों में कानपुर के चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक, डॉ. शंकर सिंह ने प्रमुख वक्ता के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने किसानों को उन्नत कृषि विधियों के बारे में जानकारी दी।

डॉ. सिंह ने किसानों से धान की फसल की रोपाई के लिए हमेशा प्रमाणित बीज का ही उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रमाणित बीज न केवल बेहतर अंकुरण सुनिश्चित करते हैं बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता भी अधिक होती है, जिससे किसानों को अच्छी उपज मिलती है।

इस अवसर पर के.सी. गौतम, राजेंद्र कुमार, रामकिशोर स्वर्णकार, सह विकास अधिकारी मनोज कटियार और न्याय पंचायत अधिकारी शिवानी सिंह ने भी किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, तालाब योजना और विभिन्न नवीन व उन्नत किस्मों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही, खेती में उपयोग होने वाले जैविक खादों और कीटनाशकों की विस्तृत जानकारी भी किसानों को दी गई, जिससे वे अपनी फसलों को कीटों और बीमारियों से बचा सकें और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर सकें।

गोष्ठी में बसंत सिंह चंदेल, समशेर सिंह, रामसिंह चंदेल उर्फ रामू, मंगल सिंह चंदेल, रोशन, शिवबाबू शर्मा, शिवशंकर वर्मा जैसे कई किसानों ने भाग लिया। सुजावलपुर में विक्रम मिश्रा, कमल तिवारी, अनूप पांडेय और रामनरेश कुरील उपस्थित रहे, जबकि नेवादा शाह में ग्राम प्रधान प्रताप सिंह सहित अन्य किसानों ने भी इस गोष्ठी में पहुंचकर फसलों की उन्नत किस्मों की जानकारी ली। इस अवसर पर भारी संख्या में किसानों की उपस्थिति दर्ज की गई, जिन्होंने विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर अपनी कृषि संबंधी समस्याओं का समाधान भी प्राप्त किया।



किसान गोष्ठी में मौजूद अतिथि व कृषि वैज्ञानिक। अमृत विचार

### कृषि वैज्ञानिकों ने चौबेपुर गांव में लगाई चौपाल

- **घाटमपुर।** विकासखंड के अंतर्गत चौबेपुर गांव में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषकों को कृषि, उद्यान, पशुपालन एवम फसल बीमा विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। गोष्ठी मे चन्द्र शेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय से विश्राम सिंह कृषि वैज्ञानिक ने किसानों को फसल बीमा योजना की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान अपनी फसल का बीमा समय से कराये, जिससे कि उनको फसल मुस्कान का सीधा लाभ मिल सके। वहीं पशुपालक अपने-अपने पशुओं को हरा चारा दें। जिससे पशु बीमारी से दूर रहें। वहीं कृषि विभाग से हरिशचंद्र सचान ने किसानों को अच्छे बीजों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान अर्पित शुक्ला, सचिन कुमार, राकेश सिंह, योगेन्द्र पटेल, उद्यान विभाग से अनुज यादव, फसल बीमा के अजीत सिंह ने जानकारी दी। राजेश अवस्थी पूर्व प्रधान चौबेपुर,अवधेश कुमार दीक्षित, श्याम जी वाजपेई,पुत्तन, रमेश संखवार,विमल संखवार सहित आदि किसान मौजूद रहे।

## एक नजर

### पुलंदर गांव में ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से अधेड़ की मौत

**मूसानगर।** थाना क्षेत्र के मंगलपुरवा निवासी जीतू ने बताया कि उसके पिता चरन सिंह यादव किसानी के साथ पुलंदर गांव के भट्ठे में मुनीम थे। मंगलवार सुबह खेत से मूंग की फसल उठाने के लिए भट्ठे से ट्रैक्टर ट्राली लेकर निकले थे। पुलंदर बंबे के पास ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित हो गई, जिससे वह ट्रैक्टर के अगले हिस्से में दबकर गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर परिजन इलाज के लिए कानपुर ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी बसंती का रो-रो कर बुरा हाल था। थानाध्यक्ष शिवनारायण सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, लेकिन तहरीर नहीं मिली है। परिजन कानपुर में ही शव का पोस्टमार्टम करा रहे हैं।

### कार सवार ले गए बकरियां चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद

**राजपुर।** जल्लापुर-सिकंदरा निवासी किसान राहुल कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 20 मई की सुबह कुछ लोगों ने घर के पास आंबेडकर पार्क में कार खड़ी कर दी। उसके बाद घर के बाहर बंधे चार कीमती बकरे चोरी कर लिए। यही कार सवार बीती 3 जून को दोबारा उसके घर के बाहर से तीन बकरियां चोरी कर ले गए। आहट सुनकर गांव के लोगों ने कार का पीछा किया, लेकिन आरोपी भाग गए। पशु चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। थानाध्यक्ष कालीचरन कुशवाहा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार सवारों की तलाश की जा रही है।

### रसधान चौकी इंचार्ज पर पिटाई करने का आरोप

**सिकंदरा।** रसधान कस्बा निवासी गौरव शर्मा ने बताया कि उसके सगे सुनीत शर्मा व सौरभ शर्मा के बीच आपसी बंटवारे का विवाद चौकी पहुंचा था। आरोप है कि भाईयों के बीच आपसी कहासुनी से झल्लाए चौकी प्रभारी ने थप्पड़ रसीद दिए। वहीं पीड़ित गोलू ने भी चौकी पुलिस पर आरोप लगाए हैं। इस बावत सीओ सिकंदरा आलोक सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी कर कार्रवाई की जाएगी।

### पत्रकार सुरक्षा परिषद ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**कानपुर देहात।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के तत्वावधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा के आवाहन पर जनपद बांदा के पत्रकार नीरज निगम पर गलत एफआईआर लिखने पर सीओ सिटी व चौकी प्रभारी सिविल लाइन के खिलाफ कार्रवाई करने के संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया। इस मौके पर जिला इकाई अध्यक्ष अनूप गौड़, जय मिश्रा, हरिशंकर श्रीवास्तव, अंजनी पांडेय, जिला संरक्षक पीयूष दीक्षित, मोहन कुमार, बलराम चतुर्वेदी, लखन पांडेय आदि मौजूद रहे।

### भाजपा की प्रबुद्धजनों के साथ गोष्ठी आज

**कानपुर देहात।** विकसित भारत का अमृत काल एवं सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा की ओर से आज सुबह 11 बजे हिंदी भवन अकबरपुर में जिलाध्यक्ष रेणुका सचान की अध्यक्षता में प्रदर्शनी, प्रेस कॉन्फ्रेंस और प्रबुद्ध जनों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले, विधायक मूलचंद्र निरंजन, जिला प्रभारी अशोक राजपूत आदि शामिल होंगे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा ने दी है।

### तमंचा के साथ गिरफ्तार

**शिवली।** पुलिस ने एक युवक को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि जैतपुर का रहने वाला रामजी राठौर अवैध तमंचा व दो कारतूस लेकर घूम रहा था। सूचना पर कस्बा प्रभारी अरविंद तिवारी ने हरदियानाला गांव की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते के पास उसे गिरफ्तार किया कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

# इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा मंगलवार

**मौसम की मार**

- सुबह 9 बजे से ही आसमान से मानो बरसने लगी आग
- दिन भर सड़कों और बाजारों में पसरा रहा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिले में प्रचंड गर्मी सितम ढा रही है। मंगलवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। कई दिनों से चढ़ रहा अधिकतम तापमान मंगलवार को 44 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जिससे हर कोई बेहाल रहा। धूप की तल्खी से धरती तवा की तरह तप रही है।

जिले में बढ़े तापमान से आग बरस रही है। साथ ही लू का प्रकोप कहर बरपा रहा है। जरा सी लापरवाही बरतने पर लोग तुरंत बीमार हो सकते हैं। जिले में मंगलवार को अधिकतम तापमान करीब 44 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम की तल्खी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सुबह नौ बजे से आसमान से आग बरसने लगी और करीब पांच किमी की रफ्तार से चली लू ने लोगों को बेहाल कर दिया। वहीं गर्मी व हीट स्ट्रोक से लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। वहीं भीषण गर्मी के चलते इंसानों के साथ ही पशु-पक्षी भी परेशान नजर आ रहे हैं। दोपहर के समय तेज धूप के चलते सड़कों व हाईवे पर सन्नाटा पसर गया। अधिकांश चालक वाहनों को ढाबों व पेड़ की छाया में खड़े कर सुस्ताते रहे। कानपुर सीएसए के मौसम विभाग ने आगामी पांच दिन हल्के बादल छाए रहने तथा 13 से 15 जून के बीच तेज हवाओं व गरज-चमक के साथ स्थानीय स्तर पर बारिश होने की संभावना जताई है। जिससे लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है।



हैंडपंप से प्यास बुझाने की कोशिश करता बंदर। अमृत विचार

### शरीर से पसीना बंद होना खतरे की घंटी

उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आदित्य सचान ने बताया कि तेज धूप लगने पर शरीर में पानी की कमी होने लगती है। शरीर में पानी की कमी की वजह से प्यास बहुत लगती है। सिर दर्द, उल्टी, चक्कर आना, बुखार और पसीना अधिक निकलता है, जिससे कई बार लोग बेहोश हो जाते हैं और गिर जाते हैं। इसे ही हीट सिंकोप कहा जाता है। लू लगने पर शरीर से पसीना निकलना बिल्कुल बंद हो जाता है, जो खतरे की घंटी है। उनका कहना है कि यदि शरीर से पसीना आना बंद हो जाए तो समझ लें कि हीट स्ट्रोक का लक्षण है। ऐसे में फौरन डॉक्टर के पास जाकर तत्काल उपचार कराएं।

### बारिश नहीं होने से सूख रहीं सब्जी की फसलें

भीषण गर्मी के बीच बारिश नहीं होना किसानों पर भारी पड़ रहा है। इन दिनों खेतों पर तमाम तरह की सब्जी की फसलें खड़ी हैं। इधर, लंबे समय से जिले में बारिश नहीं हो रही है, जिससे सब्जी की फसलें सूखने लगी है। सब्जी की फसलों को सूखने से बचाने के लिए किसानों को हर दूसरे दिन प्राइवेट और पंपिंग सेट के जरिए खेतों की सिंचाई करनी पड़ रही है। किसानों का कहना है कि अगर बारिश हो जाए तो सूख रही सब्जी फसलों को संजीवनी मिल सकती है। अगर यही हाल रहा तो खेत पर ही सब्जी की फसलें सूख जाएंगी। निजी साधनों से फसलों की सिंचाई काफी महंगी पड़ रही है।

### झुलसा रही तपिश

**44** डिग्री सेल्सियस पहुंचा अधितकम तापमान

**28.2** डिग्री सेल्सियस रहा न्यूनतम तापमान



**लगातार चढ़ रहा पारा**

06 जून : 38 .9 डिग्री सेल्सियस
07 जून : 40 .4 डिग्री सेल्सियस
08 जून : 42 .3 डिग्री सेल्सियस
09 जून : 43 डिग्री सेल्सियस
10 जून : 44 डिग्री सेल्सियस

### एसी में ज्यादा रहने से त्वचा रोग होने का खतरा

अकबरपुर मेडिकल कालेज के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. निशांत पाठक बताते हैं कि सोरायसिस जैसे त्वचा रोग वाले लोगों को एसी का उपयोग करने से बचना चाहिए। एसी के इस्तेमाल से त्वचा का रूखापन बढ़ सकता है। जिससे त्वचा रोग फैलने का खतरा बढ़ जाता है। सोरायसिस के अलावा एक्जिमा और स्किल एलर्जी वाले लोगों को भी एसी में बैठने से पहले डॉक्टरों की सलाह लेनी चाहिए। ऑफिस में तो एसी में बैठना मजबूरी है, लेकिन कोशिश करें कि घर में एसी न चलाएं।

# किशोरी से दुराचार में दोषी को 20 साल का कठोर कारावास

## भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में वर्ष 2024 में हुई थी वारदात

- पॉक्सो कोर्ट ने दोषी पर 50 हजार रुपये अर्थदंड लगाया
- शौच के लिए खेत की तरफ गई किशोरी को दबोचा था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से पिछले साल शौच के लिए खेत पर गई एक किशोरी से दुष्कर्म के मामले में पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी को दोष सिद्ध करते हुए उसे बीस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 50 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक विकास सिंह ने बताया कि भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पंद्रह साल की किशोरी 15 अक्टूबर 2024 को घर से खेतों पर शौच के लिए गई थी। उसको अकेला देखकर गांव के ही करन ने उसको खेत में दबोचकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। इसके बाद वह धमकी देकर फरार हो गया था। मामले में पीड़िता के पिता ने 17 अक्टूबर 2024 को आरोपी युवक करण के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। विवेचना के बाद उसके खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश किए थे। सुनवाई अपर जिला जज 13/पॉक्सो एक्ट शरद कुमार त्रिपाठी की अदालत में चल रही थी। मंगलवार को अदालत ने आरोपी करन को दोषसिद्ध करते हुए उसे बीस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उस पर पचास हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। वहीं अर्थदंड की पूरी धनराशि पीड़िता को दिए जाने तथा अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को तीन माह के अतिरिक्त कारावास की सजा के आदेश दिए हैं।



### नए कानून के तहत 6 माह 8 दिन में हुआ फैसला



विशेष लोक अभियोजक विकास सिंह ने बताया कि जनपद न्यायालय में नए कानून के तहत सबसे कम समय छह माह आठ दिन में इस मामले की सुनवाई पूरी करते हुए पॉक्सो कोर्ट ने अभियुक्त को सजा सुनाई है। वहीं नए कानून के तहत जिले में यह तीसरा निर्णय है। जिसमें अपराधी को सजा मिली है। इस मामले की एफआईआर 17 अक्टूबर 2024 को दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए 2 दिसंबर को आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे। वहीं अभियोजन पक्ष की पैरवी से आरोपी पर अदालत ने 10 जनवरी को आरोप तय करते हुए विचारण शुरू कर दिया था। इसके बाद मामले में अभियोजन की सक्रियता से 24 जनवरी से 20 मई तक वादी व पीड़िता सहित कुल दस गवाहों के बयान अदालत में दर्ज कराए गए। वहीं बचाव पक्ष के सफाई साक्ष्य का अवसर 30 मई को समाप्त कर दिया गया। इसके बाद अदालत ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद 10 जून को अपना फैसला सुनाते हुए दोषी को सजा दी।

### पैरोकार ने निभाई अहम भूमिका, समय से आए गवाह

अधिकतर मामले समय से गवाहों के अदालत न पहुंचने से लंबित हो जाते हैं। जिनमें समय से अदालत का फैसला नहीं आ पाता है। इस मामले में गवाहों पर समय से समन तामील कर उन्हें कोर्ट में पेश करने में भोगनीपुर पैरोकार अनुराग सिंह की ओर से विशेष पैरवी की गई। जिससे मामला लंबित नहीं हो सका। समय से गवाहों की गवाही होने के कारण अदालत ने कम समय में अपना फैसला सुना दिया।

# शत्रु संपत्ति बेचने में जमानत खारिज

**कानपुर देहात।** भोगनीपुर क्षेत्र के मांवर गांव में राजस्व अभिलेखों में हेराफेरी कर शत्रु संपत्ति को बेचने के मामले में जेल में निरुद्ध आरोपी की ओर से दाखिल की गई जमानत अर्जी की सुनवाई करते हुए अपर जिला जज-6 ने जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता विवेक कुमार त्रिपाठी ने बताया कि भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के मांवर गांव में भारत विभाजन में पाकिस्तान में बसने वाली जाफरी बेगम की कृषि भूमि हड़पने की नियत से परिवार के एजाज अहमद ने जाफरी बेगम को संतानहीन दिखाते हुए कूटरचित मृत्यु प्रमाण पत्र व परिवार रजिस्टर की नकल बनवा कर अपने नाम दर्ज कराया था। इसके बाद उसे फरहाना को बेच दिया था। मामले में जांच के बाद क्षेत्रीय लेखपाल अनुज कुमार ने मांवर निवासी एजाज अहमद, फरहाना और उनके वकील पुष्कल पराग दुबे सहित अन्य के खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में जेल में निरुद्ध आरोपी एजाज की ओर से बचाव पक्ष ने अदालत में जमानत अर्जी दाखिल की थी। जिसकी सुनवाई करते हुए अपर जिला जज 6 की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है।

# अश्लीलता में सौतेले बाप को 6 साल सजा

- कोर्ट ने 25 हजार रुपये लगाया अर्थदंड, बेटी को मिलेगी रकम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बिल्हौर क्षेत्र के एक गांव में करीब छह साल पहले नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़ व अश्लीलता करने के मामले में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए पॉक्सो कोर्ट ने दोषी सौतेले पिता को छह साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चौहान ने बताया कि कानपुर नगर के बिल्हौर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने अपने पति की आकस्मिक मौत हो जाने के बाद अपनी नाबालिग दो पुत्रियों का भविष्य सुधारने व उन्हें पिता का संरक्षण प्रदान करने के लिए क्षेत्र निवासी रामनरेश उर्फ नरेश कश्यप के साथ दूसरा विवाह कर पुत्रियों के साथ उसके साथ रहने लगी थी। रामनरेश अक्सर शराब के नशे में आकर अक्सर अपनी सौतेली दस वर्षीय पुत्री से छेड़छाड़ करते हुए उससे अश्लीलता करता था। इसकी शिकायत उसने अपनी मां से की, लेकिन उसने बात अनसुनी कर दी। इसपर रामनरेश उर्फ नरेश का मनोबल ऊंचा हो गया और आए दिन वह पुत्री के साथ अश्लीलता करने लगा। इससे परेशान होकर वह घर छोड़कर कानपुर नगर के ग्वालटोली क्षेत्र में रहने वाली अपनी दादी के पास आ गई और अपनी आपबीती उन्हें बताई। इस पर दादी ने 18 जुलाई 2019 को आरोपी रामनरेश उर्फ नरेश के खिलाफ बिल्हौर थाना में नातिन के साथ छेड़छाड़ व अश्लीलता करने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए आरोपी सौतेले पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उसके खिलाफ छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट में आरोप पत्र दाखिल किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज 14/पॉक्सो कोर्ट पीयूष तिवारी की अदालत में चल रही थी। सोमवार को अदालत ने रामनरेश उर्फ नरेश कश्यप को दोषी ठहराया था। मंगलवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए अदालत ने दोषी सौतेले पिता को छह साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उस पर 25 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की धनराशि पीड़िता को दिए जाने के आदेश दिए हैं। अर्थदंड अदा न करने पर सजायाफ्ता को तीन माह का अतिरिक्त कारावास काटना पड़ेगा।

# तीन फैक्ट्रियों में छापेमारी, अनुदानित यूरिया सीज

- प्रमुख सचिव के निर्देश पर दो संयुक्त टीमों ने की छापेमारी
- रनियां और जैनपुर औद्योगिक क्षेत्र की फैक्ट्रियों में पहुंचीं टीमें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** रोक के बावजूद औद्योगिक इकाईयों में अनुदानित यूरिया का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। शिकायत पर प्रमुख सचिव कृषि के निर्देश जिलाधिकारी आलोक सिंह ने टेक्निकल ग्रेड यूरिया उपयोग करने वाली औद्योगिक इकाईयों की आकस्मिक जांच कराई। आकस्मिक जांच के दौरान तीन फैक्ट्रियों में अनुदानित यूरिया के सैकड़ों बैग बरामद किए गए। टीमों ने उन्हें सीज करते हुए जांच के लिए नमूना लिया है।

औद्योगिक इकाईयों में अनुदानित यूरिया की जांच के लिए पहली संयुक्त टीम में जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता, उपायुक्त उद्योग मो. साउद व अकबरपुर उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार ने रनियां औद्योगिक क्षेत्र और दूसरी संयुक्त टीम में शामिल जिला कृषि रक्षा अधिकारी राम नरेश, सहायक प्रबंधक उद्योग हिमांशु भट्ट और अकबरपुर तहसीलदार ने जैनपुर औद्योगिक क्षेत्र में औचक छापेमारी की। छापेमारी करने वाली पहली टीम ने आरती डिस्टिलरी रनियां, एस्ट्रायल लिमिटेड रनियां, आरएसपीएल प्रसिद्धपुर एवं सुदर्शन डोर्स विसायकपुर में जांच-पड़ताल की। इस दौरान आरती डिस्टिलरी और सुदर्शन डोर्स रनियां में टेक्नीकल ग्रेड यूरिया के 151-151 बैग बरामद किए गए, जिनसे जांच के लिए एक-एक नमूना लिया गया। वहीं दूसरी टीम ने साईं बाबा पॉलीमर टेक्नोलॉजी प्रालि. जैनपुर, अमूल बनास डेरी जैनपुर एवं बीएस इंटर प्राइजेज जैनपुर में बारीकी से जांच-पड़ताल की। जिसमें बीएस इंटर प्राइजेज जैनपुर में मौके पर 47 बोरी भरी तथा 831 खाली बोरी अनुदानित यूरिया पाई गई। अनुदानित यूरिया को सीज कर नमूना लिया गया है।



फैक्ट्री में बरामद अनुदानित यूरिया।



फैक्ट्री में भरी और खाली यूरिया के बैग देखते अधिकारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



पदाधिकारियों ने शपथ लेकर एक-दूसरे को बधाई दी। अमृत विचार

### मैथा तहसील में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**शिवली।** तहसील मैथा में नवनिर्वाचित लायर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों की शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। बार काउंसिल के उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय व अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी कुलदीप तिवारी, धर्मवीर सिंह, राहुल दीक्षित, छितिज सेंगर, शारदा शुक्ला, शोभा देवी, नरेंद्र कुमार को शपथ ग्रहण कराई। इस मौके पर प्रदीप पांडेय, अमित श्रीवास्तव, ओमप्रकाश मिश्रा, संदीप मिश्रा, चेयरमैन अवधेश शुक्ला, ब्लाक प्रमुख राजेश शुक्ला, जेपी पाल, अनिल त्रिवेदी आदि मौजूद रहे। इस दौरान तहसील में पेयजल की समस्या भी उठी। बार काउंसिल के उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय ने वाटर कूलर देने की बात कही। सांसद भोले सिंह ने सबमर्सिबल पंप देने की बात कही। इससे पीने के पानी की समस्या हल होगी।

**ई-ऑफिस का प्रशिक्षण** | जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# कार्ययोजना बनाकर विभाग करें राजस्व की वसूली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कर-करेत्तर व राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में हुई। इस दौरान स्टांप, आबकारी, वाणिज्यकर, परिवहन, विद्युत, वन, खनिज, बाट-माप आदि को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली करने के निर्देश दिए।

मंगलवार को बैठक में डीएम आलोक सिंह ने कहा कि सभी विभाग प्रतिमाह लक्ष्य की प्राप्ति करें। जिससे बैकलॉग की स्थिति न बने। तहसीलवार राजस्व कार्यों की समीक्षा कर खतौनी व अन्य भूमि अभिलेखों के अद्यतन, नामांतरण, वरासत मामलों के त्वरित निस्तारण, राजस्व वसूली, विभिन्न धारा अंतर्गत वादों के निस्तारण आदि का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को चिंहित कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं जनहित से जुड़े मामलों में लापरवाही बरतने वालों की जवाबदेही तय करने की चेतावनी दी। इसके बाद ई-ऑफिस संचालन किए जाने के संबंध में ई-डिस्टिक मैनेजर ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी बारीकी से प्रशिक्षण लें और पत्रावलियों को ई-ऑफिस के माध्यम से ही भेजें। उन्होंने कहा कि एसडीएम, तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी ई-ऑफिस का संचालन स्वयं करेंगे। इस मौके पर एडीएम प्रशासन अमित कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य, एआरटीओ प्रशांत कुमार, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह, सभी एसडीएम, तहसीलदार आदि रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

### श्रमिकों की शिकायतों का फौरन करें निस्तारण

मंगलवार को एडीएम प्रशासन अमित कुमार की अध्यक्षता में जिला श्रम बन्धु, बाल श्रम उन्मूलन समिति एवं ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। सहायक श्रमायुक्त राम अशीष ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में किसी भी औद्योगिक प्रतिष्ठान व कारखाने में हड़ताल, तालाबंदी की स्थिति नहीं आई और न ही इस संबंध में किसी श्रमिक संगठन से कोई शिकायत प्राप्त हुई। एडीएम ने निर्देश दिए कि शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल उसका निवारण करा दिया जाए। बैठक में डीडीओ वीरेंद्र सिंह, एएमए जिला पंचायत सुरेश कुमार वर्मा, डिप्टी सीएमो डॉ. आदित्य सचान मौजूद रहे।

# समापन पर छात्रों को बांटे पुरस्कार

- राजकीय हाईस्कूल जैसलपुर में समर कैंप का समापन

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** समर कैंप समापन समारोह का आयोजन राजकीय हाईस्कूल जैसलपुर में किया गया। इस दौरान कैंप में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मंगलवार को मुख्य अतिथि जिला समन्वयक सत्य नारायण कटियार, अध्यक्ष सुदामा प्रसाद अकेला एवं प्रधानाचार्य शबाना ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संचालन डायरेक्टर मोहम्मद मारूफ ने किया। राजकीय हाईस्कूल जैसलपुर में 21 दिवसीय समर कैंप में प्रतिदिन छात्रों को योगाभ्यास सिखाने के साथ ही नई-नई गतिविधियों के माध्यम से सर्वांगीण विकास के लिए कंप्यूटर हार्डवेयर-सॉफ्टवेयर, प्राथमिक उपचार, कागज के लिफाफा और मैसे, केक तैयार करना, खेल का आयोजन, लोक गीत, शतरंज आदि के माध्यम से रोचकता बढ़ाई गई। कैंप समापन पर जिला समन्वयक ने विद्यालय प्रधानाचार्य को प्रशस्ति पत्र देकर प्रशंसा की। साथ ही सभी छात्रों को जुलाई से नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर प्रवक्ता राजेश शर्मा, अंकित सिंह आदि मौजूद रहे। बच्चों में खासा उत्साह रहा।




छात्रा को प्रमाण पत्र देते डीसी सत्यनारायण कटियार, साथ में प्रधानाचार्य शबाना।

## एक नजर

### यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय व जिला स्तरीय कार्यालय खोलने का प्रस्ताव

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) के ढांचे के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की व्यापक योजना शासन को भेजी गई है। मंडल मुख्यालयों पर क्षेत्रीय व जिला मुख्यालयों पर कार्यालय खोलने का प्रस्ताव है। इससे उद्योगों को एनओसी के साथ प्रदूषण नियंत्रण को लेकर मॉनिटरिंग और सुधार कार्य में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुतिकरण के बाद इसे लागू किया जाएगा। साथ ही, वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए आवेदनों की शुल्क संरचना में भी बदलाव किया जाएगा। आईटी और एआई टेक्नालॉजी युक्त एक पोर्टल भी विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते माह बोर्ड की समीक्षा बैठक के दौरान संसाधन और कायार्लय बढ़ाने के साथ पारदर्शी व त्वरित कार्य प्रणाली बनाने की हिदायत दी थी, जिसके क्रम में प्रस्ताव तैयार करके शासन को भेजा गया है। इसके अनुसार प्रदेश सभी मंडल मुख्यालयों और प्रमुख औद्योगिक जिलों में यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना की जाएगी। साथ ही, शेष जिलों में जिला-स्तरीय कार्यालय स्थापित किए जाएंगे, ताकि स्थानीय स्तर पर प्रदूषण नियंत्रण की निगरानी और प्रबंधन को सुदृढ़ किया जा सके।

### शक्ति भवन में 14 जून को होगी पेंशन अदालत

**अमृत विचार लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन मुख्यालय शक्ति भवन में त्रैमासिक पेंशन अदालत 14 जून को होगी। पेंशन अदालत में पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों की समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। मार्च, जून, सितंबर व दिसम्बर में आयोजित होने वाली पेंशन अदालतें सभी वितरण निगमों में भी आयोजित होगी।

### सार्थक भूमिका निभाए निर्वाचन आयोग

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने नेताओं, कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में कोई कमी न रहने देने की अपील की है।



इस क्रम में उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव में बेईमानी करती है। निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी निष्पक्ष चुनाव कराने की होती है। निर्वाचन आयोग को ईमानदारी से अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। सपा प्रदेश मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं और नेताओं को सम्बोधित करते हुए मंगलवार को अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय और अपराध चरम पर है। अपराधी खुलेआम घटनाएं कर रहे है। दिन दहाड़े हत्यायें हो रही है। अपराधियों को सरकार का संरक्षण है।

# बुंदेलखंड में नोएडा जैसा शहर विकसित करने की योजना

- जीसीसी हब के रूप में उभर रहे नोएडा-ग्रेटर नोएडा, टियर-दो व टियर-तीन शहर भी पकड़ रहे गति
- उत्तर प्रदेश में जीसीसी निवेश को बढ़ावा देने के लिए मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने की कॉन्क्लेव की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश अब कार्यालय और औद्योगिक सेटअप के लिए शीर्ष विकल्पों में शामिल है। प्रतिस्पर्धी प्रोत्साहनों और सहायक कारोबारी माहौल के कारण ऐसा है। बुंदेलखंड में नोएडा जैसा शहर विकसित करने की योजना है, जो विकास को विकेंद्रित कर क्षेत्रीय प्रगति को बढ़ावा देगी। इतना ही नहीं नोएडा-ग्रेटर नोएडा जीसीसी हब के रूप में उभर रहे हैं, जबकि टियर-दो और टियर-तीन शहर भी गति पकड़ रहे हैं। बुंदेलखंड में झांसी को भविष्य के औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसे एक बड़े भूमि बैंक का समर्थन प्राप्त है।

राज्य की प्रगति से से जुड़े इन्हीं बिन्दुओं के साथ मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन्वेस्ट यूपी द्वारा ताज होटल, लखनऊ में आयोजित एक कॉन्क्लेव की शुरुआत की। उत्तर प्रदेश में जीसीसी निवेश को बढ़ावा देने के लिए हुए इस आयोजन में शीर्ष प्रौद्योगिकी उद्योग के नेता (लीडर्स), वैश्विक निवेशक, नीति निर्माता और बहुराष्ट्रीय निगम शामिल हुए, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के जीसीसी पावरहाउस के रूप में उभरने पर चर्चा की।

### बेंगलुरु, चेन्नई और हैदराबाद में होंगे इसी तरह के आयोजन

कॉन्क्लेव में भविष्य के जीसीसी कॉन्क्लेव के लिए एक रोडमैप और कार्य योजना पर भी चर्चा हुई, जिसमें बेंगलुरु, चेन्नई और हैदराबाद में इसी तरह के आयोजन की योजना बनाई गई। इसके अतिरिक्त, वैश्विक शहरों में निवेश आकर्षित करने के लिए अमेरिका और यूरोप के अंतरराष्ट्रीय थिंक टैंकों के साथ रोडशो आयोजित किए जाएंगे। कॉन्क्लेव में पैनल चर्चाएं और निवेशक संवाद शामिल थे, जिन्होंने उत्तर प्रदेश की नवाचार, कारोबारी उत्कृष्टता और जीसीसी में वैश्विक निवेश को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दोहराया।

### 20 कंपनियों ने भाग लिया, निवेश का बनाया मन

लगभग 20 कंपनियों ने इस आयोजन में भाग लिया, जिनमें एसआरके गेमचेंजर्स, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, स्व-इंडिया, टेक्यॉन नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड, टीसीएस, ट्राइडेंट, यूएसइनफाउंडेशन, वेलोसिस सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, डेलॉइट, यूएस इंडिया, एचसीएल, माइक्रोसॉफ्ट, अम्हेक, सेटी, वेंचर लिफ्ट, इवानी, हाई-टेक मेडिक्स, ईवी बूथ, पॉजिट्रोई, केएनपी, बायोजेंटा, जेबीजेएम ग्रुप और जेनरोबोटिक्स शामिल थे। इस आयोजन में प्रबंध निदेशक यूपीडेस्को नेहा जैन, संबंधित विभागों व इन्वेस्ट यूपी के वरिष्ठ अधिकारीगण, असोचम, क्रेडाई, एचसीएल के प्रतिनिधि तथा प्रमुख गणमान्य नागरिक आदि मौजूद रहे।

कॉन्क्लेव की शुरुआत करते हुए मुख्य सचिव ने प्रदेश के गतिशील आर्थिक परिवर्तन को एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में रेखांकित किया। मजबूत औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के लिए उन्होंने राज्य की निवेशक-अनुकूल नीतियों, आधुनिक बुनियादी ढांचे और अत्यधिक सक्रिय शासन को श्रेय दिया।

इस दौरान प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार ने कहा कि ''विकसित भारत'' बिना ''विकसित राज्य'' के संभव नहीं है। उन्होंने यूपी के व्यापक बुनियादी ढांचे, कारोबार की सुगमता और कुशल कार्यबल को रेखांकित किया, जो जीसीसी निवेश के लिए पूर्ण सरकारी समर्थन सुनिश्चित करता है। प्रमुख सचिव आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स अनुराग यादव ने यूपी की प्रगतिशील नीतियों और विस्तारित डिजिटल बुनियादी ढांचे पर जोर दिया, जिससे आईटी, आईटीईएस और बीपीएम में व्यापक निवेश के अवसर सामने आए।

प्रमुख सचिव आवास पी. गुरुप्रसाद ने मजबूत बुनियादी ढांचे को जीसीसी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी इन्वेस्ट यूपी और उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण प्रथमेश कुमार ने निवेशकों को लखनऊ एक्सप्लोर के लिए आमंत्रित किया, जहां वाणिज्यिक स्थान परिवर्तन और आईटी सिटी विस्तार की प्रवृत्ति बढ़ रही है। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के वरुण रमनन ने हैदराबाद से नोएडा तक कंपनी के विस्तार की चर्चा की और मंजूरी, भूमि आवंटन और सब्सिडी में यूपी के सहज समर्थन की सराहना की।

### उप्र में बिजली की अधिकतम मांग ने बनाया नया रिकॉर्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में इस साल बिजली की अधिकतम मांग ने नया रिकार्ड बनाया। पिछले वर्ष का रिकार्ड तोड़ते हुए अधिकतम मांग 31,104 मेगावाट दर्ज की गई। अन्य राज्यों की तुलना में प्रदेश में ज्यादा मांग दर्ज हो रही है। साथ ही, आगे मांग 32 हजार मेगावाट तक पहुंचने के आसार हैं। इस बीच, ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में अगर मांग और बढ़ेगी उसे सकुशल पूरा किया जाएगा। पिछले वर्ष बिजली की सर्वाधिक मांग 30,618 मेगावाट तक पहुंची थी। प्रदेश में 6 जून को 28,581 मेगावाट, 7 जून को 29,502 मेगावाट व 8 जून को 30,161 मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग दर्ज की गई। 9 जून को गुजरात में 25,230 मेगावाट, महाराष्ट्र में 25, 191 मेगावॉट, तमिलनाडु में 17,867 मेगावाट, राजस्थान में 16,562 मेगावॉट, पंजाब में 15,508 मेगावॉट बिजली की सर्वाधिक आपूर्ति की गई।

# पंच प्रण और 11 संकल्प विकसित भारत की आधारशिला

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, शासन की नीति अब स्पष्ट, पारदर्शी और जनता के प्रति जवाबदेह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने मोदी सरकार के 11 वर्ष के काम गिनाते हुए कहा कि मोदी के पंच प्रण और 11 संकल्प विकसित भारत की आधारशिला है। शासन की नीति अब स्पष्टता, पारदर्शिता और जनता के प्रति जवाबदेही है। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस और डिजिटल इंडिया बना गवर्नेंस का नया मॉडल बना है।

योगी ने मंगलवार को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में देश के जनमानस को प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत का जो मंत्र दिया, इसके लिए उन्होंने पंच प्रण और 11 संकल्प प्रत्येक भारतवासी को याद कराए थे। यह पंच प्रण, विकसित भारत का संकल्प, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, राष्ट्रीय एकता और एकजुटता और नागरिक कर्तव्य का पालन हैं।

योगी ने कहा कि जो 11 संकल्प मोदी ने प्रत्येक भारतवासी के लिए सुनिश्चित किए हैं उनमें कर्तव्य का पालन, एक समावेशी विकास, गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं, समाज के प्रत्येक तबके को ध्यान में रखकर गरीब कल्याणकारी, लोक कल्याणकारी कार्यक्रम, इंफ्रास्ट्रक्चर के डेवलपमेंट का जो मॉडल है यह सभी उसके हिस्से हैं। भ्रष्टाचार मुक्त शासन, टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए डीबीटी के माध्यम से जो कार्य पिछले 11 वर्ष के अंदर देखने को मिले हैं स्वतंत्र भारत के 65 वर्षों में इस प्रकार का मॉडल कभी भी देखने को नहीं मिला था। कानून का सम्मान, वंशवाद की राजनीति का अंत, इतिहास की उन गलतियों की पुनरावृत्ति नहीं होने देना है जिनके कारण देश गुलाम हुआ था। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस, डिजिटल इंडिया के माध्यम से मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस का एक मॉडल भी भारतवासियों को देखने को मिला है। राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और सुरक्षा और आतंकवाद के मुद्दे पर जीरो टॉलरेंस भी भारत में 140 करोड़ भारतवासियों ने देखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में 11 वर्ष के कार्यकाल पूरे करने के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन कर केंद्र सरकार ककी 11 वर्षों में चलाई गई योजनाओं और उनकी प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह और अभियान के संयोजक मानवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### 2027 में भारत बनेगा दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था

सीएम योगी ने कहा कि 1947 से लेकर के 2014 तक भारत दुनिया की केवल 11वीं अर्थव्यवस्था था और वह अर्थव्यवस्था भी अस्थिर थी। पिछले 11 वर्ष में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। भारत ने उस ब्रिटेन को पछाड़ा था जिसने लगभग 200 वर्षों तक यहां शासन किया था। हाल ही में जापान की अर्थव्यवस्था को पछाड़कर भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा है। भारत दुनिया का पहला देश जहां प्रति व्यक्ति आय 2013-14 में 79 हजार से तीन गुना बढ़कर अब लगभग ढाई लाख हो गई है। 2027 में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा।

### पहली बार गरीब बना योजना का हिस्सा

योगी ने कहा मोदी सरकार में पहली बार गरीब और किसान सरकार के एजेंडे और शासन की योजना का हिस्सा बन पाया है। अब योजनाएं किसी तुष्टिकरण का शिकार नहीं होती, बल्कि बिना भेदभाव समाज के प्रत्येक तबके को उसकी संतुष्टीकरण का आधार देने वाली होती हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, हर घर नल की योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्ट्रीट वेंडर्स प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, अटल पेंशन योजना और प्रधानमंत्री जन धन अकाउंट की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि इसकी परिणिति यह है कि पिछले 10 वर्ष के अंदर 25 करोड लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं।

### जातिगत जनगणना पर प्रधानमंत्री को धन्यवाद प्रस्ताव देंगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग जातिगत जनगणना कराने के केंद्र सरकार के निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद प्रस्ताव देगा। मंगलवार को इंदिराभवन में पिछड़ा वर्ग आयोग की मासिक बैठक में यह फैसला लिया गया। अन्य पिछड़े वर्गों से जुड़े आरक्षण, जातियों के सम्मिलन-निष्कासन और सामाजिक उत्थान व विकास से संबंधित विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। लोनिया जाति से संबंधित एक प्रत्यावेदन पर चर्चा करते हुए सदस्य घनश्याम चौहान ने कहा कि प्रत्यावेदनकर्ताओं को आयोग के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाय। आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने प्रत्यावेदनकर्ताओं को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर पक्ष रखने के निर्देश दिये। कसौधन जाति के लोगों को जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में हो रही कठिनाइयों के संबंध में आयोग की ओर से पूर्व में भेजे गये प्रतिनिधिमंडल की रिपोर्ट पर चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों का पक्ष सुनने के बाद आयोग शासन को इस विषय में निर्णय से अवगत कराएगा। बैठक में आयोग के उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली, सदस्य सूर्य प्रकाश पाल, विनोद कुमार, बाबा बालक दास, ऋचा राजपूत, अशोक कुमार, घनश्याम चौहान व सचिव मनोज कुमार सागर उपस्थित रहे।

### कौशांबी प्रकरण की जांच के लिए प्रतिनिधिमंडल मिलेगा पीड़ितों से

बैठक में कौशांबी के ग्राम लोहन्दा धाना सैनी निवासी राधा देवी की पुत्री के साथ हुई अमानवीय घटना का मामला सदस्य विनोद कुमार ने उठाया। उन्होंने बताया कि आरोपियों पर कार्रवाई न होकर पीड़ित पक्ष के ही लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। इस पर आयोग अध्यक्ष ने मामले की जांच के लिए 13 जून को उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल को कौशांबी भेजे जाने का निर्णय लिया। प्रतिनिधिमंडल में सदस्य विनोद कुमार, बाबा बालक दास, ऋचा राजपूत व अशोक कुमार शामिल होंगे।

### वाराणसी और नोएडा में बनेगा नया ईएसआई मेडिकल कॉलेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने मेरठ, शाहजहांपुर, बरेली, गोरखपुर और ग्रेटर नोएडा में नए अस्पतालों के निर्माण के साथ-साथ ग्रेटर नोएडा और वाराणसी में ईएसआई निगम मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। प्रदेश के श्रमिक वर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इसलिए योगी सरकार की भावी योजनाओं में स्वास्थ्य ढांचे का विस्तार और आधुनिकीकरण प्राथमिकता पर है। मेरठ, शाहजहांपुर और बरेली में नए अस्पतालों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। गोरखपुर और ग्रेटर नोएडा में नए अस्पतालों के लिए गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण को भूमि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। ग्रेटर नोएडा और वाराणसी में ईएसआई निगम मेडिकल कॉलेज की स्थापना भी करने का निर्णय लिया है इससे न केवल चिकित्सा शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि श्रमिकों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। इसके अतिरिक्त, 12 नए औषधालयों की स्थापना की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के पीआईपी प्लान के तहत 237 .50 लाख रुपये और 2025-26 के लिए 80 .90 लाख रुपये के उपकरणों की स्वीकृति ईएसआई निगम से प्राप्त हो चुकी है, जिससे अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध होंगे। निदेशालय में 1 अप्रैल से ई-ऑफिस गो-लाइव हो चुका है, जो प्रशासनिक प्रक्रियाओं को डिजिटल और पारदर्शी बनाएगा। चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए ईएसआई चिकित्साधिकारियों के कैडर रिव्यू की प्रक्रिया भी प्रान्तीय चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों की भांति ही शुरू कर दी गई है।

# 2000 करोड़ से 28830 चौराहों का होगा कायाकल्प

- लोकनिर्माण विभाग ने तैयार की कार्ययोजना, प्रदेश में 1435 ब्लैक स्पॉट्स सुधाए गए
- दो लेन से कम चौड़ाई वाले मार्गों को न्यूनतम दो लेन करने की तैयारी, पैदल को सहूलियत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** योगी सरकार दो हजार करोड़ रुपये खर्च कर 28830 चौराहों का कायाकल्प करेगी। इसे लेकर लोकनिर्माण विभाग ने खाका तैयार किया है। इसमें वर्ष 2021 से 24 के बीच 1435 ब्लैक स्पॉट्स पर दीर्घकालिक व अल्पकालिक सुधार कार्यों का भी दावा किया गया है। इसी के साथ प्रदेश में बड़े स्तर पर दो लेन से कम चौड़ाई वाले मार्गों को न्यूनतम दो लेन (पेव्ड शोल्डर युक्त) करने की तैयारी है। इससे पैदल यात्रियों को सहूलियत मिलेगी।

कार्ययोजना के अनुसार प्रदेश के 28,830 विभिन्न चौराहों, तिराहों और महत्वपूर्ण रोड जंक्शंस पर सुधार कार्यों को 2000 करोड़ की अनुमानित लागत से पूरा किए जाने की तैयारी है। ऐसे राज्य मार्ग जिनकी चौड़ाई 2 लेन से कम है या फिर दो लेन होने के बावजूद वहां पेव्ड शोल्डर कार्यों को पूरा नहीं किया गया है उसे पूरा करने पर योगी सरकार का फोकस है। प्रक्रिया के जरिए 748 करोड़ रुपये की लागत से 895 पेव्ड शोल्डर की चौड़ाई के कार्यों को पूरा किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी राज्यमार्ग कम से कम 2 लेन चौड़े तथा पेव्ड शोल्डर युक्त हों जिससे पैदल यात्रियों व साइकिल इत्यादि से चलने वाले राहगीरों की सुविधा व सुरक्षा में इजाफा होगा।

### राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई का होगा निर्माण

50 किमी से अधिक लंबाई वाले राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई के निर्माण कार्य को पूरा करने की तैयारी है। इसके लिए कुल 102 कार्य निर्धारित हैं जिसके जरिए 8,887 .88 किमी की लंबाई पर इन कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रदेश में ऐसे स्थान जहां यातायात परिवहन की वास्तविक गति उसने निर्माण के दौरान प्रस्तावित डिजाइन गति से 50 प्रतिशत या कम है, ऐसे सभी मार्गों को चिह्नित कर लिया गया है। इन मार्गों पर मेजर जियोमेट्रिकल इंप्रूवमेंट की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा जिससे न केवल यातायात परिवहन की गति में सुधार होगा बल्कि सुगम व सुरक्षित यातायात को बढ़ावा मिलेगा।

### लेखपाल, राजस्व निरीक्षकों का बढ़ेगा पेट्रोल खर्च

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने प्रदेश के लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को बढ़ा हुआ पेट्रोल खर्च देने का निर्णय लिया है। राजस्व विभाग के इन अधिकारियों की यह सालों पुरानी मांग है जिसे अब पूरा करने का ड्रॉफ्ट तैयार है। इन कर्मचारियों को वाहन भत्ता बढ़ाकर देने की तैयारी हो गई है। दरअसल, राजस्व परिषद की तरफ से भेजे गए प्रस्ताव पर सहमति बन चुकी है और शीघ्र ही इस पर शासनादेश जारी किया जाना संभव है। वहीं, नायब तहसीलदारों के भी ग्रेड पे को बढ़ाने की तैयारी है। फिलहाल उनका ग्रेड पे 4,200 रुपये है जिसे बढ़ाकर 4,800 रुपये किया जाएगा। राजस्व विभाग के सूत्रों के मुताबिक, प्रस्ताव के तहत लेखपालों को 1,500 रुपये और राजस्व निरीक्षकों को 2,000 रुपये प्रतिमाह वाहन भत्ता दिया जाएगा। पहले ये भत्ता बहुत कम था जिसकी वजह से कर्मचारियों को व्यवहारिक कठनाइयों का सामना करना पड़ता था।

# निकांत जैन का एक और फर्जीवाड़ा, रिपोर्ट दर्ज

- सस्ती जमीन गिरवी रख एसएसजे एग्रोटेक के नाम पर कराया चार करोड़ का लोन
- इंडियन बैंक के मुख्य प्रबंधक ने निकांत और उसके भाई समेत तीन पर दर्ज कराया केस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** निलंबित आईएएस व पूर्व सीईओ इन्वेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश के करीबी निकांत जैन की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। इंडियन बैंक के मुख्य प्रबंधक ने हजरतगंज थाने में निकांत और उसके भाई सुकांत जैन व परिवार की महिला वैशाली जैन के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि कम कीमत की जमीन को महंगा बताकर गिरवी रखा और चार करोड़ रुपये का लोन लिया, लेकिन चुकाया नहीं। जांच में यह खुलासा हुआ तो बैंक ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मुख्य प्रबंधक इंडियन बैंक आशीष जिंदल के मुताबिक गोमतीनगर निवासी निकांत जैन, उसके बड़े भाई सुकांत जैन और वैशाली जैन ने अपनी रजिस्टर्ड कंपनी एसएसजे एग्रोटेक प्रा. लि. के नाम चार करोड़ का लोन 2017 में लिया। इसके बदले में सरोसा-भरोसा गांव की 760 वर्गमीटर और बाराबंकी के रामसनेही घाट स्थित लालपुर राजपुर गांव में 1850 वर्गमीटर भूखंड गिरवी रखे। 27 मार्च 2018 को नई कंपनी बनाने का प्रस्ताव पत्र के माध्यम से एक नई संपत्ति उन्नाव के हसनगंज स्थित बजेहरा की 2800 वर्गमीटर जमीन को गिरवी रखते हुए एक जमीन को मुक्त करने का आवेदन दिया। बैंक ने 29 मार्च 2018 को कंपनी के आवेदन पत्र स्वीकृत किया। इसके बाद सरोसा-भरोसा की संपत्ति के स्थान पर उन्नाव के बजेहरा गांव की जमीन को गिरवी रख लिया।

### खाता एनपीए हुआ, जब्त की गई संपत्ति

मुख्य प्रबंधक के मुताबिक संपत्ति के प्रतिस्थापना के बाद लोन की किस्तें जमा नहीं की जा रही थी। 30 सितंबर 2018 को खाता एनपीए हो गया। इसके बाद बैंक ने गिरवी रखी गई संपत्तियों को जब्त कर उसे बेचने कर ऋण वसूली की कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान पता चला कि जिन संपत्तियों को गिरवी रखा गया है। उनकी कीमत वास्तविक रूप से काफी कम है। इसके बाद एक कमेटी का गठन किया गया। कमेटी की जांच रिपोर्ट में सामने आया कि जमीन की कीमत काफी बढ़ाकर प्रस्तुत किया गया था। खाते को फ्राड घोषित किया गया। वैल्यूवर्स के खिलाफ बैंक ने कार्रवाई करते हुए उन्हें पैनल सूची से हटा दिया।

### सीबीआई में मामला दर्ज कराने का हुआ था प्रयास

मुख्य प्रबंधक आशीष जिंदल के मुताबिक जांच रिपोर्ट आने और वैल्यूवर्स को हटाने के बाद बैंक ने इस मामले की शिकायत सीबीआई में दर्ज कराने के लिए आवेदन किया था। लेकिन आरबीआई द्वारा 15 जुलाई 2024 को आदेश दिया गया था। उसे जवाब देने के लिए कम से कम 21 दिन का समय दिया जाएगा। आदेश के पालन के लिए बैंक ने पुन : कंपनी व निदेशकों को कारण बताओ नोटिस 21 अक्टूबर 2024 को जारी किया। इसका कंपनी की तरफ से संतोषजनक उत्तर नहीं मिला।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा- 13 .13 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**मेष** — आज अधीनस्थ कर्मचारी आपसे किसी कारण नाराज हो सकते हैं। अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण करने का प्रयास करें। वैवाहिक जीवन में कुछ अनबन हो सकती है। इस समय को शांति और प्रेम पूर्वक बिताने का प्रयास करें।

**वृष** — आज नई जॉब आरंभ कर सकते हैं। अनावश्यक विवादों से बचें। आप अत्यंत तीव्र गति से अपने कार्य पूर्ण करेंगे। भविष्य की योजनाओं पर धन खर्च कर सकते हैं। दांपत्य संबंदों में नई ताजगी उत्पन्न होगी।

**मिथुन** — आज आपको ऋण या उधार लेने से आपको बचना चाहिए। पुरानी बातों पर अधिक विचार न करें। आपको मात्र अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम अत्यंत सुखद रहेंगे। उच्च अधिकारियों के प्रति मन में नाराजगी हो सकती है।

**कर्क** — आज सभी कार्यों को एकाग्र होकर करें। मित्रों की सहायता से आपके सभी काम आसानी से पूर्ण हो जाएंगे। आपको मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। संतान को लेकर गौरव का अनुभव कर सकते हैं। अपने प्रेमी से मन की बातें अवश्य करें।

**सिंह** — आज किसी पर भी सहज ही विश्वास न करें। अपने लक्ष्यों को लेकर दृढ़प्रतिज्ञ रहें। पारिवारिक अशांति दूर होगी। व्यापार में आप अति उत्तम प्रदर्शन करेंगे। आपको जोखिम लेने से बचना चाहिए। अपनी रचनात्मक क्षमता का अच्छा प्रयोग करेंगे।

**कन्या** — आज जटिल मामलों को सरलता से सुलझा लेंगे। प्रतिस्पर्धियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। आपको सुखद समाचार मिल सकते हैं। परिवार के लोग आपको सहयोग देंगे। शेयर मार्केट के माध्यम से आपको बड़ा धन लाभ होगा।

**तुला** — आज दिनचर्या अनियमित हो सकती है। अपने विचारों को संकीर्णता के दायरे में सीमित न करें। दूसरों के अतिरिक्त स्वयं के निर्णय को अधिक प्रधानता दें। किसी से अधिक अपेक्षा न रखें। कार्यक्षेत्र में थोड़ी कठिनाई का अनुभव कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। आत्मविश्वास के कारण आप हर जगह बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। अपनी कार्यशैली से संतुष्ट रहेंगे। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। व्यवसाय के दृष्टिकोण से आप अत्यंत भाग्यशाली रहने वाले हैं।


**धनु** — आज कारोबार से जुड़े लोगों को अपनी कमियों और गलतियों का मूल्यांकन करना चाहिए। नेत्रों में कुछ समस्या हो सकती है। परिस्थितियों का डटकर मुकाबला करें। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के ताने सुनने पड़ सकते हैं।

**मकर** — आज ऑनलाइन कारोबार से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। लोग आपके व्यक्तित्व से आकर्षित रहेंगे। पिछले कई दिनों से चली आ रही तनावयुक्त परिस्थितियां सामान्य हो जाएंगी। संपत्ति के लेन-देन से लाभ मिलेगा।

**कुंभ** — आज पारिवारिक जीवन अत्यंत आनंदमय रहेगा। हाथ में आए अवसरों को लेकर लापरवाही न करें। कारोबार में लाभ के बावजूद मन संतुष्ट नहीं रहेगा। यदि किसी लत या बुरी आदत से ग्रसित हैं तो सावधान रहें।

**मीन** — आज कारोबार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। फाइनेंस से जुड़े मामलों के लिए दिन अच्छा है। जॉब में परिस्थितियां अत्यंत अनुकूल रहेंगी। समाज के बुद्धिजीवियों के मध्य आपकी प्रशंसा होगी। अचानक प्राप्त हुए अवसरों से गदगद रहेंगे।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 20 .10 तक तत्पश्चात मूल।

## वर्ग पहेली- 458

**बाएं से दाएं**

1. काम-काज अथवा उद्योग-धंधे में लगा रहने वाला, जिसके हाथ में अनेक काम रहते हों, उद्यमी।
4. 1. सुंदर, आकर्षक, मनोहर 2. जिसपर चिह्न या निशान हो, चिह्नित, अंकित।
5. 1. गाड़ी या हल के जुए की लकड़ी जिसके दोनों ओर बैल जोते जाते हैं 2. गाटा।
7. श्मशान में रहने वाली स्त्री, डाकिनी पिशाचिनी।
8. 1. जिसमें चुंबक या उसके समान गुण हो 2. चुंबक संबंधी।
11. 1. विस्तृत, लंबा-चौड़ा, फैला हुआ 2. जो संकरा न हो।
12. 1. धोखा या चकमा देकर शत्रु पर प्रहार करने वाला व्यक्ति 2. गमन 3. पलायन।, 1. सरका हुआ, खिसका हुआ 2. गत 3. विचलित।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. कार्य, काम, रोज़गार, धंधा, व्यापार, व्यवसाय 2. कारण, प्रयोजन, हेतु 3. विवाह आदि कोई शुभ कार्य 4. कपड़े में बटन लगाने का छेद।
2. रसायन विज्ञान की वह शाखा जिसमें जीवित वस्तुओं में होने वाले रासायनिक प्रक्रमों और वस्तुओं का अध्ययन होता है।
3. 1. ठुमककर चलने की अवस्था
6. छोटा नगाड़ा जिसे बजाकर किसी प्रकार की घोषणा की जाती है, डुग्गी, डुगडुगी।
9. 1. किसी कार्य या उपलब्धि में अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे बढ़ जाने की स्थिति 2. चुनाव आदि में एक दल के प्रत्याशी का दूसरे दल के प्रत्याशी से मतों की संख्या में आगे बढ़ जाना, (लीड)।
10. 1. आघात, टक्कर 2. समूह, जमाव, समष्टि 3. हत्या, वध 4. निवास, रहने की जगह 5. शरीर, देह।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | ■ | 4 | | |
| ■ | 5 | 6 | | ■ | |
| ■ | ■ | 7 | | | ■ |
| 8 | 9 | | | ■ | 10 |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| 11 | | | ■ | 12 | |

## वर्ग पहेली -457 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 उ | ■ | ■ | 2 त | ■ | 3 रा |
| हूँ | ■ | 4 सा | र | को | मा |
| ■ | 5 कु | ली | न | ■ | यु |
| ■ | ■ | ■ | ता | ■ | ध |
| ■ | ■ | 6 अ | र | थी | ■ |
| 7 तृ | षा | वा | न | ■ | ■ |
| ■ | ■ | री | ■ | 8 अ | भि |

## सुडोकू -5

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 3 | 9 | | 1 | |
| | | 9 | | 7 | 1 | | 8 | 4 |
| | | 7 | | | 5 | 6 | | |
| 1 | | 3 | | 9 | | 2 | | |
| | 5 | | | | | | 7 | |
| | | 4 | | 8 | | 1 | | 6 |
| | | 2 | 9 | | | 3 | | |
| 8 | 3 | | 7 | 6 | | 9 | | |
| | 9 | | 1 | 2 | | | | |

## सुडोकू - 4 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 4 | 2 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 9 | 6 | 1 |
| 9 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 | 8 | 3 | 7 |
| 1 | 3 | 2 | 6 | 4 | 5 | 7 | 8 | 9 |
| 7 | 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 5 | 2 |
| 5 | 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 |

चत्वारि ते तात गृहे वसन्तु श्रियाभिजुष्टस्य गृहस्थधर्मे।
वृद्धो ज्ञातिरवसन्न: कुलीन: सखा दरिद्रो भगिनी चानपत्या॥

परिवार में सुख-शांति और धन-संपत्ति बनाए रखने के लिए बड़े-बूढ़ों, मुसीबत का मारा कुलीन व्यक्ति, गरीब मित्र तथा निस्संतान बहन को आदर सहित स्थान देना चाहिए। इन चारों की कभी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# असमानता दूर करने के लिए

यह देश के लिए किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है कि भारत गरीबी उन्मूलन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। विश्व बैंक की हाल ही में जारी रिपोर्ट के अनुसार पिछले करीब एक दशक में भारत लगभग 27 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सफल हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 2011-12 में 27.1 फीसदी थी, जो 2022-23 में घटकर 5.3 प्रतिशत रह गई। यानी ग्यारह साल में लगभग 27 करोड़ लोगों ने अत्यधिक गरीबी से निकलने में सफलता पाई। वास्तव में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना और आयुष्मान भारत आदि ने आवास, रसोई के लिए स्वच्छ ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक निचले स्तर के लोगों की पहुंच बढ़ाई है। ऐसे ही डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, डिजिटल समावेशन और मजबूत ग्रामीण बुनियादी ढांचे का लाभ ज्यादातर लोगों को मिला है, लेकिन ऐसे में पता होना जरूरी है कि ये सरकारी योजनाएं आखिर किस हद तक गरीबी कम करने में मददगार साबित हो रही हैं। साथ ही भारत में गरीबी घटी और शहरी व ग्रामीण गरीबी में व्याप्त फर्क भी कम हुआ। इस दौरान भारत में बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी सफलता मिली है।

एक दशक के दौरान रोजगार में भी वृद्धि हुई तथा ग्रामीण व शहरी, दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। हालांकि गरीबी उन्मूलन में भौगोलिक एवं अन्य असमानताएं मौजूद हैं। ये असमानताएं हैं, जिन्हें अवश्य दूर किया जाना चाहिए। लोग गरीबी रेखा से तो ऊपर आ जाते हैं मगर विभिन्न आर्थिक झटकों के कारण दोबारा गरीबी की चपेट में चले जाते हैं। इसका पता कोविड महामारी के समय चल चुका है। शिक्षा के प्रसार से इस वर्ग की उत्पादकता बढ़ाने की भी कोशिश की जानी चाहिए। तभी गरीबी का कुचक्र स्थायी रूप से कम किया जा सकता है। जवाब में आंकड़ों के साथ ही स्वीकारना चाहिए कि देश में आर्थिक असमानता का बढ़ना चिंतनीय है। वैसे तो आर्थिक असमानता को लेकर चिंताएं सभी देशों में फैली हुई हैं, लेकिन मध्यम आय वाले देशों में लोग इसे बहुत बड़ी समस्या मानते हैं। वे यह भी कहते हैं कि अमीरों का बहुत ज्यादा राजनीतिक प्रभाव होना असमानता का एक बड़ा कारण है। कई लोग असमानता के लिए कुछ लोगों के लिए ज्यादा अवसर होने को भी जिम्मेदार ठहराते हैं। निस्संदेह कल्याणकारी राज्य में चुनौतियों का सामना करते हुए आर्थिक असमानता को अधिक नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बगावती तेवर संवेदनशील मुद्दा



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

बहरहाल अमेरिका की एक रिसर्च फर्म पैलिसेड रिसर्च ने एआई मॉडल्स पर कुछ खास टेस्ट किए और इन टेस्ट्स में यह देखा गया कि एआई सिस्टम्स को जब खुद को बंद करने के लिए कहा गया, तो कुछ मॉडल्स ने आदेश मानने से मना कर दिया।

आज का युग एआई यानी कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का युग है। यह ठीक है कि एआई ने आज मानव को अनेक सुविधाएं प्रदान कीं हैं। मसलन आज एआई हमारे समाज और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। एआई का उपयोग आज युद्ध, विज्ञान, चिकित्सा, शिक्षा, इंजीनियरिंग, स्पेस, मौसम विज्ञान, घटनाओं का अनुमान लगाने, इंटरनेट ऑफ थिंग्स के इकोसिस्टम में, ऑटो सेक्टर, वैज्ञानिक खोजों और नई दवाओं के निर्माण में, विभिन्न समस्या समाधान, पर्सनलाइज्ड रिजल्ट और कंटेंट प्राप्त करने, प्रोडेक्टिविटी को बूस्ट करने, डिसीजन मेकिंग में, डिजिटल उपस्थिति में तेजी लाने, मानवीय त्रुटियों को न्यूनतम करने, परिचालन लागत को कम करने, उपयोगकर्ता अनुभव में सुधार करने, 24/7 विश्वसनीयता सुनिश्चित करने, ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने, आपूर्ति श्रृंखलाओं को अनुकूलित करने, डेटा विश्लेषण में सुधार करने, मानव संसाधन संचालन को बढ़ावा देने, वित्तीय नियोजन में सुधार करने, जोखिम मूल्यांकन और सुरक्षा में सुधार करने, पूर्वानुमानित रख रखाव को सक्षम बनाने, सामग्री निर्माण को सरल बनाने, रोगी देखभाल में सुधार करने, शिक्षा को वैयक्तिकृत करने, यातायात प्रबंधन को बढ़ावा देने, कार्यस्थल सुरक्षा को बढ़ावा देने, गोपनीयता संरक्षण और नैतिक कार्यान्वयन सुनिश्चित करने समेत आज कौन सा क्षेत्र बचा है, जहां एआई का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है, लेकिन इन सभी सुविधाओं के साथ-साथ ही आने वाले समय में एआई मानव के लिए एक बड़ा खतरा सिद्ध हो सकता है।

हाल ही में यह सामने आया है कि एआई पहली बार इंसान के खिलाफ हो गया। दरअसल, एआई ने हाल ही में इंसान की बातों को मानने से इंकार कर दिया। वास्तव में यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील मामला हो जाता है जब मशीनें, रोबोट या एआई मॉडल्स इंसानों के खिलाफ काम करने लगें। अब तक फिल्मों में ही हमने ऐसा होते देखा है, लेकिन अब हकीकत में ऐसा सामने आया है। हाल ही में एआई टूल ने शट-डाउन होने और इंसानी बातें मानने से इंकार कर दिया है। ऐसा ओपन एआई के टूल चैटजीपीटी के लेटेस्ट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल के साथ देखने को मिला है। कहना गलत नहीं होगा कि अब एआई सोच समझ ही नहीं रहा अपितु इंसानों को धमकाने भी लगा है और यह बहुत बड़ी बात है।

> एआई के परिणामस्वरूप सामाजिक-आर्थिक असमानता आ सकती है। यह मानवीय नैतिकता और सद्भावना को कमजोर कर सकती है। कहना गलत नहीं होगा कि एआई वित्तीय संकटों, संचालित स्वायत्त हथियारों को जन्म दे सकती है।

बहरहाल अमेरिका की एक रिसर्च फर्म पैलिसेड रिसर्च ने एआई मॉडल्स पर कुछ खास टेस्ट किए और इन टेस्ट्स में यह देखा गया कि एआई सिस्टम्स को जब खुद को बंद करने के लिए कहा गया, तो कुछ मॉडल्स ने आदेश मानने से मना कर दिया। सबसे चौंकाने वाला मामला तो तब सामने आया जब एंथ्रोपिक कंपनी के क्लाउड ओपस 4 नाम के मॉडल ने एक इंजीनियर से कहा कि अगर उसे हटाकर किसी और मॉडल को लाया गया, तो वह उसके निजी रिश्तों की पोल खोल देगा। यानी अब एआई न सिर्फ स्मार्ट हो गया है, बल्कि ब्लैकमेलिंग पर भी उतर आया है। रिसर्च में ओपन एआई के लेटेस्ट चैटजीपीटी 03 मॉडल का व्यवहार सबसे ज्यादा चिंता का कारण बना। रिपोर्ट के मुताबिक, 03 मॉडल ने 100 में से 7 बार तो सीधे शटडाउन से इंकार कर दिया और जब बिना सीधा आदेश दिया गया, तो 79 बार शटडाउन रोकने की कोशिश की। यही नहीं, कोडेक्स मिनि और 04 मिनि जैसे मॉडल्स ने भी कई बार तकनीकी चालाकी दिखाते हुए खुद को बंद होने से बचाया। मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार गूगल के जैमिनी 2.5 प्रो, एक्स एआई का ग्रोक 3 और क्लाउड ओपस जैसे अन्य बड़े मॉडल्स को भी टेस्ट किया गया और इनमें से कुछ ने अपेक्षाकृत बेहतर व्यवहार दिखाया, लेकिन कुछ मौकों पर ये भी आदेशों को नजरअंदाज करते पाए गए। बहरहाल कहना गलत नहीं होगा कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को मानव ने तैयार किया है, न कि एआई ने मानव को। होना तो यह चाहिए कि एआई मानव के आदेशों को मानें, क्यों कि यह मशीन आधारित है। यानी कि एआई इंसान के आदेशों को मानने से इंकार कर रही है। मशीन, मशीन होती है और किसी भी मशीन में इंसानों की तरह भावनाएं नहीं होतीं हैं।

आज एआई बगावत पर उतर रहा है, यह मानव के लिए किसी गंभीर व बड़े खतरे से कम नहीं है। यह बहुत ही गंभीर बात है। आज जैसे-जैसे एआई अधिक परिष्कृत और व्यापकता की ओर बढ़ रही है, वैसे-वैसे ही इसके खतरे भी बढ़ते चले जा रहे हैं। एआई मशीन लर्निंग और न्यूरल नेटवर्क एल्गोरिथम के आधार पर कार्य करतीं हैं और ये कभी-कभी मानव से ज्यादा बुद्धिमान हो सकतीं हैं और हमें यानी कि मनुष्य को नियंत्रण में लेने का फैसला कर सकतीं हैं। तकनीकी समुदाय लंबे समय से कृत्रिम बुद्धिमता से उत्पन्न खतरों पर बहस करता रहा है। नौकरियों का स्वचालन, फर्जी खबरों का प्रसार और एआई-संचालित हथियारों की खतरनाक हथियारों की दौड़ को एआई द्वारा उत्पन्न कुछ सबसे बड़े खतरों के रूप में उल्लेख किया गया है। वास्तव में एआई पारदर्शिता और व्याख्या की कमी को जन्म दे सकती है। एआई स्वचालन के कारण नौकरियों का नुक़सान हो सकता है, क्योंकि कंप्यूटर आजकल इतने कार्यकुशल हो चुके हैं कि वे मानव को अपनी स्क्रीन पर यह प्रदर्शित कर सकते हैं कि अब आप जा सकते हैं, मुझे आपकी जरूरत नहीं है।

एआई एल्गोरिदम के माध्यम से सामाजिक हेरफेर संभव है। एआई हमारी गोपनीयता और सुरक्षा को प्रतिकूल तरीके से प्रभावित कर सकती है। वास्तव में यह हमारी गतिविधियों, रिश्तों और राजनीतिक विचारों की निगरानी करने के लिए पर्याप्त डेटा एकत्रित कर सकती है। एआई पूर्वाग्रहों को जन्म दे सकती है। दरअसल एआई को मनुष्यों द्वारा विकसित किया गया है और मनुष्य स्वाभाविक रूप से पक्षपाती हैं।

एआई के परिणामस्वरूप सामाजिक-आर्थिक असमानता आ सकती है। यह मानवीय नैतिकता और सद्भावना को कमजोर कर सकती है। कहना गलत नहीं होगा कि एआई वित्तीय संकटों, संचालित स्वायत्त हथियारों को जन्म दे सकती है। इतना ही नहीं, एआई तकनीक पर अत्यधिक निर्भरता के परिणामस्वरूप समाज के कुछ हिस्सों में मानवीय प्रभाव में कमी आ सकती है और मानवीय कामकाज में कमी आ सकती है। उदाहरण के लिए स्वास्थ्य सेवा में एआई का उपयोग करने से मानवीय सहानुभूति और तर्क में कमी आ सकती है और रचनात्मक प्रयासों (क्रिएटिव एफर्ट्स) के लिए जनरेटिव एआई का उपयोग करने से मानवीय रचनात्मकता और भावनात्मक अभिव्यक्ति कम हो सकती है। यहां तक कि एआई सिस्टम के साथ बहुत अधिक बातचीत करने से सहकर्मी संचार और सामाजिक कौशल में भी कमी आ सकती है। समय के साथ एआई के बुद्धिमत्ता में प्रगति करने से यह बहुत ही संवेदनशील हो जाएगी और मनुष्य के नियंत्रण से परे कार्य करेगी। एआई तकनीक के अधिक सुलभ होने से आपराधिक गतिविधियों में भी इजाफा हो सकता है। कहना गलत नहीं होगा कि यह व्यापक आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता तक को जन्म दे सकती है। साइबर सुरक्षा में एआई के बड़े जोखिम हैं।

अंत में एआई कोई इंसान नहीं है, यह मशीन है और एआई मशीनों में इंसानों की तरह का दिमाग यानी बौद्धिक क्षमता लाने वाली टेक्नोलॉजी है। इसे आर्टिफिशियल तरीके से डेवलप किया गया है और कोडिंग के जरिए मशीनों में इंसानों की तरह इंटेलिजेंस डेवलप की जाती है, ताकि वह इंसानों की तरह सीख सके। खुद से फैसले ले सके, विभिन्न कमांड आदि को फॉलो कर सके। कुल मिलाकर मल्टी टास्किंग कर सके, लेकिन तकनीक का सही व विवेकपूर्ण उपयोग ही किया जाना चाहिए, क्योंकि अविवेकपूर्ण व गलत उपयोग तबाही को जन्म दे सकता है।

## प्रसंगवश

# चिंतन और विचार का वास्ता ज्ञान से नहीं समाधान से



भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

अध्ययन और ज्ञान की अधिकता से मनुष्य विद्वान या ज्ञानी (जानकार) तो बन जाता है, परंतु समझदार नहीं बन जाता। ज्ञान प्रायः समझदारी में बाधक होता है। आए दिन के व्यवहार में विद्वान लोग सामान्य साक्षर, यहां तक कि निरक्षर, लोगों की तुलना में अधिक भूलें करते हैं। कारण वे अपने पर नहीं, उन पंडितों पर भरोसा करते हैं, जिन्होंने वे पुस्तकें लिखीं जिनको पढ़कर वे ज्ञानी बने हैं। वे अपने सामने की परिस्थितियों और अपनी समस्याओं का समाधान किसी दूसरे देशकाल की, मिलती-जुलती समस्याओं के समाधान से पाना चाहते हैं, इसलिए प्रायः भयंकर गलतियां करते हैं और उनकी ओर ध्यान दिलाने पर भी सुधार नहीं कर पाते। अशिक्षित या अल्प शिक्षित लोगों के लिए एक अपशब्द है, अनाड़ी।

बहुपठित लोगों के लिए एक दूसरा शब्द है, ठस दिमाग अर्थात जिनका दिमाग ज्ञान से ठसाठस भरा हुआ है और जिसमें किसी नए ज्ञान के लिए जगह ही, नहीं रह गई है। इसी को अंग्रेजी में ब्लॉक हेडेड कहते हैं, जो भी एक शब्द हैं। मुझे ऐसा लगता है कि इसके श्रुतिदोष के कारण इसे 60 मानकर 'सठियाना' मुहावरा बना है। कारण, हमारी परंपरा में वयोवृद्ध लोगों को ज्ञानवृद्ध माना जाता रहा है, न कि ज्ञानजड़। इसे लेकर लोक से लेकर साहित्य तक कहानियां भरी पड़ी हैं, जो भी हो, इस जड़ता के पीछे किसी तरह का दैन्य नहीं, अपितु दंभ हुआ करता है। इसका बहुत सुंदर उदाहरण सिकंदर के साथ आए यूनानी लेखकों ने दिया है। कहते हैं सिकंदर से अरस्तू ने कहा था कि यदि तुम भारत जाना तो वहां से एक दार्शनिक लेते आना। उसके अनुसार सिकंदर ने वापसी से पहले अपने सैनिकों को आदेश दिया कि वे किसी दार्शनिक को बुलाकर लाएं। वे एक दार्शनिक के पास पहुंचे और उसे सिकंदर परिचय देकर साथ चलने का प्रस्ताव रखा तो उसने इंकार करते हुए कहा, 'मुझे तुम्हारे बादशाह की दौलत और ताकत से कुछ भी लेना देना नहीं। मैं उसके पास क्यों चलूंगा। लौटकर उन्होंने सिकंदर को उसका उत्तर सुनाया तो सिकंदर स्वयं उससे मिलने गया। प्राचीन काल में भाषा का संकट दूर करने के लिए प्रायः प्रतीकों में बात हुआ करती थी। सिकंदर ने उसके सामने मक्खन से लबालब भरा हुआ एक प्याला पेश किया, जिसका अर्थ था, हमारे ग्रीस का ज्ञान लबालब भरा हुआ है, उसमें कोई कमी नहीं है। उसे दार्शनिक ने एक तिनका उठाया और उसे भरे हुए मक्खन के प्याले में खोंस दिया, जिसका अर्थ था कि ज्ञान जिस भी पराकाष्ठा पर क्यों न पहुंचा हुआ हो, उसमें नए ज्ञान की संभावना बनी रहती है।

कहते हैं सिकंदर उसके सामने नतमस्तक हो गया। याद नहीं उन विवरणों में उसे भारतीय दार्शनिक का नाम दिया हुआ था या नहीं। परंतु कहते हैं उसके बाद सिकंदर ने ज्ञान के दो केंद्र बनाने का इरादा किया था, एक यूनानी ज्ञान के लिए भारत में और दूसरा भारतीय ज्ञान के लिए यूनान में। जीवित रहता तो शायद पूरा भी किया होता। इसे बचपन में भजनीकों से सुना था फिर बाद से डूगल्ड स्टीवर्ट के ग्रंथ में पढ़ा। प्रतिभाशाली व्यक्ति भावुक और कल्पनाशील होता है और अपेक्षाकृत कम आयु में ही अपने मनोभाव को व्यक्त करने के माध्यम पर दक्षता प्राप्त कर लेता है, यद्यपि यह भ्रम भी पाल लेता है कि वह दूसरों से अधिक मनस्वी है। वह प्रायः इस आत्ममुग्धता से इतना ग्रस्त हो जाता है कि अपने भावोच्छवास को ऊंचे दर्जे का विचार मान लेता है और अपनी समकक्षता में किसी चिंतक को रखता ही नहीं। लोग भी उसके बहकावे में आ जाते हैं।

चिंतन और विचार का संबंध मनन से है। ज्ञान से नहीं समाधान से और समाधान पर्यंत ऊहापोह से है। इसके लिए पुस्तकीय ज्ञान की जरूरत नहीं, ध्यान और अनुसंधान से है। यह कहने का अधिकार मुझे है। अल्वा एडिसन को याद करेंगे तो आप भी मान जाएंगे। मैं किसी वस्तु, व्यक्ति या कथन को सतही या इकहरे रूप में मान नहीं सकता इसलिए मेरे लिए कोई अच्छा या बुरा होता ही नहीं। सही या गलत काम होते हैं और उनके कारण होते हैं। कुछ कारण प्रकृति प्रदत्त होते हैं, जिन पर व्यक्ति का वश ही नहीं होता, यह इतने सुथरे रूप में तो नहीं, किंचित शब्दातीत रूप में मेरे भीतर इतनी छोटी उम्र में आ गया था कि सोचकर स्वयं विश्वास नहीं कर पाता था।

# पर्यटन और धरोहर संरक्षण के अतर्संबंध



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

> अब समय है हम यूरोपियन पद्धति से अपने देश में पर्यटन न करें और विशुद्ध भारतीय पद्धति का विकास करें। इसके लिए चाहे कुछ भी करना पड़े।

कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने के बहुत बुरे नतीजे सामने आए हैं। अंग्रेजों के समय इन क्षेत्रों में पर्वतीय स्टेशन विकसित किए गए जो कि ठंडे देश से आने वाले यूरोपियन लोगों की शारीरिक जरूरत थे। यहां इन्होंने स्वास्थ्य सदन बनाए। इन स्थानों पर भारतीयों को नौकर रखा गया। कुछेक के लिए जैसे कि ऊटकमंड, दार्जिलिंग और शिमला के लिए रेल लाइन निकाली गईं।

सभी पर्वतीय स्टेशन की अभी की पर्यावरण मूल्यांकन रिपोर्ट में इनकी दुर्गति की कहानी लिखी हुई है, जहां भी गैर-स्थानीय लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं वहां के जीवन निर्वाह प्रणाली पर जबरदस्त दबाव बनाते हैं। होटलों की भरमार, कूड़ा-करकट, गंदा या मल जल, पीने के स्वच्छ पानी की किल्लत, वहिकुलर पाल्यूशन, संक्रमण, स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव, भूमि पर दबाव, पार्किंग की कमी और न जाने क्या क्या। यह मामला सिर्फ आंकड़ों और इकॉनोमिक्स के आईने में ही नहीं, बल्कि सडन मानव गतिशीलता और संसाधन उपलब्धता से जुड़ा हैं, जिसके निहितार्थ भयानक है। जमीन पर कब्जों को लेकर देश के भीतर और बाहर कम्पटीशन है। पाकिस्तान और चीन को लेकर यह खूनी संघर्ष मात्र पर्यटन को लेकर नहीं है, बल्कि प्राकृति संशाधनों को लेकर है।

कश्मीर क्षेत्र में मुस्लिम बाहुल्य हुआ। अगर यह न होता तो क्या होता, इस बारे में अनुकरणित अध्ययन क्यों नहीं किया जाता। स्थानीय लोग चाहे कोई भी हों, किसी भी धर्म से हों, जियो-पॉलिटिक्स उसकी प्रकृति को तय करती है। पर्यटन से उलटा नुकसान होगा। अगर कुछ करना ही था तो वह सन् 1948-1950 के दौरान करना था जब कश्मीर की डेमोग्राफी को बदल दिया जाना चाहिए था, लेकिन क्या संभव और क्या नहीं यह मजबूत इरादे, पहल और परिस्थितियों पर निर्भर हुआ।

कश्मीर में सेना की तैनाती होने से क्या सैनिक वहां पर पर्यटन करते हैं? क्या इनकी तैनाती सिर्फ पर्यटकों की सुरक्षा के लिए होती है? बहुत से तीर्थ-स्थलों का परिवेश अत्यंत संक्रामक विषाणुओं और जीवाणुओं के पनपने के आदर्श स्थल बन चुके हैं। इनकी सैनिटेशन ऑफ हाइजीन की दशाएं निम्न स्तर से भी निम्न दिखती हैं। हमें मंदिरों और तीर्थ-स्थलों के आसपास की स्वच्छता के सर्वे कभी नहीं किए और इनके इर्द-गिर्द कितने और कैसे रोगजनक (पैथोज्न्स) की उपस्थिति है, हमें मालूम ही नहीं।

जहां तक मंदिरों और तीर्थ-स्थलों का सवाल है, पर्यटन ने इनका अक्स और छवि दोनों को बदला है। सभी तीर्थ अब व्यावसायिक स्थल अधिक और सुकून और अध्यात्म से भरपूर कम नजर आते हैं। विशाल और ऐतिहासिक महत्व के जिन मंदिरों को ऐतिहासिक नगरों ने निकट स्थापित किया गया या कालांतर में इन मंदिरों के निकट ही नगर विकसित हो गए हैं, उन सबके परिवेश की हालत इस समय अत्यंत खराब हो चुकी है। देश के आधे से अधिक मंदिरों के आसपास कमर्शियल गतिविधि ने इनकी दृश्यावली को बर्बाद कर दिया है।

अब समय है हम यूरोपियन पद्धति से अपने देश में पर्यटन न करें और विशुद्ध भारतीय पद्धति का विकास करें। इसके लिए चाहे कुछ भी करना पड़े, लेकिन अफसोस है कि समाज की रचना, समाज की ओछी समझ और पॉलिटिशियंस की खुद की मजबूरी उन्हें शासकीय, सही निर्णय लेने से रोकती है। पर्वतीय क्षेत्र ही नहीं मैदानों में स्थित तीर्थ स्थलों के संरक्षण के लिए पर्यावरण, विज्ञान, तकनीक और अर्बन डेवलपमेंट मिनिस्ट्रीज को भारत पुरातत्व-सर्वेक्षण विभाग की मदद करनी चाहिए और इस बाबत पुरातात्विक संपदा संरक्षण एक्ट में संशोधन करने चाहिए। ऐसा न हो कि एएसआई एक लाचार और बेबस संस्था दिखे और अनंतकाल तक जिसे फंड्स-दुर्भिक्ष का सामना करते रहना हो।

क्या भारत में पुरातत्व विभाग को पर्यटन के हिसाब से ढाला जा रहा है। होना चाहिए था कि भारत पुरातत्व विभाग अपने सभी पुरास्थलों पर शानदार डाक्यूमेंट्री या फीचर फिल्म बनाने के लिए दक्ष सिने-निर्माताओं को निमंत्रित करता, लेकिन यह काम सन 1950 से 1960 के बीच हो जाना चाहिए था। भारत पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग में एक पुरा-स्थल 'इंटेलिजेंस सिस्टम' भी होना चाहिए जिसके लिए डाटा ग्राउंड बेस्ड और सॅटॅलाइट सोर्सेज से जुटाया जाना चाहिए।

## सोशल फोरम

# बौद्धिक अराजकता के युग में



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

> मानव मस्तिष्क से बुद्धि की प्राकृतिक शक्ति को, तर्क की शक्ति को और अपनी बहुरंगी श्रेष्ठताओं को बचाने की शक्ति को मिटाया नहीं जा सकता।

इधर कूपमंडूकता ने राजनीतिक शक्ति अर्जित कर भारत की महान परंपराओं की समझ और 19वीं-20वीं सदी की उदारवादी साहित्यिक उपलब्धियों पर हमला चला रखा है। पुरानी रूढ़िवादी सोच बीते दिनों की बात हो गई थी, पर इसने आधुनिक मस्तिष्क को इन दिनों बुरी तरह घेर लिया है। बिग मीडिया सबसे ताकतवर बुलडोजर बना हुआ है।

यह बड़े पैमाने पर बौद्धिक विध्वंस कर रहा है और लोगों की खुद सोचने की शक्ति मिटा रहा है। इस परिदृश्य में 'डेढ़ हल्दी की गांठ' लेकर ही कई व्यक्ति बड़े पंसारी बनकर घूम रहे हैं। एक वैचारिक किताब पूरी नहीं पढ़ी है और सबसे बड़े ज्ञानी हैं। पहले कहा जाता था, 'मूड़ मुड़ाय भए संन्यासी' और 'मन न रंगाय रंगाये जोगी कपड़ा'! सवाल है, जब लोग नवनिर्मित अंधविश्वासों के चमकते संसार में लाए जा चुके हैं और ज्ञान की दुनिया के राजनीतिक क्रीतदास हमारी साहित्यिक परंपराओं पर हमले कर रहे हैं, लेखकों पर हमले कर रहे हैं और पीतल को सोना घोषित कर रहे हैं, हम क्या करें। पहली बात यह है कि हम 21 वीं सदी में 'सार्वभौम बौद्धिक पतन', 'हिंसक सभ्यता की दिग्विजय' और 'ज्ञान के संसार में सौ साल से भूखे डायनासोरों के उत्पात' को समझें।

इन सबने हमारे समाज को जंगल बना दिया है। वे जोकरों से अधिक नहीं हैं, उन पर हंसने से अधिक कुछ नहीं किया जा सकता। क्या यह अच्छा नहीं कि हम बताएं कि बौद्धिक अराजकता के इस युग में भी जगह-जगह वैचारिक अदहन चढ़ा हुआ है। जगह-जगह युग सत्य पक रहा है और सामने आ रहा है। लोग ध्वस्त किए गए हैं, पर मिटे नहीं हैं। वे बोल रहे हैं। मानव मस्तिष्क से बुद्धि की प्राकृतिक शक्ति को, तर्क की शक्ति को और अपनी बहुरंगी श्रेष्ठताओं को बचाने की शक्ति को मिटाया नहीं जा सकता। -फेसबुक वॉल से

# कराहती नदियां किससे करें पुकार



सुरेन्द्र अग्निहोत्री
वरिष्ठ पत्रकार

> नदी को देवी और मां के रूप में दर्जा देने वाले गंगा और यमुना के मैदानी भागों में माफियाओं और सत्ताधीशों की जुगलबंदी का खौफनाक मंजर साफ दिख रहा है।

पवित्र जीवनदायनी नदियां कराह रही हैं, कूड़ाघर बनने को मजबूर है। कुकरैल नदी की तरह सब नदियों को भागीरथ मिलेगा? गंगा, यमुना, घाघरा, बेतवा, सरयू, गोमती, काली, आमी, राप्ती केन मंदागिनी आदि नदियों के सामने अपने आपको बनाए रखने की चिंता खड़ी हो गई है। बालू के नाम पर नदियों के तट पर कब्जा जमा बैठे माफियाओं और उद्योगों ने नदियों की सुरम्यता को अशांत कर दिया। अशांत इसलिए क्योंकि प्रदूषण फैलाने वाले और पर्यावरण को नष्ट करने वाले अपराधियों का बोलबाला है। जलस्रोत पाटकर माफिया दिन रात लूट के खेल में लगे हुए है। नदियों के साथ छेड़छाड़ और अपने स्वार्थों के लिए नदियों को समाप्त करने की साजिश निरंतर चल रही है। गंगा पर एक्सप्रेस-वे से गंगा नदी के इर्द गिर्द रहने वाले 50 हजार से ज्यादा दुर्लभ पशु-पक्षियों के समाप्त हो जाने का खतरा है।

नदी को देवी और मां के रूप में दर्जा देने वाले गंगा और यमुना के मैदानी भागों में माफियाओं और सत्ताधीशों की जुगलबंदी का खौफनाक मंजर साफ दिख रहा हैं। नदियों के मुहाने और नदियों के पाट स्वार्थों की बलिवेदी पर नीलाम हो रहे हैं। अत्याधिक रेत खनन के चलते जल जीवों के सामने संकट मडरा रहा है। गंगा की औसत गहराई जहां 2004-2005 में 12 मीटर थी वह 10 वर्ष पहले 2044-2025 में 10 मीटर रह गई है। वर्तमान समय में जलस्तर में गिरावट जारी है। आईआईटी कानपुर के एक शोध पत्र में स्पष्ट बताया गया है कि पूरे प्रवाह में गंगा करीब चार मीटर उथली हो चुकी है। गाद सिल्ट के बोझ से बांधों की आयु घटती जा रही है। जीवनदायनी और सदानीरा गंगा कानपुर के पास दशक भर पूर्व 15 से 20 मीटर गहरी थी जबकि पहाड़ी इलाकों में इसकी गहराई मात्र चार मीटर ही गहरी थी। जलवायु वेत्ता परमेश्वर सिंह अपनी किताब पर्यावरण के राष्ट्रीय आयाम में नदियों के घटते दायरे पर चिंता जता चुके हैं। वह कहते हैं बात केवल गंगा तक ही सीमित नहीं है। गत एक दशक में बूढ़ी गंडक 6 से 4 मीटर, घाघरा 6 से 4 मीटर, बागमती 5 से 3 मीटर। राप्ती 4.5 एवं यमुना की औसत गहराई इन वर्षों के अंतराल में 3.5 से दो मीटर तक कम हो चुकी है। नदियों का पानी पीने लायक तक नहीं बचा है। कभी बेतवा नदी का पानी इतना साफ व स्वास्थ्यवर्धक रहता था कि टीबी के मरीज भी इस जल का सेवन कर स्वस्थ हो जाते थे। आज बेतवा नदी के किनारे की बस्ती के लोग उसमें गंदगी डाल रहे है। पानी बहुत प्रदूषित हुआ है। यमुना नदी में पुराना यमुना घाट से लेकर यमुना पुल तक नदियों में शव, गंदगी फेंकी और बहाई जाती है।

हमीरपुर का पानी पुराने यमुना घाट में नाले के जरिए यमुना नदी में डाला जा रहा है। डुमरियागंज से निकली आमी नदी सरयू नदी, काली नदी का बुरा हाल है। किसानों की सूखती फसलों को इन नदियों से पानी मिलता था खेत लहलहा उठते थें। मछलियां, कीड़े मकोड़े सभी खूब अठखेलियां करते। जलीय पौधे भी स्वस्थ रहते थे, लेकिन सब दिन एक जैसे नहीं होते। आज खुद को नदियां देखती हैं, तो हूक सी उठती है, लेकिन सुना है कि मोक्षदायिनी मां गंगा भी मैली होती जा रही है। हे राम। मैं तो आखिरी सांसें गिन ही रही हूं। गंगा में गिरने वाले नालों को पूरी तरह रोकने तथा सीवरेज के ट्रीटमेंट का भरोसा फिर यह सवाल भी उठना लाजमी है। गंगा तट पर वाराणसी समेत 116 शहर बसे है, जिनकी आबादी एक लाख से ज्यादा है। इन शहर के नालों से गिरने वाली गंदगी ही गंगा के 95 फीसदी प्रदूषण का कारण मतवाले मानसून के बल पर सदानीरा बनने वाली नदियां वर्षा के बूंदों को अपने आंचल में छुपाकर एक लंबी यात्रा के साथ हमारे होठों को तरलता देकर जीवन चक्र को गतिमान करती है। प्रकृति के इस विराट खेल का अंदाजा इसी बात से चल जाता है कि भारत के पश्चिमी तट पर करीब 75 अरब टन जल बरसता है। भारत का मैदानी इलाका 15 लाख किमी के क्षेत्र में फैला है। इस क्षेत्र में 1.7 सेमी औसत दैनिक वर्षा का अर्थ हुआ कि पश्चिमी तट से भारत में प्रवेश करने वाला वाष्प का एक तिहाई भाग जल में परिवर्तित होता है।

जल है तो कल है का नारा लगाने वाले भारतीय मानसून नामक अरबी शब्द से अपनी सारी आशा आकांक्षाएं और आंशकाएं प्रकट करते हैं। गंगा और यमुना का मैदानी भाग दुनिया का सबसे उपजाऊ क्षेत्र माना जाता है, लेकिन अब गंगा ही नही बेतवा, केन, शहजाद, सजनाम, जामुनी, बढ़ार, बंडई, मंदागनी, नारायन जैसी अनेक छोटी बड़ी बुंदेलखंड में बहने वाली नदियों पर संकट खड़ा हो गया है। कराहती नदियां अपनी पीड़ा कहे तो किससे कहे? कौन सुनेगा नदी की अकाल मृत्यु की शोक गाथा। कौन मनाएगा मातम? क्या जब सब कुछ चुक जाएगा , तब हमें याद आएगा। एक नदी थी, जो देती थी हमें जीवनदान, जिससे उपजता था हमारा अन्न धान, हमने किया व्यवधान, खत्म हो गए नदी के प्राण।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# लोडर की टक्कर से स्कूटी सवार वृद्ध व युवक की मौत

## कानपुर से लौटते समय निर्माणाधीन एलिवेटेड हाईवे पर हुआ हादसा, शवों को देख बिलख उठे परिजन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार


जिला अस्पताल में रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचारः** निर्माणाधीन कानपुर-लखनऊ एलिवेटेड हाईवे पर अचलगंज थानाक्षेत्र में तेज रफ्तार लोडर की टक्कर से स्कूटी सवार वृद्ध की मौत हो गई। वहीं पीछे बैठा गांव का युवक गंभीर घायल हो गया। जिसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले उसने भी दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना के काफी देर बाद पहुंची पुलिस ने शवों को मोर्चरी में रखवाया। वहीं हादसे की खबर पर पहुंचे परिजन शवों को देख बिलख उठे।

बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के बेहटा भवानी गांव निवासी श्रीधर शर्मा उर्फ दद्दा (65) पुत्र स्व. कालीचरण अपने पड़ोसी राजेंद्र (42) पुत्र बृजकिशोर के साथ स्कूटी से सड़क हादसे में घायल हुए पड़ोसी आशा शंकर को देखने कानपुर के एक निजी अस्पताल गए थे। दोपहर बाद लौटते समय वह शॉर्टकट लेकर निर्माणाधीन कानपुर-लखनऊ एलिवेटेड हाईवे से जा रहे थे तभी अचलगंज थानाक्षेत्र के बंथर गांव के पास तेज रफ्तार लोडर ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। इससे स्कूटी चला रहे श्रीधर व राजेंद्र उछलकर सड़क किनारे लगी सेफ्टी ग्रिल से टकरा गये। इसमें श्रीधर की मौके पर मौत हो गई। वहीं राजेंद्र गंभीर घायल हो गया। पास के खेतों में काम कर रहे किसान दौड़े और एंबुलेंस बुलाकर राजेंद्र को अस्पताल भेजा। लेकिन वहां पहुंचने से पहले उसकी भी सांसे थम गईं। मौके पर मौजूद बदरका निवासी सुनील ने बताया कि हम लोगों ने लोडर रोक लिया था लेकिन उसमे बैठे तीन लोग उन्हें धक्का देकर भाग निकले। बताते हैं कि ग्रामीणों की सूचना के करीब दो घंटे बाद पहुंची पुलिस ने वृद्ध के शव को मर्चरी भेजा। श्रीधर खेती करता था और उसके दो विवाहित बेटियां अंजलि व गायत्री हैं। श्रीधर के भाई राम शर्मा व भाभी की मौत हो गई थी। इससे वह भतीजों धीरज व नीरज की भी परवरिश करता था। उसकी मौत से पत्नी माया देवी बदहवास है। वहीं राजेंद्र दो भाइयों में छोटा था। बड़ा भाई राजू है। राजेंद्र राज मिस्त्री था। उसके दो बेटियों में अंशिका, दिव्या व बेटा हर्ष है। पति की मौत से पत्नी वंदना देवी रो-रोकर बेहाल है। एसओ राजेश पाठक ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

### गांव के दो व्यक्तियों की मौत से लोग गमगीन

**उन्नाव, अमृत विचार :** एक ही गांव के वृद्ध व युवक की सड़क हादसे में मौत होने की सूचना पर ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों की चीख सुन ग्रामीण आंखों के आंसू नहीं रोक पाए। हादसा का शिकार हुए राजेंद्र के तीनों बच्चे नाबालिग हैं। ऐसे में पत्नी के सामने उनकी परवरिश का संकट खड़ा हो गया है।

# स्टेशन रोड पर मिला शव मजदूर का निकला, बेटे ने की पहचान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली अंतर्गत स्टेशन रोड पर बीती शनिवार रात अचेत मिले युवक की अस्पताल में मौत हो गई थी। पहचान न होने से शव मोर्चरी में रखा था। मंगलवार को सोशल मीडिया से हुई जानकारी पर बेटे ने शव की शिनाख्त अपने पिता के रूप में की।

बता दें कि सदर कोतवाली अंतर्गत रेलवे स्टेशन रोड पर बीते शनिवार को एक व्यक्ति के अचेत पड़े होने की सूचना पर पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजा था। जहां उसकी मौत हो गई थी। पुलिस को जामातलाशी में उसके पास ऐसा कुछ नहीं मिला जिससे उसकी पहचान हो सके। इस पर शव मोर्चरी में रखवाकर पुलिस ने सोशल मीडिया का सहारा लिया था। मंगलवार सुबह दही थानाक्षेत्र के मवैया गांव का अनुराग अपनी मां सोनी के साथ कोतवाली गया फिर मोर्चरी में रखे शव की पहचान अपने पिता रामप्रताप (45) पुत्र चंद्रपाल के रूप में करते हुए फफक पड़ा। उसने बताया कि पिता खेती के साथ मजदूरी भी करते थे।

# मौरंग लदे डंपर के केबिन में मिला चालक का शव

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद डंपर चालक के परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचारः** मौरंग लादकर लखनऊ जाने को निकले डंपर चालक का शव उसी के ट्रक के केबिन में पड़ा मिला। जानकारी पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हृदयगति रुकने से मौत होने की बात सामने आई है।

कानपुर नगर के घाटमपुर कोतवाली व कस्बा के मोहल्ला वार्ड-1 नौबस्ता निवासी सौरभ पुत्र दुर्गा प्रसाद डंपर चालक था। इसी से वह परिवार पालता था। रविवार देररात वह हमीरपुर से मौरंग लोडकर लखनऊ जा रहा था। तभी सोमवार दोपहर कानपुर-लखनऊ हाईवे पर सोहरामऊ थानाक्षेत्र के एक मेडिकल कॉलेज के पास उसकी हालत बिगड़ गई। इस पर उसने डंपर मालिक के भाई मो. इसरार को बताया कि उसकी तबियत खराब है। वह दवा खाकर लेटा है। आराम मिलने पर वह आगे जायेगा। इसके बाद देरशाम तक उसका फोन रिसीव नहीं हुआ। इस पर

▸▸ फोन न मिलने पर मालिक पहुंचा तो हुई जानकारी

इसरार मौके पर पहुंचा तो टोल प्लाजा के आगे डंपर के केबिन में सौरभ अचेत पड़ा मिला। पुलिस को सूचना देकर वह उसे नवाबगंज सीएचसी लाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। सूचना पर पत्नी ज्ञानशील मां अनंती देवी बेहाल हो गईं। सौरभ के तीन बेटियों में उमा, अंशिका, रितिका व 6 माह का बेटा अर्नव है। मंगलवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हृदयगति रुकने से मौत होने की पुष्टि हुई है।

# गैर इरादतन हत्या के आरोपी गिरफ्तार, जेल

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नगला गणेश के निकट हुई मारपीट में घायल की इलाज कर दौरान मौत होने के मामले में कोतवाली पुलिस ने नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आठ जून अंजली पुत्री सोनपाल निवासी ग्राम नगला गनेश द्वारा थाना शाहाबाद पर तहरीर दी गयी कि लाला उर्फ इन्तसार पुत्र लतीफ निवासी ग्राम मलकापुर थाना शाहाबाद और सुधीर पुत्र लल्लन निवासी दमईया थाना शाहाबाद द्वारा उस के पिता के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर लहूलुहान कर दिया गया। दस जून को उसके पिता सोनपाल की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। इस सम्बन्ध में पुलिस ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध मारपीट की दर्ज रिपोर्ट में गैर ईरादतन हत्या की धाराओं में रिपोर्ट तरमीम कर दी। उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

# दबंगों ने युवक को बेरहमी से पीटा, दी धमकी

बेखौफ

▸▸ पुलिस की गिरफ्त से अब तक फरार है दबंग, मामला दर्ज

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** दबंगों में एक युवक को बेरहमी से पिटाई कर दी।युवक को गंभीर हालत में परिजनों ने हरदोई के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है जहां उसका उपचार जारी है। परिजनों द्वारा पुलिस को मामले की सूचना दी गई है। पुलिस ने युवक के साथ हुई मारपीट के मामले में अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी पुलिस ने नहीं की है। पीड़ित परिजनों ने गांव के ही चार लोगों पर मारपीट का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित पक्ष ने बताया कि गांव के ही दबंग लोग लगातार परिवार को गाली गलौज करते रहते हैं जब इसका विरोध किया तो उनके द्वारा केशव राम के पुत्र को बेरहमी से पीटा जिसमें पुत्र खून से लहूलोहान हो गया जिसको की इलाज के लिए हरदोई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

### भय में पीड़ित परिवार, एसपी से न्याय की गुहार

**हरदोई, अमृत विचार।** मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के धियर मोहलिया का है जहां के रहने वाले शिवकुमार पुत्र केशव राम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर पर मौजूद था, तभी गांव के नरेंद्र शैलेंद्र दीपक पुत्र महेश तथा महेश पुत्र पुत्तू लाल निवासी ग्राम पोस्ट धियर महोलिया उनके घर के बाहर उनके मां-बहन को अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे तथा हाथ में लाठी डंडा लेकर घर के बाहर खड़े थे। विपक्षियों को जब अभद्र भाषा का प्रयोग करने से मना किया गया तब उनके द्वारा शिव कुमार के पुत्र रोहित को बेरहमी से मारा पीटा।शोर सुन आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए जिनके द्वारा बीच बचाव किया गया। पीड़ित पक्ष ने बताया कि विपक्षी उनको जान माल की धमकी देकर गए हैं।मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस में घायल युवक को हरदोई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। मामले में अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है। पीड़ित शिवकुमार ने बताया कि विपक्षी पुलिस के रजिस्टर 8 में भी नामजद हैं। विपक्षी काफी दबंग प्रवृत्ति के हैं उन्हें अपने परिवार पर जान माल का खतरा है। पीड़ित ने हरदोई पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन से मामले में सख्त कार्रवाई और न्याय की मांग की है।

# होमगार्ड के घर से लाखों के जेवर व नकदी पार

संवाददाता, अतरौली, हरदोई


जांच करती फोरेसिंक टीम। अमृत विचार


टूटी पड़ी तिजोरी व बिखरा सामान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अजमतपुर गांव में होमगार्डसंदीप पाण्डेय के घर पर सुबह दो बजे छत की दीवार कूद के चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सोमवार रात करीब 12:20 बजे संदीप अपनी मां निशा और बहन शालिनी के साथ कमरे में सोने गए थे।रात करीब दो बजे जब संदीप की मां टॉयलेट के लिए उठीं, तो कमरा बाहर से बंद मिला। संदीप ने दूसरे दरवाजे से बाहर निकलकर देखा कि मुख्य दरवाजा चादर से लोहे के चैनल में बंधा हुआ था। दूसरे कमरे का ताला टूटा हुआ था और आलमारी का लॉक उखड़ा हुआ था।

चोर आलमारी से 38 हजार रुपये नकद और करीब 20 लाख रुपये के जेवरात ले गए। चोरी हुए जेवरों में 8 सोने की अंगूठी, 3 सोने की चैन, पत्नी सौम्या का सोने का हार, मांगबेंदी, 12 अंगूठी और अन्य जेवरात शामिल हैं। इसके अलावा 12 जोड़ी पायल, पायजेब, चांदी के सिक्के और बेटे ओम के जेवर भी चोरी हो गए।होमगार्ड ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सुबह गांव के बाहर एक अंगोछा मिला, जिसमें नकदी रखी थी, लेकिन वह गायब थी। गांव के बाहर पिछले पांच दिनों से डेरा डाले हुए कुछ बाहरी मंगलवार सुबह कहीं पलायन हो गए।

सीओ संडीला सत्येंद्र सिंह और अतरौली प्रभारी निरीक्षक मारकंडेय सिंह पुलिस बल के साथ मामले की जांच कर रहे हैं। 12 बजकर 15 मिनट पर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि होमगार्ड ने कोई तहरीर थाने पर नहीं दी है , जांच जारी है ।

# बच्चों को सम्मानित करने के साथ समर कैंप का समापन

**सुरसा, शाहाबाद, हरदोई।** विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय भैंनामऊ में समर कैंप के अंतिम दिन बच्चों ने योग, व्यायाम, नृत्य आदि गतिविधियों में उत्साह से प्रतिभाग किया। लड़कियों ने अपने हाथों पर मेंहदी लगाकर अपनी प्रतिभा को उकेरा। लड़कों ने सुंदर फोटोफ्रेम बनाया। बच्चों ने कैरम का भी आनंद लिया। 21 मई से आरंभ हुए इस समर कैंप में विद्यालय के बच्चों ने अनेक स्वास्थ्यवर्धक एवं मनोरंजक गतिविधियों जैसे योग, व्यायाम, चित्रकला, गायन, तीरंदाजी आदि में प्रतिभाग किया एवं पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण, क्राफ्ट, बोतल के गमले बनाना,कैरीबैग निर्माण, लिफाफा बनाना तथा बालिका सुरक्षा और नैतिक शिक्षा पर आधारित सृजनात्मक कार्यों में भी उत्साह से प्रतिभाग किया। बच्चों ने शिक्षक पीयूष त्रिवेदी के निर्देशन में इन 17 दिनों में अपने विद्यालय के प्रांगण में एक सुंदर से फव्वारे का भी निर्माण किया। विद्यालय में नियुक्त दोनों शिक्षामित्रों श्री राकेश यादव एवं रेखा ने कैंप के आयोजन में सहयोग कर के इसको सार्थक बनाया।

**शाहाबाद संवाददाता** के अनुसार ब्लाक टोडरपुर के विद्यालयों में चल रहे त्रिसाप्ताहिक समर कैंप का समापन मंगलवार को किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि समर कैंप 21 मई 2025 से प्रारंभ हुआ था, 10 जून को समापन किया गया है। विकास खंड के समस्त 42 उच्च प्राथमिक और संविलियन विद्यालयों में जूनियर स्तर यानि कक्षा 06 से 08 तक के बच्चों के लिए उक्त कैंप आयोजित किये गए।

# ब्लॉक परिसर हुई क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक

संवाददाता, सांडी, हरदोई

**अमृत विचार।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आए हुए सभी सदस्यों से विकास कार्य के लिए प्रस्ताव मांगे गए बैठक में शामिल न होने वाले ब्लाक कर्मचारियों के वेतन वेतन काटने के निर्देश दिए गए अन्य विभागों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक प्रमुख अनिल राजपूत ने कहा है इस वित्तीय वर्ष में विकास कार्य के लिए कोई सरकार की तरफ से धन आवंटित नहीं किया गया है। पिछले वित्तीय वर्ष मे राज्य वित्त योजना के तहत 36 लाख और केंद्रीय वित्त के 90 लख रुपए से ही कार्य कराया जा रहा है। इस मौके पर प्रमुख ने बैठक में न शामिल होने वाले ब्लाक कर्मचारियों का एक दिन के वेतन काटने के निर्देश दिए और अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी के न शामिल होने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं, वहीं सभी आए हुए क्षेत्र पंचायत सदस्यों से विकास कार्य के लिए प्रस्ताव मांगे गए। इस मौके पर जल निगम ' पशु चिकित्सा, खादी ग्रामोद्योग से आए हुए अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी उदयवीर दुबे , प्रमुख प्रतिनिधि मनोज दीक्षित , प्रधान जीतू राजपूत ,अरुण तिवारी ,विमल राजपूत ,जिला पंचायत सदस्य जय देवी राजपूत ,निशा कुशवाहा, सहित बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे।

# अवैध पानी की पेटियों के साथ दो वेंडर गिरफ्तार

▸▸ आरपीएफ प्रभारी ने जब्त पानी की पेटियों की जानकारी देने से किया इंकार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर पंजाब मेल में चल रहे पैंटी कार के दो वेंडरो को अवैध पानी के साथ हरदोई सीएमआई द्वारा पकड़े जाने के बादआरपीएफ के सुपुर्द कर दिया था। आरपीएफ द्वारा इस मामले में अब कार्रवाई कर दी गई है। आरपीएफ ने पकड़े गए दोनों वेंडरो के विरुद्ध रेल अधिनियम की धारा 144 में अभियोग पंजीकृत किया है साथ ही मानक विहीन पानी की बोतल की पेटियों को भी जप्त करने की कार्यवाही की गई है।

रेलवे सुरक्षा बल हरदोई के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि पंजाब मेल की पेंट्री में चलने वाले दो वेंडरो को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से अधो मानक पानी की पेटियो को भी बरामद किया है। दोनों वेंडर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बरेली न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। हालांकि रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक से जब जप्त पानी की पेटियो की संख्या पूछी तो उन्होंने मामले में जानकारी देने से इनकार कर दिया।प्रभारी निरीक्षक ने पेटियो की जानकारी ना देते हुए कहा कि इस संबंध में हरदोई सीएमआई से जानकारी कर ले।रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक का यह बयान अपने आप में कई सवाल खड़े कर रहा है जब अभियोग दर्ज है तो पानी की पेटियो की जानकारी देने से इंकार क्यों किया।आरपीएफ आखिर किसको बचाना चाह रही है।

### पंजाब मेल की पैंट्री कार पर कब होगी कार्रवाई

**हरदोई, अमृत विचार।** सोमवार को शाम 6 :45 मिनट पर हरदोई रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर पहुंची हावड़ा अमृतसर 13005 पंजाब मेल के पैंटी कार में से दो वेंडर उतरकर निर्माणाधीन लिफ्ट के पास पहले से रखी लगभग 29 अवैध पानी की पेटियो को पंजाब मेल के पैंटी कार में चढ़ाने का प्रयास कर रहे थे कि तभी हरदोई सीएमआई अंबुज मिश्रा ने दोनों वेंडर को पकड़ लिया और आरपीएफ के सुपुर्द कर दिया। हालांकि इस संबंध में आरपीएफ ने अभियोग दर्ज किया लेकिन जप्त किए गए पानी की संख्या बताने से इनकार कर दिया। हरदोई रेलवे स्टेशन पर भारी संख्या में अवैध पानी की बोतल की पेटियो को रखें जाने से मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। हरदोई रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर पंजाब मेल के पैंटी के ठीक सामने पूर्व संयोजित तरीके से 29 पेटी अवैध पानी की बोतल किसने रखी थी। रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक पूरे मामले से बचते नजर आ रहे हैं।आरपीएफ को मामले की गंभीरता से जांच की जानी चाहिए साथ ही पंजाब मेल के पैंट्री कार पर भी कार्यवाही होनी चाहिए यदि समय रहते हरदोई के अधिकारी कार्यवाही ना करते तो अवैध पानी ट्रेन के यात्रियों को 20 रुपये में बेचा जाता।जानकार बताते है की पानी की पेटिया अच्छे कमीशन के चलते ट्रेनों में सप्लाई होती है।

## सार-संक्षेप

### कंटीले तारों की चपेट में आकर वृद्ध महिला घायल

**औरास, अमृत विचार :** खेत में किसी काम से जा रही वृद्धा खेत किनारे लगे ब्लेड वाले तार की चपेट में आकर घायल हो गई। परिजन उसे सीएचसी ले गए जहां उसका उपचार चल रहा है। कस्बा औरास के मोहल्ला शांती नगर निवासी सावित्री (60) पत्नी लेखपाल किसी काम से खेत गई थी। तभी अचानक खेत के किनारे लगे ब्लेड वाले तार की चपेट में आकर वह घायल हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी औरास ले गए। जहां उसका प्राथमिक उपचार कर उसे घर भेज दिया गया।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**फतेहपुर चौरासी, अमृत विचार :** एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के क्रम में फतेहपुर चौरासी पुलिस ने एक दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दीपक पुत्र ऊदन निवासी जमुनिहाकच्छ फतेहपुर चौरासी पॉक्सो एक्ट में दर्ज मुकदमें में वांछित था। उसे थाना पुलिस ने मंगलवार को क्षेत्र के तालिबपुर रहली मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसके विरुद्ध जरूरी कार्रवाई करते हुए उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### 13 से शुरू होगी अंडर-23 जनपदीय क्रिकेट लीग

**उन्नाव, अमृत विचार :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर-23 श्याम प्रकाश श्रीवास्तव जनपदीय क्रिकेट लीग 13 जून से पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होगी। इसके लिए टीमों का गठन 12 जून को सुबह 6 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा। इच्छुक खिलाड़ी तय तिथि पर स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंचकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा


पुलिस गिरफ्त में सूरज सिंह।

**बांगरमऊ, अमृत विचार :** एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत बेहटा मुजावर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने उसके विरुद्ध कार्रवाई कर उसे अदालत भेज दिया। पुलिस के अनुसार, थानाक्षेत्र के गांवगौरिया कलां निवासी सूरज पुत्र कल्लू सिंह के विरुद्ध बीती 5 मई को किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के बाद किशोरी को बरामद कर उसका मेडिकल व अदालती बयान कराया गया था। तबसे आरोपी फरार था। दरोगा संजय पांडेय ने फोर्स के साथ मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर संडीला अंडरपास के पास से सूरज सिंह को गिरफ्तार कर लिया और उसके विरुद्ध कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया। न्यायालय से दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### इलाज के दौरान सीएचसी में भर्ती बुजुर्ग की मौत

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** बीमार चल रही एक 65 वर्षीय बुज़ुर्ग महिला को गलाज के लिए सीएचसी कोथावां में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई, लेकिन सीएचसी के डाक्टरों ने मौत को संदिग्ध मानते हुए पुलिस को सूचना देते हुए शव का पोस्टमार्टम कराने की सिफारिश की है। बताया गया है कि बेनीगंज कोतवाली के रामपुर निवासी कालिका प्रसाद की 65 वर्षीय पत्नी रामरती काफी दिनों से बीमार चल रही थी। सोमवार को उसे इलाज के लिए सीएचसी कोथावां में भर्ती कराया गया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई, लेकिन उसका इलाज करने वाले डाक्टरों ने उसकी मौत को संदिग्ध मानते हुए पुलिस को सूचना दी है। रामरती के दो बेटे राजपाल व महिपाल के अलावा दो बेटियां है, जिनकी शादी हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

### सीढ़ी से गिरकर किसान की मौत

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** एक 60 वर्षीय बुज़ुर्ग सीढ़ियों से अपने मकान की छत से नीचे उतर रहा था, उसी बीच अचानक लड़खड़ा कर नीचे गिर पड़ा, घर वाले कुछ समझते उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। बताया गया है कि कोतवाली शहर के बर्रहइया मजरा अस्यौली निवासी 60 वर्षीय हरदयाल पुत्र मदारी दो भाइयों में बड़ा था, मेहनत-मज़दूरी करने वाले हरदयाल की शादी हुई थी, लेकिन कुछ ही दिनों के बाद पत्नी उसे छोड़ कर चली गई थी। जैसा कि बताते है कि सोमवार को अपने मकान की छत की सीढ़ियां उतर रहा था, उसी बीच लड़खड़ाते हुए वह नीचे गिर गया, उसके गिरने की आवाज़ सुन कर घर वाले दौड़ पड़े और कुछ समझते उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। इसका पता ही वहां अफरा-तफरी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

### दहेज में चार लाख रुपये की हुई अतिरिक्त मांग

**संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** दहेज की अतिरिक्त मांग पूरी न होने पर एक शादी टूट गई। बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के हैबतपुर गांव निवासी रामप्रताप ने अपनी बेटी शिवानी की शादी हरदोई के अरवल थाना क्षेत्र के खद्दीपुर गांव निवासी संजय के साथ तय की थी। शादी 5 जून 2025 को होनी थी। कार्ड छप चुके थे और सभी रिश्तेदारों में बंट चुके थे। लेकिन 3 जून की शाम करीब 7 बजे लड़के पक्ष ने शादी से इनकार कर दिया। लड़के संजय उर्फ फन्टी, उसके पिता रामकृपाल और रिश्तेदार रामजीत व पूजा देवी ने दहेज में 4 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग की।लड़की के पिता रामप्रताप ने बताया कि वह अब तक शादी की तैयारियों में 2 लाख रुपये खर्च कर चुके हैं। लड़के पक्ष ने उन्हें गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित पिता ने 9 जून को थाने में शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने मामले में दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 351(3) और 352 के तहत भी कार्रवाई की जा रही है।

### सपा का प्रतिनिधिमंडल आज पहुंचेगा मक्कापुरवा व जरेरा

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** मल्लावां क्षेत्र के मक्कापुरवा निवासी रामश्री की दबंगों द्वारा हत्या कर दी गई थी, वहीं जरेरा निवासिनी संगीता राजपूत की भी गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। दोनों हत्याओं की जानकारी लेने व शोकाकुल परिजनों से मिलने के लिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर बुधवार को एक प्रतिनिधि मंडल जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में विधायक राहुल राजपूत, प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पिछड़ा वर्ग डा. राजपाल कश्यप, अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष मो. शकील, जिलाध्यक्ष शराफत अली, प्रदेश सचिव सपा यदुनंदन लाल राजपूत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवजन सभा नाजिम खान, जिला पंचायत सदस्य शांति देवी, विधानसभा मल्लावां के अध्यक्ष मो. नसीम व ब्रजेश वर्मा शामिल रहेंगे। यह प्रतिनिधि मंडल मौके पर जाकर जानकारी लेगा तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराएगा।

# महिला ने डीआईओएस पर लगाया अभद्रता का आरोप

**उन्नाव, अमृत विचार।** आंगनबाड़ी कार्यकत्री चयन के एक मामले की जांच कर रहे डीआईओएस के पास बयान देने गई महिला ने उन पर अभद्रता कर कक्ष से बाहर निकालने का आरोप लगाया है। वहीं डीआईओएस ने आरोप बेबुनियाद बताते हुए कहा कि महिला के साथ आया उसका पति मोबाइल से बयानों की वीडियो बना रहा था। उसे रोका गया तो उसने शोर मचाकर आरोप लगाना शुरू कर दिया। बता दें कि सिकंदरपुर सरोसी ब्लॉक के सन्नी शंकरपुर सरांय गांव की अनामिका शर्मा ने जिलाधिकारी से दो माह पूर्व शिकायत की थी कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री के लिए चयनित रेखा देवी ने शैक्षणिक दस्तावेजों में हेराफेरी की है। उसने वर्ष-2002 में हाईस्कूल परीक्षा रेखा वर्मा नाम से दी थी। जिसमें उसने जन्मतिथि 20 मार्च-1982 दर्ज कराई थी। फेल होने पर वर्ष-2015 में पुनः परीक्षा रेखा देवी के नाम से दी और उसमें जन्मतिथि 20 मार्च-1998 दर्ज कराई। आरोप है कि उसने आयु मानदंड में छूट पाकर चयन में गलत लाभ लिया। शिकायत पर डीएम ने एसडीएम न्यायिक व डीआईओएस एसपी सिंह को जांच सौंपी। वहीं इसे लेकर डीआईओएस ने बताया कि आरोप बेबुनियाद हैं। बयान दर्ज कराने आई महिला का पति वीडियो बना रहा था। उसे मना किया गया तो हंगामा किया। बताया कि रिकॉर्डिंग बंद न करने पर उन्हें कक्ष से बाहर जाने को कहा गया था।



हादसे में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई वैन की हालत देखते लोग। अमृत विचार



घायलों को फौरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। अमृत विचार



हादसे की सूचना पर सीएचसी पहुंची पुलिस। अमृत विचार

# डंपर में घुसी वैन, 2 की मौत, 8 घायल

## कानपुर-सागर हाईवे पर मौदहा के बड़ा चौराहा के पास हुआ हादसा, हाईवे के किनारे खड़ा था डंपर

- हादसे में गंभीर रूप से घायल सभी हैलट कानपुर रेफर
- अमरोहा से झांसी जाने के लिए निकले थे सभी वैन सवार

### चीख-पुकार मची

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** अमरोहा से झांसी जा रही वैन हाईवे पर कस्बे के बड़ा चौराहा के पास खड़े डंपर में पीछे से जा घुसी, जिससे उसमें बैठे लोगों में चीख-पुकार मच गई। वैन में सवार सभी 10 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस और ई-रिक्शा से अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों घायलों का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में दो लोगों की मौत हो गई। आठ घायलों की हालत गंभीर होने पर कानपुर रेफर कर दिया गया।



सड़क किनारे खड़े वाहनों का चालान करते एआरटीओ। अमृत विचार

यह हादसा मंगलवार की सुबह हुआ। अमरोहा के हसनगंज से कानपुर होते हुए झांसी जा रहे मजदूरों से भरी वैन कस्बे के बड़ा चौराहा के पास खड़े डंपर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार विवेक (18) पुत्र देवेंद्र, रामबहादुर (25) हरपाल, नन्हे (33) अनंतराम, आकाश (24) पुत्र रामेश्वर, अयान (21) पुत्र सुनील, गौरव (18) पुत्र मूलचंद, विनय (18) पुत्र रमेश, सद्दाम (23) पुत्र कल्लू व तालिब (20) पुत्र मेहंदी हसन के साथ एक अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

सभी घायलों को राहगीरों और पुलिस की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों को गंभीर चोटें होने के कारण प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, जहां दो लोगों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मरने वालों में तालिब और एक अज्ञात युवक शामिल है, जबकि अन्य गंभीर घायलों को कानपुर रेफर कर दिया गया।

### हादसे के बाद जागी ट्रैफिक पुलिस, वाहनों का चालान

- **मौदहा।** राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर सुबह भीषण हादसे के बाद एआरटीओ व ट्रैफिक पुलिस एक्शन में आ गई और मौके पर पहुंचकर सड़क किनारे खड़े वाहनों का ताबड़तोड़ चालान शुरू कर दिया। मंगलवार की सुबह हादसे में दो की मौत और 8 लोगों के घायल होने के बाद एआरटीओ अमिताभ राय घटनास्थल पर पहुंचे और आसपास के लोगों से घटना की जानकारी ली। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे खड़ी डबल डेकर ट्रैवल्स बस का चालान कर दिया। ट्रैफिक पुलिस प्रभारी हरविंदर सिंह ने सड़क किनारे खड़े ट्रक व अन्य दो दर्जन वाहनों का चालान किया।

### 10 घायलों के पहुंचने से मच गई अफरा-तफरी

- बड़ी संख्या में घायलों के पहुंचने से अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। अस्पताल प्रशासन ने डॉक्टरों की टीम लगाकर घायलों का इलाज कराया। हादसे की सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी विनीता पहल ने पुलिस के साथ अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना और सभी को बेहतर उपचार का भरोसा दिलाया। पुलिस ने घायलों के परिजनों से बातकर मामले की जानकारी दी।

### बिजली मजदूरों को लेकर ठेकेदार जा रहा था झांसी

- परिजनों ने बताया कि हादसे में घायल हुए पांच लोग बड़ा अमरोहा के हसनपुर के रहने वाले हैं, जिन्हें सद्दाम नाम का ठेकेदार बिजली का काम कराने के लिए झांसी लेकर जा रहा था। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लगने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। दुर्घटनाग्रस्त वैन को सड़क से हटाने के बाद वाहनों का आवागमन शुरू हो सका।

## सार-संक्षेप

### शारदा नदी में डुबकी लगवाकर कराया धर्म परिवर्तन, रिपोर्ट

**पीलीभीत।** शारदा पार हजारा क्षेत्र के ग्राम नानकनगरी बैल्ला से धर्म परिवर्तन का मामला सामने आया है। नानक नगरी बैल्हा निवासी संतकौर ने बताया कि वह कई वर्षों से अस्वस्थ हैं। आर्थिक तंगी के चलते इलाज नहीं करा पा रही। आठ माह पूर्व गांव की सुमित्रा कौर पत्नी मंगल सिंह, छिंदो कौर समेत अन्य महिलाएं घर आईं और बीमारी की जानकारी ली। जिसके बाद वे लोग उसे बहलाकर ईसाई धर्म में दीक्षा दिलाने ले गए। आरोप है कि पादरी हरजीत सिंह, मीना कौर, सुरजीत कौर, सुमित्रा कौर, छिन्दोकौर, सुरेंद्र सिंह, हरजिंदर सिंह ने उसे विश्वास में लेकर कहा कि अगर वह ईसाई धर्म अपना लेगी तो उसके सारे दु:ख दूर हो जाएंगे और ट्रस्ट की ओर से 50 हजार की मदद दी जाएगी। महिला के अनुसार उसे शारदा नदी के तट पर ले जाकर आंखों पर पट्टी बांधकर डुबकी लगवाई गई और मांस जैसा कोई अजीब पदार्थ जबरन खिलाया गया। चार महीने बाद भी न तो कोई मदद मिली और न ही कोई लाभ। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसे गालियां दीं, जान से मारने की धमकी दी और मारपीट भी की। हजारा पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### लिफ्ट लेकर बाइक पर बैठे युवक ने एक लाख पार किये

**भरथना (इटावा)।** पल्सर सवार बदमाशों ने बाइक से जा रहे एक किसान को रोकर उससे लिफ्ट लेकर बाइक पर बैठ गया। युवक ने रास्ते में किसान की जेब से एक लाख रुपये पार कर दिए। क्षेत्र के गांव सुजीपुरा निवासी किसान सुभाष चन्द 54 वर्ष पुत्र ज्ञान सिंह अपनी बाइक से मंडी जा रहे थे। जब वह राधे राधे स्वीट्स के पास पहुंचे तभी काली पल्सर के साथ खड़े युवक ने रोक लिया और मंडी तक अपनी बाइक पर बैठाने का निवेदन किया। एक युवक उनकी बाइक पर बैठ गया। रास्ते में उसने किसान की जेब काट दी और उसमें रखे एक लाख रुपये निकाल लिए और बाइक रोकने के लिए कहा। इसी बीच उन्हें रुपया निकालने का अहसास हुआ। उन्होंने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो युवक पीछे से आ रही पल्सर पर अपने साथी के साथ बैठकर फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गंगा स्नान करते समय दो किशोरों की डूबने से मौत

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार को गंगा स्नान करते समय दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई। कमालगंज थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम शेरपुरसराय का निवासी अरुणकुमार जाटव उम्र करीब 16 वर्ष तथा उसका फुफेरा भाई सागर उम्र करीब 13 वर्ष कन्नौज के गंगागंज गली सुरौली के निवासी थे। मंगलवार को सुबह 9:30 बजे ग्राम शेरपुर सराय से कुछ दूरी पर निकली गंगा नदी में स्नान करने के लिए पहुंचे। दोनों किशोर गंगा स्नान करने लगे, इसी दौरान गहरे जल में किशोर सागर के अचानक डूबने पर उसे बचाने के लिए अरुण कुमार भी गहरे जल में पहुंच गया। दोनों किशोर गंगा में डूब गए। उन्होंने बताया कि इन दोनों किशोरो के अचानक गंगा में डूबने की जैसे ही जानकारी मिली, पुलिस ने ग्राम भटपुरा से गोताखोरों को बुलाकर खोजबीन शुरू कराई और करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गहरे जल से शवों को बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने दोनों शवो का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### झोलाछाप के इलाज से गई मासूम की जान, रिपोर्ट दर्ज

**राजापुर (चित्रकूट)।** झोलाछाप के इलाज से एक बच्चे की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि इंजेक्शन लगाने के बाद बच्चे की तबीयत खराब होने लगी और कुछ देर तड़पने के बाद उसने दम तोड़ दिया। थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और जांच की जा रही है। ग्राम पंचायत पियरिया के निवासी शिवभवन ने बताया कि उसके 10 वर्षीय नाती सचिन पुत्र कल्लू के गले मे फोड़ा हो गया था। उसका गांव के ही झोलाछाप दीपू पांडेय के यहां इलाज करा रहे थे। बीते दिन सचिन दर्द से कराह रहा था। इस पर वे लोग उसे उसके यहां ले गए थे। बताया कि इस दौरान दीपू ने सचिन के इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगाते ही सचिन तड़पने लगा और तड़प तड़प कर उसने दम तोड़ दिया। मासूम की मौत से परिवार में कोराम मच गया। वह दो बहनों व दो भाइयों में तीसरे नंबर की संतान था। मां ममता, बहन सुधा व संध्या तथा भाई ज्ञानू का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

# किशोरी से छेड़खानी में मंदिर के पुजारी को 4 साल की कैद

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अलका यादव ने दौलेश्वर मंदिर के पुजारी को किशोरी से छेड़खानी में चार साल की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक किशोर दोहरे ने बताया कि तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी (15) कोतवाली में 26 अप्रैल 2016 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह दोपहर करीब एक बजे अपनी सहेली के साथ दौलेश्वर मंदिर आई थी। मंदिर बंद होने के कारण बाहर बैठकर खुलने का इंतजार करने लगी। करीब 2.25 बजे मंदिर खुला तो वह सहेली को गेट के बाहर खड़ा करके अकेले दर्शन करने अंदर चली गई। जैसे ही दौलेश्वर बाबा के अर्घा में में दर्शन करने को खड़ी थी वैसे ही मंदिर का पुजारी गोवर्धन पुत्र रघुराज सिंह निवासी फतेहपुर थाना तिर्वा अंदर आया और उससे छेड़खानी करने लगा।

मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद विवेचना व आरोप पत्र दाखिल किया गया। प्रकरण में सुनवाई पूरी होने पर न्यायाधीश ने दोष सिद्ध आरोपी को सजा तथा जुर्माने से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर एक साल की कैद और भुगतने का आदेश दिया।

# युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंदा

**बिवांर (हमीरपुर)।** मॉर्निंग वाक कर सड़क के किनारे बैठे युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया।

लोदीपुर निवादा निवासी भाजपा बूथ अध्यक्ष अनूप सिंह (28) मंगलवार की सुबह टहलने के बाद वह आईटीआई के तिराहा के पास सड़क किनारे बैठा था, तभी ईंट भरे ट्रक ने उसे रौंद दिया। युवक टायरों के बीच फंसकर करीब 50 मीटर घिसटते हुए चला गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने तीन जेसीबी बुलाकर ट्रक को हटाया और फिर टायर के नीचे दबे शव को बाहर निकाला। अचेत हुए चालक को कानपुर रेफर कर दिया गया। पिता जयसिंह ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास

- सौरिख रोड पर कीमती जमीन कब्जाने का मामला

संवाददाता, छिबरामऊ कन्नौज

**अमृत विचार।** सौरिख रोड पर रम्पुरा गांव के सामने कीमती जमीन कब्जाने का विवाद काफी पुराना हो चुका है। इसी विवाद के चलते गांव के एक अधेड़ की सर्दियों में मौत हो गई थी। अब जिला पंचायत की तरफ से प्रतीक्षालय के निर्माण की तैयारी की गई तो महिलाओं ने सड़क पर उतर कर विरोध कर दिया। राजस्व टीम के सामने डीजल छिड़क कर एक महिला ने आत्मदाह का प्रयास किया।

विकास खंड की ग्राम सभा खोजीपुर रम्पुरा में सौरिख रोड पर चौधरी जमादार सिंह महाविद्यालय के पास ग्राम पंचायत की जमीन है। यहीं पर रम्पुरा गांव निवासी कप्तान



शरीर के ऊपर डीजल डालती महिला।

शाक्य की जमीन भी है। इसको लेकर कई साल से विवाद चल रहा है। जिला मुख्यालय से प्रतीक्षालय के लिए जमीन आरक्षित करने के लिए मंगलवार को राजस्व विभाग की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। यहां नायब तहसीलदार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने जमीन की पैमाइश शुरू की तभी गांव की महिलाओं का हुजूम पहुंच गया। पैमाइश का विरोध करते हुए एक महिला खुद पर डीजल छिड़क कर आत्मदाह का प्रयास करने लगीं। यह देख पुलिस के हाथ पांव फूल गये। नायब तहसीलदार रामप्रकाश ने महिलाओं को समझाते हुए शांत कराने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि विवादित गाटा संख्या 730 है जबकि प्रतीक्षालय के लिए चिन्हित की गई जमीन गाटा संख्या 731 में सुरक्षित है इसमें कोई विवाद नहीं है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद-कन्नौज**

संख्या 302/न0पा0प0, गुर0गंज (2025-26) दिनांक 10-06-2025

**अति अल्पकालीन सार्वजनिक कुटेशन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना में परियोजना प्रबन्धन हेतु कंसल्टेंट फर्म/आर्किटेक्ट नियोजित किये जाने की इच्छुक है। जो भी फर्म उक्त कार्य करने हेतु आवश्यक योग्यता एवं अनुभव रखती है वह अपना सीलबन्द कुटेशन पालिका कार्यालय में दिनांक 17-06-2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। ध्यान रखें निर्धारित अवधि के उपरान्त कोई भी कोटेसन स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त कोटेसनो को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

(अनिल कुमार) अधिशासी अधिकारी
(मुन्नी देवी) अध्यक्ष

# कल्कि धाम पहुंचे शंकराचार्य और विहिप अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** ऐंचोड़ा कंबोह में कल्कि धाम निर्माण के लिए शिला स्थापना समारोह में शामिल होने के लिए मंगलवार शाम को श्रीमद् जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारका शारदा पीठाधीश्वर स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज व विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार कल्कि धाम पहुंच गये।



कल्कि धाम में कूर्म शिला का दर्शन पूजन करते शंकराचार्य सदानंद सरस्वती।

कल्कि धाम निर्माण के लिए 23 से 25 फिट तक गहरा खोदा गया है जिसमें राजस्थान से आईं 100-100 क्विंटल की विशाल शिलाओं को स्थापित किया जायेगा। इस कार्य का शुभारंभ बुधवार को बड़े समारोह में होना है। कार्य आरंभ कराने के लिए श्रीमद् जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारका शारदा पीठाधीश्वर स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज कल्कि धाम पहुंच गये। श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने शंकराचार्य का स्वागत किया। शंकराचार्य ने कूर्म शिला के दर्शन कर पुष्प अर्पित किए। देर शाम विहिप के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार भी धाम में पहुंच गये। उन्होंने भी कूर्म शिला का दर्शन-पूजन कर शिलादान किया। इसके बाद शंकराचार्य की चरण पादुका का पूजन किया गया। हरिद्वार विधायक उमेश कुमार, अजय सिंघल, पूजा अग्रवाल व ललिता त्यागी ने किया। इस अवसर पर हेमंत, प्रणीत गुप्ता, परमेश्वर लाल सैनी, दुष्यंत, राजेश सिंघल, प्रतुल यादव, अंजलि चाहल आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय – नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर**

पत्रांक– मेमो/न0पं0कु0/प्र0प0/2025–26 दिनांक 10.06.2025

**सूचना**

**नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत नोटिस।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदिकाओं द्वारा इस कार्यालय के गृहकर अभिलेखो में नवीन करण निर्धारण/नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम व पता सहित नियमानुसार अंकित है। उपरोक्त के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। बादम्याद अन्यथा कि स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जायेगी जिसका उत्तरदायित्व नगर पंचायत कुरारा का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | भवन सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है। | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण /नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नया भवन | दयावती पत्नी स्व0 खचेरेलाल | श्री कमतू पुत्र स्व0 नन्हुवा उर्फ नन्हू | टेण्डरी मोहाल | 03 | बैनामानुसार |
| 2 | नया भवन | रमेशचन्द्र पालीवाल पुत्र स्व0 देवीदास पालीवाल | देवीदास पुत्र स्व0 गोपीनाथ | बस स्टैण्ड नयी बस्ती | 09 | वसीयत व बैनामानुसार |
| 3 | नया भवन | श्रीमती बीनू देवी पत्नी श्री उदयभान | उस्मान खाँ पुत्र इमाम खों | बाजार का पूर्वी भाग | 04 | बैनामानुसार |
| 4 | भ0सं0 123/1 का जुज भाग | रानी पत्नी अवधेश सिंह | निजामुद्दीन पुत्र नवीबक्स | बाजार का पश्चिमी भाग | 11 | बैनामानुसार |
| 5 | नया भवन | शैलकुमारी पत्नी ब्रजेश कुमार द्विवेदी | रामप्रकाश पुत्र श्री रामदीन गुप्ता | बाजार का पूर्वी भाग | 04 | बैनामानुसार |
| 6 | नया भवन | रीता पत्नी अजीत | राजू पुत्र रामकृपाल | बस स्टैण्ड नयी बस्ती | 09 | बैनामानुसार |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत कैमोखर विकासखण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)**

पत्रांक मेमो/मनरेगा, वित्त एवं एस0बी0एम0/विज्ञप्ति/2024–25 दिनांक 10.06.2025

**अति अल्पकालीन निविदा–सूचना**

महा महिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा एवं लघु सिंचाई विभाग एव व्यापार कर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदायें दिनांक– 17.06.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत कैमोखर विकास खण्ड गोहाण्ड में आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 11.06.2025 से दिनाँक 17.06.2025 तक बेची जायेंगी तथा दिनाँक 18.06..2025 को 2 बजे तक सील्ड बॉक्स में डाली जायेगी तथा दिनाँक 18.06.2025 को समय 3 बजे निविदा दाता के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय ग्राम पंचायत कैमोखर विकास खण्ड गोहाण्ड से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रुप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | कार्यालय का नाम | स्वीकृत लागत (लाख रू0 में) | निविदा का मूल्य + टी0टी0 | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राथमिक विद्यालय से मदन के बाड़ा तक नाला निर्माण कार्य। | 428539.00 | (225+41) रू0 | तीन माह |
| 2. | रामस्वरूप के फाटक से देवनारायण के मकान तक नाला निर्माण कार्य। | 434454.00 | (225+41) रू0 | तीन माह |

अन्य शर्तें:

1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
2. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।
3. कार्य निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के आधार पर न पाए जाने की स्थिति में जमानत राशि जब्त करने के सम्बन्ध में एवं सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का निहित होगा।
4. ठेकेदार निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें।
5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।
6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयदार ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा।
7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति मेंनियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से करली जायेगी।
8. किसी भी निविदा दाता को जिसका को जिसका आपराधिक रिकार्ड न हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जायेगी।
9. किसी भी प्रकार के बाद भी सुनवाई जनपद हमीरपुर में ही मान्य होगी।
10. सम्बन्धित ठेकेदार के प्रथम बिल से जमानत राशि की कटौती की जायेगी।

प्रधान
ग्राम पंचायत कैमोखर
विकासखण्ड– गोहाण्ड (हमीरपुर)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कैमोखर
विकासखण्ड– गोहाण्ड (हमीरपुर)

# शराब कारोबारी पर हमला कर 5.65 लाख रुपये लूटे

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। अजनर थाना के बुधवारा गांव के पास लुटेरों ने ओवरटेक कर शराब कारोबारी पर डंडे से हमला कर दिया और 5.65 लाख रुपयों से भरा थैला लूटकर फरार हो गए। हमले में घायल हुए शराब कारोबारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लूट की सूचना पर पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक और सीओ ने घटना स्थल का जायजा लिया और शराब कारोबारी के साथ आसपास के लोगों से जानकारी ली।

बेलाताल निवासी शराब कारोबारी सुधांशु दीक्षित की अजनर थाना के क्षेत्र के बघौरा और चमरुआ गांव में शराब की दुकानें है। बताते हैं कि सुधांशु दीक्षित अक्सर दुकानों से दिन भर की बिक्री की रकम लेने चार पहिया वाहन से जाता था, लेकिन सोमवार रात दुकानों से पैसा लेने बाइक से पहुंच गया। लौटते समय लुटेरों ने उसका पीछा कर लिया। बुधवारा गांव के पास ओवरटेककर लुटेरों ने शराब कारोबारी की बाइक रोक ली और उस पर डंडों से हमला कर लहूलुहान कर दिया। इसके बाद 5.65 लाख रुपयों से भरा थैला लेकर भाग निकले। हमले में गंभीर रूप से घायल हुए सुधांशु को जैतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया।

लूट की खबर मिलते ही पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, एएसपी वंदना सिंह और क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार ने मौके पर पहुंचकर शुरुआती जांच-पड़ताल की। पुलिस अधीक्षक ने शराब करोबारी से भी पूछताछ की। उन्होंने लुटेरों के हुलिया के बारे में भी जानकारी जुटाई और आसपास के लोगों से भी छानबीन की।पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने लूट का पर्दाफाश करने के लिए कुलपहाड़ सीओ हर्षिता गंगवार के नेतृत्व में तीन टीमें गठित कर दी हैं। पुलिस की टीमें लुटेरों की तलाश में जुट गई हैं। इस घटना से क्षेत्र के लोगों में भय और दहशत बढ़ गई है। पुलिस ने शराब करोबारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी–कन्नौज**

पत्र संख्या:वाक–इन–इन्टरव्यू/ चि0अ0 /2025/1118 दिनांक: 16/06/2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के पत्रांक–मु0चि0अ0/ विज्ञप्ति/वॉक–इन–इंटरव्यू /2025–26/701 दिनांक–16.05.2025 द्वारा संविदा एम.बी.बी0एस0 चिकित्साधिकारी के पद पर वॉक इन इन्टरव्यू के माध्यम से चयन किये जाने हेतु जो विज्ञप्ति प्रकाशित कराई गई थी उसमें अभ्यर्थियों के आवदेन स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक–10.06.2025 तक स्वीकार किये जाने की शर्त उल्लिखित की गई थी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में आवेदन पत्रों को स्वीकार करने की तिथि दिनांक –10.06.2025 से स्थान पर दिनांक –17.06.2025 को अपरान्ह 02.00 बजे तक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से उपलब्ध कराने हेतु तथा साक्षात्कार स्थल कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी से परिवर्तित करते हुये हर्षवर्धन सभागार, विकास भवन कन्नौज संशोधित की जाती है। निर्धारित तिथि तक यदि कोई अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र कार्यालय में प्रेषित नहीं कर पाता है तो वॉक इन इन्टरव्यू के दिन अर्थात दिनांक–17.06.2025 को भी व्यक्तिगत रूप से हर्षवर्धन सभागार, विकास भवन कन्नौज में उपस्थित अभिलेखीय सत्यापन समिति को उपलब्ध करा सकते है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
कन्नौज।

## एक नजर

### सेबी ने एनएसई को-लोकेशन मामले में नोटिस भेजा

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने शेयर ब्रोकर ओपीजी सिक्योरिटीज और उसके निदेशकों को नोटिस भेजकर एनएसई को-लोकेशन मामले में शेयर बाजार के सर्वर तक अनुचित पहुंच के मामले में 5.35 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा है। सेबी ने 15 दिनों के भीतर भुगतान करने में नाकाम रहने पर इनकी संपत्ति के साथ बैंक खातों को भी कुर्क करने की चेतावनी दी है।

### कॉरपोरेट इंडिया का नियुक्ति परिदृश्य जुलाई-सितंबर में स्थिर

**नई दिल्ली।** भारत में कॉरपोरेट क्षेत्र में अगले तीन महीनों के लिए भर्ती परिदृश्य स्थिर है। इसे निजी सेवा क्षेत्र में मजबूत वृद्धि और वैश्विक व्यापार में बदलाव से होने वाले आर्थिक लाभ से समर्थन मिलेगा। मैनपावरग्रुप के ताजा रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

# दावा रहित राशि की वापसी प्रक्रिया में लाएं तेजी

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एफएसडीसी की बैठक में बैंकों और विभिन्न वित्तीय संस्थानों को दिए निर्देश

**मुंबई, एजेंसी**



मुंबई में वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद की 29वीं बैठक को संबोधित करती निर्मला सीतारमण।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को विनियामकों और विभागों से दावा न किए गए जमा को सही मालिकों को वापस करने और केवाईसी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने को कहा। सीतारमण ने वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) की 29वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आम नागरिकों के हितों को ध्यान में रखा जाना चाहिए और सही दावेदारों के दावों पर तेजी से कदम उठाया जाना चाहिए।

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वित्त मंत्री ने परिषद से सक्रिय कदम उठाने का आह्वान किया ताकि नागरिकों को वित्तीय क्षेत्र में केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में सहज अनुभव मिल सके। इस दौरान भारतीय प्रतिभूति बाजार में भारतीय मूल के लोगों समेत अनिवासी भारतीयों (एनआरआइ) के लिए डिजिटल रूप से जोड़े जाने सहित केवाईसी प्रक्रिया के सामान्य मानदंडों, सरलीकरण और डिजिटलीकरण की जरूरत पर जोर दिया गया। सीतारमण ने नियामकों और विभागों से जिला स्तर पर विशेष शिविर लगाकर दावा न किए गए धन को उसके सही मालिकों को लौटाने की प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया। यह अभियान आरबीआई, सेबी, एमसीए, पीएफआरडीए और आईआरडीए के साथ-साथ बैंकों, पेंशन एजेंसियों, बीमा कंपनियों के साथ तालमेल में चलाया जाना है। दावा न किए गए धन में बैंकों में जमा राशि के साथ ही दावा न किए गए शेयर एवं लाभांश और दावा न किए गए बीमा एवं पेंशन कोष शामिल हैं। आरबीआई की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च 2024 के अंत तक बैंकों में दावा न की गई जमा राशि 26 प्रतिशत बढ़कर 78,213 करोड़ रुपये हो गई थी। एफएसडीसी ने वृहद वित्तीय स्थिरता से संबंधित मुद्दों और उनसे निपटने के लिए भारत की तैयारियों पर चर्चा की। परिषद ने घरेलू और वैश्विक वृहद वित्तीय स्थिति से उभरते रुझानों पर विचार-विमर्श किया और सतर्क रहने की जरूरत पर बल दिया।

### बैठक में आरबीआई गवर्नर सेबी के प्रमुख रहे उपस्थित

एफएसडीसी ने पिछले निर्णयों और बजट घोषणाओं को लागू करने के लिए रणनीति तैयार करने से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की। इस बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा के अलावा बाजार नियामक सेबी के प्रमुख तुहिन कांत पांडेय, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण के अध्यक्ष के. राजारमण और भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव अजय सेठ, आर्थिक मामलों के विभाग की मनोनीत सचिव अनुराधा ठाकुर, वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू, कॉरपोरेट मामलों की सचिव दीप्ति गौर मुखर्जी व अन्य अधिकारी शामिल हुए।

# विश्व बैंक ने भारत की वृद्धि दर को 6.3 प्रतिशत पर रखा बरकरार

**वाशिंगटन, एजेंसी**


- कहा-दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा भारत

विश्व बैंक ने मंगलवार को वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण निर्यात पर बने दबाव के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 6.3 प्रतिशत पर बरकरार रखा। इसके साथ ही भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। विश्व बैंक ने अप्रैल में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था, जो जनवरी में 6.7 % था।

विश्व बैंक की ताजा वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट के अनुसार बढ़े हुए व्यापार तनाव और नीति अनिश्चितता के चलते इस साल वैश्विक वृद्धि में गिरावट आने की आशंका है, जो 2008 के बाद से सबसे धीमी गति हो सकती है। वैश्विक वृद्धि के 2025 में 2.3 प्रतिशत तक धीमा करने का अनुमान लगाया गया है। इस उथल-पुथल के कारण सभी क्षेत्रों और आय समूहों में 70 प्रतिशत अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि पूर्वानुमान में कटौती की गई है। इसमें भारत के बारे में कहा गया है कि 2024-25 में वृद्धि धीमी हो गई, जो आंशिक रूप से औद्योगिक उत्पादन वृद्धि में नरमी को दर्शाती है। हालांकि, निर्माण और सेवा गतिविधियों में वृद्धि स्थिर रही और ग्रामीण क्षेत्रों में लचीली मांग के कारण कृषि उत्पादन में सुधार हुआ है। भारत के 2025-26 में 6.3 प्रतिशत की दर से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने का अनुमान है। विश्व बैंक ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में वृद्धि के पूर्वानुमान को जनवरी के अनुमानों की तुलना में 0.4 प्रतिशत घटा दिया गया है, क्योंकि प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में कमजोर गतिविधि और बढ़ती वैश्विक व्यापार बाधाओं के कारण निर्यात में कमी आई है।

# देश में बिजली की कमी बिल्कुल भी नहीं : मनोहर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- केंद्रीय बिजली मंत्री ने कहा- भारत ऊर्जा अधिशेष देश के रूप में उभर रहा

केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को कहा कि पिछले दो महीनों के दौरान देश में बिजली की कोई कमी नहीं हुई और भारत ऊर्जा अधिशेष राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। मंत्री ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में बिजली की कमी 0.1 प्रतिशत रही।

उन्होंने कहा कि चूंकि बिजली की मांग मौसम पर निर्भर करती है, इसलिए इस गर्मी के मौसम में भारत की बिजली की अधिकतम मांग 241 गीगावाट (नौ जून को) को छू गई, जबकि पिछले साल 30 मई, 2025 को बिजली की अधिकतम मांग 250 गीगावाट के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर थी। मनोहर लाल ने यह भी कहा कि इस गर्मी के मौसम में बिजली की अधिकतम मांग 270 गीगावाट को छू सकती है।

# भारत में डिजिटल भुगतान क्रांति ने दुनिया का ध्यान खींचा: सरकार

**नई दिल्ली।** भारत में डिजिटल भुगतान तेजी से बढ़ रहा है और लेन-देन की इस क्रांति ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार के 11 साल पूरे होने पर जारी एक पुस्तिका में कहा गया है कि भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों से जुड़ गई है।

- मार्च 2025 में 24.77 लाख करोड़ के 1,830.151 करोड़ यूपीआई लेनदेन किए गए

इसमें कहा गया, भारत में डिजिटल भुगतान क्रांति ने दुनिया भर का ध्यान खींचा है। मार्च 2025 में, यूपीआई पर लगभग 24.77 लाख करोड़ रुपये के 1,830.151 करोड़ यूपीआई लेनदेन किए गए। यूपीआई प्रणाली का उपयोग अब करीब 46 करोड़ व्यक्ति और 6.5 करोड़ व्यापारी करते हैं। छोटे से छोटे लेनदेन के लिए भी डिजिटल भुगतान किया जा रहा है, जिसमें से 50% को छोटे या अत्यधिक छोटे भुगतान के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

# राज्यों की समग्र रैंकिंग में महाराष्ट्र अव्वल बिहार 17वें स्थान पर

**कोलकाता।** भारत के बड़े राज्यों के लिए जारी वर्ष 2025 की केअरएज की समग्र रैंकिंग में महाराष्ट्र पहले स्थान पर रहा जबकि पश्चिम बंगाल 13वें स्थान पर है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी केअरएज ने कहा कि बड़े राज्यों में से महाराष्ट्र शीर्ष रैंकिंग पर रहा जबकि गुजरात को दूसरा, कर्नाटक को तीसरा, तेलंगाना को चौथा और तमिलनाडु को पांचवां स्थान मिला। केअरएज राज्य रैंकिंग को सात प्रमुख बिंदुओं को समाहित कर जारी किया जाता है। इसमें आर्थिक, राजकोषीय, बुनियादी ढांचा, वित्तीय विकास, सामाजिक, शासन और पर्यावरण के पहलू शामिल हैं।

# ईएफटीए व्यापार समझौता साझेदारी में लाएंगे स्थिरता : गोयल

**बर्न (स्विट्जरलैंड), एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत और चार देशों के यूरोपीय संघ ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों क्षेत्रों में कारोबार में स्थिरता तथा भरोसा लाएगा। उन्होंने कहा कि भारत जहां विशाल बाजार और कुशल पेशेवर उपलब्ध कराता है, वहीं स्विट्जरलैंड में उन्नत विनिर्माण क्षमताएं हैं।

दोनों पक्षों ने 10 मार्च 2024 को व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए थे। समझौते के तहत, भारत को समूह से 15 वर्ष में 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है, जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट्स और तराशे गए हीरों जैसे कई उत्पादों को कम



- उद्योग मंत्री ने कहा- भारत विशाल बाजार और कुशल पेशेवर कराता है उपलब्ध

या शून्य शुल्क पर अनुमति दी गई है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लिश्टेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। गोयल ने यहां दोनों क्षेत्रों के कारोबारियों को संबोधित करते हुए कहा, यह समझौता साझेदारी में स्थिरता, पूर्वानुमेयता और निरंतरता प्रदान करेगा।

### स्विट्जरलैंड की कंपनियों को निवेश के लिए किया आमंत्रित

**बर्न।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को भारत में स्विट्जरलैंड की कंपनियों के लिए समर्पित क्षेत्र विकसित करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने स्विट्जरलैंड की कंपनियों को भारत में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया और कहा कि भारत उनके लिए बहुत सारे अवसर प्रदान करता है। गोयल ने भारत और स्विट्जरलैंड के उद्योग प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा, हम स्विट्जलैंड की कंपनियों के लिए एक समर्पित 'स्विस क्षेत्र' (एनक्लेव) भी बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्विट्जरलैंड के नागरिकों के लिए खासतौर से बने रेस्तरां, होटल, स्कूल और कॉलेज हो सकते हैं।

## राष्ट्रीय

# रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता पर जोर : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा- सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में देश में आए महत्वपूर्ण बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं और रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण तथा आत्मनिर्भरता दोनों पर स्पष्ट रूप से ध्यान केन्द्रित किया गया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, पिछले 11 वर्ष में हमारे रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं तथा रक्षा उत्पादन के मामले में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भर बनने पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है। यह देखकर खुशी होती है कि कैसे भारत के लोग देश को मजबूत बनाने के संकल्प के प्रति एकजुट हुए हैं।

प्रधानमंत्री पद पर मंगलवार को 11 वर्ष पूरे होने पर मोदी ने सरकार के नागरिक सहभागिता मंच से एक 'थ्रेड' साझा किया जिसमें विभिन्न



सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य शशि थरूर से मिलते प्रधानमंत्री मोदी।

क्षेत्रों में हुए बदलावों पर प्रकाश डाला गया। इसमें कहा गया है कि मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में मात्र 11 वर्षों में भारत की रक्षा क्षमताओं में क्रांतिकारी बदलाव आया है, रणनीतिक वैश्विक साझेदारियां प्रगाढ़ हुई हैं तथा अंतरिक्ष अन्वेषण में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की गई हैं। इस वीडियो में कहा गया कि 'आत्मनिर्भर भारत' के उनके संकल्प से प्रेरित राष्ट्र ने आत्मनिर्भर नवाचार को अपनाया है और व्यापार एवं प्रौद्योगिकी में अपने प्रभाव को बढ़ाया है। इसमें कहा गया है कि 'इंडियाज राइज इन 11 इयर्सः पावर, पार्टनरशिप एंड प्रोग्रेस' में विभिन्न क्षेत्रों में सरकार की पहलों और उसके बाद हुए परिवर्तनों का उल्लेख किया गया है।

### सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मिले मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के मजबूत रुख से अवगत कराने के लिए विश्व की राजधानियों की यात्रा पर गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मंगलवार शाम मुलाकात की। सदस्यों ने प्रधानमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा किए। केंद्र सरकार पहले ही 50 से अधिक व्यक्तियों वाले सात प्रतिनिधिमंडलों के कार्य की प्रशंसा कर चुकी है, जिनमें अधिकतर वर्तमान सांसद हैं। पूर्व सांसद और पूर्व राजनयिक भी इन प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा थे, जिन्होंने 33 विदेशी राजधानियों और यूरोपीय संघ का दौरा किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही प्रतिनिधिमंडलों से मिल चुके हैं और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख को व्यक्त करने में उनके प्रयासों की सराहना कर चुके हैं। चार प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व सत्तारूढ़ गठबंधन के सांसदों ने किया, जिनमें भाजपा के दो, जद (यू) के एक और शिवसेना के एक सांसद शामिल थे, जबकि तीन का नेतृत्व विपक्षी सांसदों ने किया जिनमें कांग्रेस, द्रमुक और राकांपा (एसपी) के एक-एक सांसद शामिल थे। भाजपा के रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, कांग्रेस के शशि थरूर, जद (यू) के संजय झा, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे, द्रमुक की कनिमोई और राकांपा (एसपी) की सुप्रिया सुले ने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में अपने-अपने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

# सरकार के 11 साल पर नमो सर्वे को एक दिन में मिलीं 5 लाख प्रतिक्रियाएं

**नई दिल्ली।** केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में विभिन्न मुद्दों पर लोगों की प्रतिक्रिया जानने के लिए नमो ऐप पर शुरू किए गए सर्वेक्षण में एक दिन में पांच लाख से अधिक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 77 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने सर्वेक्षण पूरा कर लिया है। ये इस राष्ट्रीय संवाद में योगदान देने के लिए उच्च स्तर की सहभागिता और रुचि को दर्शाता है। सबसे अधिक प्रतिक्रियाएं यूपी से प्राप्त हुईं, उसके बाद महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात और हरियाणा का स्थान है। भारत के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य यूपी से 1,41,150 से अधिक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं, महाराष्ट्र से 65,775, तमिलनाडु से 62,580 व अन्य राज्यों से प्रतिक्रियाएं मिलीं।

# राजस्थान में पिकनिक मनाने गए आठ युवक नदी में डूबे

**जयपुर, एजेंसी**

- जयपुर से 11 युवक पिकनिक मनाने टोंक की बनास नदी पहुंचे थे

राजस्थान के टोंक जिले में आठ युवकों की मंगलवार को बनास नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। टोंक के जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि जयपुर से 11 युवक पिकनिक मनाने टोंक की बनास नदी के पास पहुंचे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया और आठ युवक डूब गए। इन सभी युवकों की उम्र 25 से 30 साल के बीच थी। हादसा बनास नदी पुराने पुल के पास कच्चा बंधा के समीप हुआ।

उन्होंने बताया कि तीन युवकों को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित निकाल लिया गया। एक अधिकारी के अनुसार ये जयपुर के हसनपुरा इलाके के रहने वाले थे। उनके परिजनों से संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी यह पता लगाया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ। उन्होंने बताया कि तीन युवकों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर शोक जताया और अधिकारियों को त्वरित रूप से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, टोंक जिले में स्थित बनास नदी में युवकों की डूबने से हुई मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन के अधिकारियों को त्वरित रूप से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जोखिम भरा सफर



मुंबई में मंगलवार को भीड़भाड़ से भरी ट्रेनों में यात्रा करते लोग। एक दिन पहले ठाणे के पास भीड़भाड़ वाली दो लोकल ट्रेन से गिरकर एक जीआरपी कांस्टेबल सहित चार यात्रियों की मौत हो गई थी, नौ घायल हो गए थे। एजेंसी

## एक नजर

### मप्र : आपात स्थिति में उतारा प्रशिक्षण विमान

**खजुराहो।** एक निजी उड़ान अकादमी के एक प्रशिक्षण विमान को मंगलवार को मध्यप्रदेश में खजुराहो हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विमान का पायलट और प्रशिक्षु पायलट दोनों सुरक्षित हैं। खजुराहो हवाई अड्डे के निदेशक संतोष सिंह ने कहा कि पायलट ने हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) को सूचित किया कि प्रशिक्षण उड़ान के दौरान उड़ान भरने के बाद विमान का पिछला एक पहिया नहीं खुल रहा था।

### गैर-वकीलों के सफेद कमीज व काली पैंट पहनने पर प्रतिबंध

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम जिला बार एसोसिएशन ने एक प्रस्ताव पारित कर गैर-वकीलों के अदालत परिसर में सफेद कमीज और काली पैंट पहनने पर प्रतिबंध लगाया है। एक वरिष्ठ सदस्य ने कहा कि पेशे से जुड़े पोशाक अब केवल पंजीकृत वकीलों और अधिकृत विधि प्रशिक्षुओं के लिए आरक्षित है। यह अक्सर देखा गया है कि गैर-अधिवक्ता या गैर-मान्यता प्राप्त विधि प्रशिक्षु जिला न्यायालय परिसर में सफेद कमीज और काली पैंट पहनते हैं।

# दिल्ली में कोरोना से संक्रमित 90 वर्षीय महिला की मौत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई 90 वर्षीय एक महिला की मृत्यु हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में एक जनवरी से अब तक कोरोना वायरस से संक्रमित आठ लोगों की मौत हो चुकी है। नब्बे वर्षीय महिला को अन्य बीमारियां भी थीं। इसमें कहा गया है कि मौत का प्राथमिक कारण अन्य सह-रुग्णताएं हैं और कोरोना वायरस का पता लगना आकस्मिक है। दिल्ली में कोरोना वायरस के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 691 है। पूरे भारत में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 6,815 है। पिछले 24 घंटों में देशभर में कोविड-19 से तीन मौतें हुई हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, केरल सबसे अधिक प्रभावित राज्य बना हुआ है।

# संजय भंडारी से जुड़े मामले में ईडी के समन पर पेश नहीं हुए रॉबर्ट वाड्रा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ब्रिटेन में रह रहे कथित हथियार कारोबारी संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समन पर मंगलवार को पेश नहीं हुए। सूत्रों ने बताया कि वाड्रा ने मंगलवार के समन पर स्थगन मांगा था और अब उन्हें नयी तारीख दी जाएगी।

ईडी पीएमएलए के तहत वाड्रा का बयान दर्ज करना चाहता है और उसके बाद अदालत में उनके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल करना चाहता है। संघीय जांच एजेंसी ने हरियाणा में 2008 के भूमि सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े एक

- हथियार कारोबारी से जुड़े धन शोधन मामले में की जानी थी पूछताछ

अलग धन शोधन मामले में रॉबर्ट वाड्रा (56) से अप्रैल में लगातार तीन दिन तक पूछताछ की थी। वर्ष 2016 में आयकर विभाग द्वारा दिल्ली में छापेमारी के तुरंत बाद भंडारी (63) लंदन भाग गया था। ब्रिटेन की एक कोर्ट ने इस महीने की शुरुआत में प्रत्यर्पण मामले में भंडारी को आरोप मुक्त किए जाने के खिलाफ ब्रिटेन के सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की अनुमति के लिएभारत सरकार द्वारा दायर अर्जी को अस्वीकार कर दिया था।

# बेंगलुरु भगदड़ : हाईकोर्ट ने आरसीबी के अधिकारी को नहीं दी अंतरिम राहत

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक हाईकोर्ट ने चार जून को यहां स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने और उसमें 11 लोगों की मौत के मामले में आरसीबी के विपणन प्रमुख निखिल सोसले को किसी प्रकार की अंतरिम राहत देने से मंगलवार को इनकार कर दिया। कोर्ट ने सोसले की याचिका पर आदेश 11 जून तक सुरक्षित रखा।

सोसले को केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने छह जून को बेंगलुरु के केंपेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया था, जब वह दुबई जाने वाला था। सोसले ने अपनी याचिका में 6 जून को तड़के उन्हें गिरफ्तार किए जाने की वैधता पर सवाल उठाया था और आरोप लगाया था कि पुलिस की कार्रवाई राजनीतिक निर्देशों से प्रभावित है।

### कोर्ट ने सुनवाई के लिए 12 जून की तारीख तय की

**बेंगलुरु।** हाईकोर्ट ने यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम में चार जून को मची भगदड़ की घटना संबंधी याचिका पर मंगलवार को अगली सुनवाई के लिए 12 जून की तारीख तय की। पिछले सप्ताह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल में पहली जीत के उपलक्ष्य में जश्न मनाने के दौरान मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। अदालत ने मंगलवार को महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी को सीलबंद लिफाफे में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया।

# सरकार पड़ोसी देशों से सार्थक संवाद के लिए अनुकूल माहौल बनाने में विफल रही: पवार

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार की विदेश नीति की आलोचना करते हुए कहा कि यह सरकार पड़ोसी देशों के साथ सार्थक संवाद के लिए अनुकूल माहौल बनाने में विफल रही है। पुणे में पार्टी के 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल के दौरान भारत के अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध थे। उन्होंने कहा, पार्टी ने कभी भी राष्ट्रीय हित से जुड़े मुद्दों का राजनीतिकरण नहीं किया। पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद, जिसमें कुछ नागरिक मारे गए थे, हमने सरकार की आलोचना नहीं करने का फैसला किया।

# मोदी को खरगे का पत्र, लोकसभा उपाध्यक्ष के चुनाव का किया आग्रह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि बिना किसी विलंब के लोकसभा उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू की जाए। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खरगे ने इस बात पर चिंता जताई कि पिछली लोकसभा में कोई उपाध्यक्ष नहीं था और वर्तमान लोकसभा में भी कोई उपाध्यक्ष नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक राजनीति के लिए अच्छा संकेत नहीं है और यह संविधान के निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन भी है।



- कहा- बिना किसी विलंब के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो

आखिरी बार 16वीं लोकसभा में अन्नाद्रमुक के नेता एम. थंबीदुरई को उपाध्यक्ष चुना गया था। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में खरगे ने कहा, मैं लोकसभा में उपाध्यक्ष की रिक्ति से जुड़े अत्यधिक चिंताजनक मामले को आपके ध्यान में लाने के लिए लिख रहा हूं।

# दक्षिण अफ्रीका को तोड़ना होगा आस्ट्रेलियाई तिलिस्म

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप आज से : दोनों टीमों के बीच में होगी रोमांचक भिड़ंत, आस्ट्रेलिया का रहा शानदार प्रदर्शन



लंदन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की पूर्व संध्या पर अभ्यास सत्र के दौरान ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ। ● एजेंसी

**लंदन, एजेंसी**

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में दक्षिण अफ्रीकी टीम 2023-2025 का खिताब जीतने के लिए बुधवार से शुरू होने वाले फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी। वहीं ऑस्ट्रेलिया का अजेय प्रदर्शन उसे खिताब का प्रबल दावेदार बनाता है। इसे देखते हुए दोनों टीमों के बीच रोमांचक भिड़ंत होने की उम्मीद है।

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने डब्ल्यूटीसी में 2019-2021 में पांचवें और 2021-2023 में तीसरे स्थान पर रहने के बाद इस बार फाइनल में अपनी जगह बनायी है। टेस्ट क्रिकेट की दो सबसे बेहतरीन फॉर्म में चल रही टीमों के बीच कल से शुरु होने वाला फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है। दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार पांच टेस्ट जीतने के बाद लंदन पहुंची है, जिसमें इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान पर 10 विकेट से मिली शानदार जीत भी शामिल है। तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया की अनुपस्थिति के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के पास तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा, मार्को जेनसन और स्पिनर केशव महाराज की अगुआई में एक मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। वहीं बल्लेबाजी क्रम की बात की जाये तो कप्तान टेम्बा बावुमा ने पूरे मैचों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड बेडिंघम और रयान रिकेल्टन का इंग्लिश परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन रहा।



दक्षिण अफ्रीका के डेविड बेडिंघम (बाएं) और मुख्य कोच शुकरी कॉनराड लॉर्ड्स में पिच का निरीक्षण करते हुए। ● एजेंसी

संभावित एकादश ट्रिस्टन स्टब्स जैसे युवा और वियान मुल्डर जैसे ऑलराउंडर भी शामिल हैं, जोकि टीम के बेहतर संतुलन को दिखाता हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया पिछले छह टेस्ट में अजेय रहने के कारण खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम अनुभव और गहराई से भरपूर है। कमिंस, मिशेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी को ऑफ स्पिनर नाथन लियोन और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर संजयोजन किसी भी विपक्षी टीम पर भारी पड़ सकता है। अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर स्थित अनुभवी उस्मान ख्वाजा और स्टीव स्मिथ बल्लेबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि ट्रैविस हेड और मार्नस लैबुशेन मध्यक्रम को मजबूती प्रदान करते हैं।

कुल मिलाकर आस्ट्रेलिया विश्व कप चैंपियनशिप जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि लॉड्र्स की उछाल भरी पिच धीरे-धीरे मैच के आगे बढ़ने पर बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित हो सकती है। पहली पारी में 400 के आसपास का स्कोर की उम्मीद है।

मौसम पूर्वानुमानों के अनुसार पहले दिन बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश होने का भी अनुमान है, लेकिन शेष दिन शुष्क रहने के आसार है। दोनों टीमें टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुनेंगी, जिसका लक्ष्य मैच में बाद में होने वाली बल्लेबाजी के अनुकूल परिस्थितियों का अधिकतम लाभ उठाना होगा।

**13** बार ऑस्ट्रेलियाई टीम आईसीसी टूर्नामेंटों में फाइनल पहुंची, जिसमें 10 खिताब जीतने में सफल रही

**समय : दोपहर 3 बजे**

**ऑस्ट्रेलिया :-** उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन और जॉश हेजलवुड।

**दक्षिण अफ्रीका :-** टेम्बा बावुमा (कप्तान), एडन मारक्रम, रयान रिकेल्टन, वियान मुल्डर, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन (विकेट कीपर), मार्को जेनसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी।

## आस्ट्रेलिया के लिए डब्ल्यूटीसी खिताब जीतना अहम

लंदन : आस्ट्रेलिया के स्टार ऑफ स्पिनर नाथन लियोन का मानना है कि आस्ट्रेलिया की महानतम टीमों में शामिल होने के लिए लगातार दूसरी बार आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब जीतना अहम कदम होगा।

सैतीस वर्ष के लियोन उस आस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा हैं जो बुधवार से लॉडर्स पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023-25 चक्र का फाइनल खेलेगी। आस्ट्रेलिया ने 2003 में भारत को 209 रन से हराकर खिताब जीता था। लियोन ने कहा हमने पिछले दो साल में शानदार प्रदर्शन किया है जिस पर हमे गर्व है। हम आस्ट्रेलिया की महान टीम बनने की राह पर हैं, लेकिन अभी वहां तक पहुंचे नहीं है। यह मैच उस मंजिल तक के सफर में अहम कदम होगा। आस्ट्रेलिया 2023-25 डब्ल्यूटीसी चक्र में दक्षिण अफ्रीका के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। लियोन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 18 मैचों में 56 विकेट लिये हैं।

# इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला से पहले लय हासिल करने की कोशिश करेंगे अर्शदीप

**लंदन, एजेंसी**

● 20 जून से इंग्लैंड में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज

भारत के बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह केंट लौटकर खुश हैं। यहां उन्होंने काउंटी क्रिकेट खेली है। इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले वह पारंपरिक प्रारूप में लय हासिल करने की कोशिश में होंगे। 26 वर्ष के अर्शदीप को भारतीय टीम में चुना गया है और उनकी नजरें पहला टेस्ट खेलने पर लगी होंगी। भारतीय टीम 13 जून से भारत ए के खिलाफ केंट में चार दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी।



सीमित ओवरों के प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अर्शदीप दो साल पहले केंट के लिए काउंटी चैंपियनशिप खेल चुके हैं। उन्होंने इस साल आईपीएल में उपविजेता पंजाब किंग्स के लिए भी शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने बीसीसीआई टीवी से कहा आज के अभ्यास सत्र में मेरा लक्ष्य लय हासिल करना ही था। हम लगातार सफेद गेंद का प्रारूप खेल रहे थे तो अब लाल गेंद से खेलकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा आगे हम और बेहतर होते जाएंगे और बल्लेबाजों के लिए गेंद को खेलना आसान नहीं होगा। अर्शदीप ने कहा गेंदबाजी में मजा आया। हम अभ्यास के लिए खेल रहे थे, लेकिन पूरी तरह से प्रतिस्पर्धी भाव के साथ। इससे और भी मजा आया। हमने पुख्ता रणनीति बनाकर उन्हें आउट करने की कोशिश की। साइ (सुदर्शन) पहली बार टीम से जुड़ा है और शानदार फॉर्म में भी है। हमने उसे आउट करने की काफी कोशिश की। अर्शदीप ने कहा कि वह जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करके अपने कौशल को निखारने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा जब भी मैं गेंद पकड़ता हूं तो मुझे लगता है कि मैं सर्वश्रेष्ठ हूं। लेकिन सभी को पता है कि जब आपके गेंदबाजी आक्रमण में जसप्रीत बुमराह हैं तो तुलना जैसा शब्द तो हो ही नहीं सकता। फोकस इसी पर है कि हम अपने खेल में कैसे निखार लायें और एक दूसरे की, टीम की मदद कैसे करें।

# पूरन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

**पोर्ट आफ स्पेन, एजेंसी**

● 29 बरस की उम्र में संन्यास लेकर सबको चौंका दिया

● सोशल मीडिया पर कहा सोच विचारकर लिया फैसला

वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन ने सिर्फ 29 वर्ष की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहकर सभी को चौंका दिया है। उन्होंने इस फैसले का कोई कारण नहीं बताया। पूरन ने कहा कि उन्होंने काफी सोच विचारकर यह फैसला लिया है। इससे पहले उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए खुद को चयन से बाहर कर लिया था।

वेस्टइंडीज के लिए 106 टी20 मैच खेल चुके पूरन ने 136.39 की स्ट्राइक रेट से 2275 रन बनाए हैं। उन्होंने 61 वनडे खेलकर 99.15 की स्ट्राइक रेट से 1983 रन बनाए हैं। वेस्टइंडीज के सीमित ओवरों के पूर्व कप्तान पूरन ने अपने सोशल मीडिया पेज पर लिखा काफी सोच समझकर मैंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेने का फैसला किया है। उन्होंने लिखा इस खेल ने खुशी, मकसद, न भूलने वाली यादें और वेस्टइंडीज के लोगों की नुमाइंदगी का मौका दिया है। उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए कभी टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला।



निकोलस पूरन। ● एजेंसी (फाइल फोटो)

उन्होंने लिखा मरून जर्सी पहनकर स्टेडियम में राष्ट्रगीत के लिये खड़े होना और अपना सब कुछ मैदान पर दे देना ..इसके क्या मायने हैं वह शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। टीम की कप्तानी करना मेरा सौभाग्य रहा और यह हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा। पूरन ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का पूरा सत्र खेलने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिये खुद को कैरेबियाई टीम में चयन से बाहर रखा था। विश्व कप 2023 क्वालीफायर से वेस्टइंडीज के बाहर होने के बाद से उन्होने वनडे क्रिकेट नहीं खेला है।

वेस्टइंडीज के लिए उन्होंने आखिरी मैच दिसंबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। पूरन ने आगे लिखा प्रशंसकों को अपार प्रेम के लिए धन्यवाद। कठिन पलों में आपन मेरा मनोबल बढ़ाया और अच्छे पलों में जश्न में मेरे साथ रहे। अपने परिवार, दोस्तों और साथी खिलाड़ियों को भी धन्यवाद दूंगा जो इस सफर में मेरे साथ रहे। आपके विश्वास और सहयोग ने मेरा सफर आसान किया। पूरन इस सत्र में मेजर क्रिकेट लीग और द हंड्रेड में खेल सकते हैं। इसके अलावा वह कैरेबियाई प्रीमियर लीग, आईपीएल और यूएई में आईएलटी 20 भी खेलते हैं। उन्होंने लिखा मेरे कैरियर का अंतरराष्ट्रीय प्रारूप वाला अध्याय यहीं खत्म हो रहा है। लेकिन वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिये मेरा प्यार कभी कम नहीं होगा। मैं टीम को और वेस्टइंडीज को आगे के लिये सफलता और मजबूती मिलने की कामना करता हूं। उन्होंने आईपीएल में 196 . 25 की स्ट्राइक रेट से 524 रन बनाए।

## खेल डायरी

### पूजा ने तेज हाफ मैराथन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड किया हासिल

**अहमदाबाद :** सबसे तेज हाफ मैराथन का रिकार्ड बनाने वाली पूजा टिकमाणी को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के पुरुस्कार से सम्मानित किया गया है। गुजरात में अहमदाबाद शहर की पूजा टिकमाणी ने मंगलवार को यूनीवार्ता को बताया कि 12 जनवरी को अहमदाबाद में आयोजित बीसफल हाफ मैराथन अहमदाबाद में 20 पाउंड का बैकपैक लेकर सबसे तेज हाफ मैराथन पूरी करने का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल किया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड ने उन्हें रविवार को इस पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि वह पेशे से एक व्यवसायी महिला होने के साथ-साथ दौड़ने की शौकीन है। उन्होंने अपने 45वें जन्मदिन पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स में नाम दर्ज कराकर वैश्विक मंच पर एक अनूठी छाप छोड़ी है। इस उम्र में यह उपलब्धि हासिल करके उन्होंने साबित कर दिया है कि उम्र सिर्फ एक संख्या है।

### भारतीय रेसवॉकर प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत दर्ज की

**नई दिल्ली :** भारत की रेसवॉकर प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत दर्ज करते हुए इंसब्रुक में आस्ट्रियन रेसवॉकिंग चैम्पियनशिप में महिलाओं की दस किलोमीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। गोस्वामी ने 47 मिनट और 54 सेकंड का समय निकाला। उनके नाम 20 किलोमीटर रेसवॉक में एक घंटे, 28 .45 मिनट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। दस किलोमीटर में उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 45 मिनट और 47 सेकंड का है जो उन्होंने 2022 में बनाया था। गोस्वामी ने अपने सोशल मीडिया हैंडिल्स पर लिखा एक मिनट के दंड के बावजूद मैने स्वर्ण जीता जो आसान नहीं था। बुखार और दंड के बाद यह मुश्किल था। वह मई में मेलबर्न में एथलेटिक्स् विक्टोरिया वॉकिंग चैम्पियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थी।

### वनडे कप के लिए यॉर्कशर से जुड़ेंगे रूतुराज गायकवाड़

**लीड्स :** भारतीय बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ काउंटी चैंपियनशिप डिविजन वन के पांच मैचों और वनडे कप के लिए यॉर्कशर टीम से जुड़ेंगे। यॉर्कशर को सर्रे के खिलाफ जुलाई में काउंटी मैच खेलना है। गायकवाड़ सत्र के आखिर तक टीम के साथ रहेंगे। क्लब ने अपनी वेबसाइट पर यह जानकारी दी। गायकवाड़ इस समय इंग्लैंड दौरे पर भारत ए टीम का हिस्सा हैं जिसने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो अनधिकृत चार दिवसीय टेस्ट खेले। अब भारत ए टीम 13 से 16 जून तक भारतीय सीनियर टीम के खिलाफ बेकेनहम में चार दिवसीय मैच खेलेगी।

### मोदी ने खेल बुनियादी ढांचे पर प्रकाश डालने वाले लेख को किया साझा

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए पिछले 11 वर्षों में देश में खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाला एक लेख साझा किया। श्री मोदी ने आज पिछले 11 वर्षों में भारत के खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाले लेख साझा करते हुए कहा कि यह परिवर्तन भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर करता है। डॉ. मांडविया द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा केंद्रीय मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि पिछले 11 वर्षों में भारत के खेल बुनियादी ढांचे का किस तरह अभूतपूर्व पैमाने पर विस्तार हुआ है।



अहमदाबाद : कोलकाता थंडर ब्लेड्स की एड्रियाना डियाज अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) सीजन 6 में अहमदाबाद एसजी पाइपर्स की अयहिका मुखर्जी के खिलाफ मैच के दौरान शॉट खेलते हुए। ● एजेंसी

# भारत एशियाई कप क्वालीफायर में हांगकांग से हारा

**कोवलून (हांगकांग), एजेंसी**

● हार से भारत की सऊदी अरब में होने वाले अगले एशियाई कप में पहुंचने की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा है



भारतीय फुटबॉल टीम को 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के अहम मैच में स्टीफन परेरा के इंजरी टाइम में दागे गोल के कारण मंगलवार को यहां मेजबान हांगकांग के खिलाफ 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। अपने से कम रैंकिंग वाले हांगकांग के खिलाफ हार भारत के लिए बड़ा झटका है क्योंकि टीम लगातार खराब प्रदर्शन कर रही है और फिनिशिंग कौशल की कमी का खामियाजा उसे भुगतना पड़ रहा है।

रेफरी ने हांगकांग को उस समय पेनल्टी दी जब भारत के गोलकीपर विशाल कैथ गोल लाइन से बाहर आए और गेंद को सुरक्षित बाहर करने की कोशिश की लेकिन माइकल उदेबुलुजोर के खिलाफ फाउल कर बैठे। परेरा (90+4) ने इसके बाद पेनल्टी पर गोल दागकर हांगकांग की जीत सुनिश्चित की। उन्होंने गेंद को कैथ के दाईं ओर से गोल में पहुंचाया। कैथ को इंजरी टाइम के फाउल के लिए पीला कार्ड भी दिखाया गया। इस हार से भारत की सऊदी अरब में होने वाले अगले एशियाई कप में पहुंचने की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा है और टीम फीफा रैंकिंग में 133वें स्थान पर खिसक जाएगी जबकि हांगकांग को अंक मिलेंगे और वह आगे बढ़ेगा। इससे पहले भारत के कोच मनोलो मारक्वेज ने अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री को शुरुआती एकादश से बाहर रखा। नवनिर्मित काई टेक स्टेडियम में स्थानीय दर्शक मेजबान टीम के समर्थन में बड़ी संख्या में जुटे थे लेकिन भारत ने पहले हाफ में कुछ मौके बनाते हुए अच्छा प्रदर्शन किया।

हांगकांग ने हालांकि गेंद को अधिक समय तक अपने कब्जे में रखा। एक बार फिर शुरुआती 45 मिनट में फिनिशिंग की कमी ने भारतीय टीम को निराश किया। मध्यांतर से पहले जो मौके मिले उनमें से 35वें मिनट में भारतीय टीम गोल करने के सबसे करीब थी लेकिन आशिक कुरुनियन ने लिस्टन कोलासो के क्रॉस पर शॉट बाहर मार दिया। कोलासो ने लंबी दूरी से एक शक्तिशाली शॉट लगाया लेकिन वह सीधे गोलकीपर के दस्तानों में चला गया।

# रोहन बोपन्ना 15 साल में पहली बार शीर्ष 50 से बाहर

**नई दिल्ली :** एटीपी सर्किट पर पिछले कुछ अर्से से खराब प्रदर्शन के कारण भारत के सुमित नागल एकल रैंकिंग में 63 पायदान गिरकर 233वें स्थान पर खिसक गए जो पिछले दो साल में उनकी सबसे खराब रैंकिंग है जबकि 45 वर्ष के रोहन बोपन्ना 15 साल में पहली बार शीर्ष 50 से बाहर हो गए।

पिछली बार 27 वर्ष के नागल जुलाई 2023 में शीर्ष 200 से बाहर हुए थे जब वह 231वीं पायदान पर थे। उसके बाद से वह जुलाई 2024 में कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 68वीं रैंकिंग तक पहुंचे। इस सत्र की शुरुआत से वह खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं।

## जीत की खुशी




**मुंबई :** कुश मैनी, जो प्रतिष्ठित मोनाको ग्रैंड प्रिक्स में फॉर्मूला 2 रेस जीतने वाले पहले भारतीय बने, अपनी ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाने के लिए एक पत्रकार वार्ता के दौरान तस्वीरों के लिए पोज देते हुए। ● एजेंसी

# अर्जेंटीना के खिलाफ जीत की राह पर लौटना चाहेगा भारत

**एम्सटेलवीन, एजेंसी**

**एफआईएच प्रो लीग**

● नीदरलैंड से लगातार दो मैच हार चुकी टीम पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करने रहे नाकाम

लगातार दो मैच हार चुकी भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अर्जेंटीना के खिलाफ बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के अगले मैच में आखिरी मिनटों में गोल गंवाने और पेनल्टी कॉर्नर तब्दील नहीं कर पाने की अपनी कमजोरी से पार पाना होगा। भारतीय टीम के लिए यूरोप चरण की शुरुआत खराब रही और उसे नीदरलैंड ने पहले दो मैचों में 2-1 और 3-2 से हराया। दोनों मैचों में भारत ने बढ़त बनाने के बाद आखिरी मिनटों में गोल गंवाये। इसके अलावा भारत को पेनल्टी कॉर्नर भी बेहतर करना होगा। पिछले मैच में नौ में से एक पेनल्टी कॉर्नर को ही भारतीय टीम गोल में बदल सकी। अभी इस चरण में छह मैच खेले जाने बाकी हैं और भारत 15 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। प्रो लीग के जरिये अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम को बाकी मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अब भारत को अर्जेंटीना से दो मैच खेलने हैं जिसके बाद आस्ट्रेलिया और फिर बेल्जियम का सामना करना होगा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा हमें पता है कि अर्जेंटीना के खिलाफ कड़ी चुनौती होगी। टीम काफी मेहनत कर रही है और हमें अच्छे प्रदर्शन का यकीन है। अर्जेंटीना मजबूत टीम है और इस स्तर पर कोई मैच आसान नहीं होता। दोनों टीमों के बीच खेले गए मुकाबलों में भारत का पड़ला भारी रहा है। पेरिस ओलंपिक में दोनों टीमों का मुकाबला ड्रॉ रहा था। प्रो लीग 2023-24 में भारत ने अर्जेंटीना को दो बार हराया था और दूसरी जीत शूटआउट में मिली थी। हरमनप्रीत ने कहा हम पूरी तरह से तैयार हैं। हमने इस टूर्नामेंट की काफी तैयारी की है और कई संयोजन आजमाये। हमें अर्जेंटीना के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन का यकीन है।



# जूनियर पुरुष हॉकी टीम की कमान संभालेंगे हुंडल


**नई दिल्ली :** अनुभवी ड्रैग फ्लिकर अराइजीत सिंह हुंडल 21 जून से बर्लिन में शुरू हो रहे चार देशों के टूनर्रामेंट में भारत की 24 सदस्यीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की अगुआई करेंगे। यह टूर्नामेंट इस साल चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा। भारत और मेजबान जर्मनी के अलावा 21 से 25 जून तक होने वाली इस प्रतियोगिता में स्पेन और ऑस्ट्रेलिया भी हिस्सा लेंगे।

**टीम :** फारवर्ड : अराइजीत सिंह हुंडल (कप्तान), गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह और अजीत यादव।गोलकीपर : बिक्रमजीत सिंह, विवेक लाकड़ा। डिफेंडर : आमिर अली, तालेम प्रियोबार्ता, शारदानंद तिवारी, सुनील पीबी, अनमोल एक्का, रोहित, रवनीत सिंह, सुखविंदर।

# इलावेनिल ने जीता कांस्य पदक

**म्यूनिख, एजेंसी**

**आईएसएसएफ विश्व कप**



इलावेनिल वलारिवान। ● एजेंसी

भारत की दिग्गज निशानेबाज इलावेनिल वलारिवान को मंगलवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में प्रतियोगिताओं के पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में एक समय शीर्ष पर रहने के बावजूद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

पच्चीस साल की भारतीय निशानेबाज इलावेनिल ने 231.2 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की 18 साल की वैंग झिफेई ने 252.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि कोरिया की क्वोन युनजी ने 252.6 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया। इलावेनिल ने फाइनल में 10.7 अंक के साथ शुरुआत की और फिर अपने अगले प्रयास में 10.8 अंक जुटाए। दो बार की ओलंपियन इलावेनिल शुरुआती पांच शॉट के बाद कोरिया की ओलंपिक चैंपियन युनजी से 0.3 अंक पीछे थी। वह 10.8 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंची। इलावेनिल 12 शॉट के बाद 127.2 अंक के साथ शीर्ष पर थीं। इस समय वैंग दूसरे स्थान पर थी। यहां 2018 में हुए विश्व कप में चौथे स्थान पर रहीं इलावेनिल ने 10.7 अंक के साथ अपनी बढ़त बरकरार रखी। भारतीय निशानेबाज हालांकि इसके बाद 9.8 अंक के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गई और अंततः उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इससे पहले क्वालीफिकेशन की छह सीरीज के बाद इलावेनिल 635.9 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। वैंग ने 637.9 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। नॉर्वे की जेनेट हेग डुएस्टेड 635.7 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। वैंग का स्कोर क्वालीफिकेशन का विश्व रिकॉर्ड है। युनजी क्वालीफिकेशन में 635.6 अंक के साथ चौथे जबकि तुर्की की एलिफ बेर्फिन अल्तुन (634.6) पांचवें स्थान पर रहीं।

चीन की विश्व और एशियाई चैंपियन हेन जिआयु ने 634.2 अंक के साथ छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। भारत की राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या नायडू 632.4 अंक के साथ 15वें पायदान पर रहीं। केवल रैंकिंग अंक के लिए चुनौती पेश कर रहीं रमिता जिंदल ने 632.6 अंक के साथ 13वां स्थान हासिल किया। मेघना सजनार (केवल रैंकिंग अंक) और आर्या बोर्से ने क्रमशः 25वां और 60वां स्थान हासिल किया।

### भीषण जाम



दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस वे पर मंगलवार को लगे भीषण जाम में हजारों वाहन कई घंटे तक फंसे रहे। इनमें कई एंबुलेंस भी थीं। इस एक्सप्रेस वे पर अक्सर भीषण जाम लगता है। एजेंसी

## रॉकेट प्रक्षेपणों में 10 गुना वृद्धि

# छलनी हो जाएगी ओजोन परत

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष उद्योग विकास की राह पर है, लेकिन नए शोध से पता चलता है कि रॉकेट प्रक्षेपण में तेजी से वृद्धि होने से ओजोन परत को बड़ा नुकसान पहुंचेगा। हर साल दुनिया भर में सैकड़ों रॉकेट प्रक्षेपित किए जाते हैं, जिनमें से कई वाणिज्यिक कंपनियों और राष्ट्र-राज्य अंतरिक्ष कार्यक्रमों के तहत अंतरिक्ष में भेजे जाते हैं। ये लगभग 20 जगहों पर प्रक्षेपित किए जाते हैं, लगभग सभी उत्तरी गोलार्ध में और वर्तमान में सबसे ज्यादा प्रक्षेपण दर अमेरिका, चीन, न्यूज़ीलैंड और रूस से हैं। नवीनतम शोध उस महत्वपूर्ण बिंदु का पता लगाता है जब अधिक रॉकेट प्रक्षेपण करने से समस्याएं पैदा होने लगेंगी। निष्कर्ष बताते हैं कि एक बार जब दरें प्रति वर्ष 2,000 प्रक्षेपण तक पहुंच जाएंगी जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग दस गुना वृद्धि है तो ओजोन परत में वर्तमान में हो रहा सुधार धीमा पड़ जाएगा।



### रॉकेट प्रक्षेपण से पतली हुई ओजोन परत

ओजोन परत पृथ्वी पर जीवन को हानिकारक सौर पराबैंगनी (यूवी) किरणों से बचाती है। मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के तहत वैश्विक सहकारी समझौतों की बदौलत यह पिछली सदी में उत्सर्जित क्लोरोफ्लोरोकार्बन और अन्य हानिकारक रसायनों के प्रभावों से धीरे-धीरे ठीक हो रही है। रॉकेटों द्वारा वायुमंडल में प्रवेश करने पर उत्सर्जित गैसों और कणों से ओजोन परत पतली होती है। अब तक, वे ओजोन परत को बहुत अधिक नुकसान नहीं पहुंचाते हैं, क्योंकि हर साल अपेक्षाकृत कम प्रक्षेपण होते हैं। हालांकि, प्रक्षेपण लगातार बढ़ रहे हैं।

### छह साल में ही प्रक्षेपण तीन गुना बढ़े

2019 में 102 प्रक्षेपण हुए। 2024 तक, दुनिया भर में प्रक्षेपणों की संख्या 258 हो जाएगी। 2025 में और भी ज़्यादा प्रक्षेपण होने की उम्मीद है। अमेरिका आधारित प्रक्षेपणों के लिए, 2023 में प्रक्षेपित रॉकेटों की संख्या में 2028 तक तीन गुना वृद्धि होने की उम्मीद है। इस वृद्धि का एक कारण पृथ्वी की कक्षा में कम ऊंचाई पर स्थित हजारों इकाइयों के उपग्रह समूह बनाने का प्रयास है। इसके लिए कई प्रक्षेपणों की आवश्यकता होती है और यह कई देशों में हो रहा है, जिन्हें कई कंपनियां चला रही हैं। स्थापित हो जाने के बाद इन उपग्रहों को सक्रिय उपग्रहों की आपूर्ति जारी रखने के लिए निरंतर प्रक्षेपण की आवश्यकता होती है।

### इसलिए बढ़ रहे प्रक्षेपण...

प्रक्षेपणों में वृद्धि का एक कारण पृथ्वी की कक्षा में कम ऊंचाई पर स्थित हजारों इकाइयों के उपग्रह समूह बनाने का प्रयास है। यह कई देशों में हो रहा है, जिन्हें कई कंपनियां चला रही हैं। स्थापित हो जाने के बाद इन उपग्रहों को सक्रिय उपग्रहों की आपूर्ति जारी रखने के लिए निरंतर प्रक्षेपण की आवश्यकता होती है।

### 2000 प्रक्षेपणों से 3% पतली हो जाती है ओजोन परत

क्राइस्टचर्च के कैटरबरी विश्वविद्यालय के एक शोध के मुताबिक हर साल दुनिया भर में लगभग 2,000 प्रक्षेपणों के साथ, ओजोन परत तीन प्रतिशत तक पतली हो जाती है। रॉकेट से निकलने वाले रसायनों के वायुमंडलीय परिवहन के कारण अंटार्कटिका में ओजोन को सर्वाधिक नुकसान देखा गया, हालांकि अधिकांश प्रक्षेपण उत्तरी गोलार्ध में हो रहे हैं। ओजोन का नुकसान कम है। मनुष्यों या पारिस्थितिकी तंत्र को होने वाले विनाशकारी नुकसान की उम्मीद भी नहीं कर सकते। हालांकि, ओजोन परत को ठीक करने के लिए जारी वैश्विक प्रयासों को देखते हुए नुकसान महत्वपूर्ण है।

## एक नजर

### ईरान ने आईएसआईएस के नौ आतंकियों को फांसी दी

**दुबई।** ईरान ने 2018 में हुए हमले के बाद गिरफ्तार किए गए इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के नौ आतंकवादियों को फांसी दे दी है। ईरानी न्यायपालिका की समाचार एजेंसी मिजान ने मंगलवार को फांसी की घोषणा की। समाचार एजेंसी ने खबरों में कहा है कि आतंकवादियों को ईरान के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के साथ झड़प में शामिल होने के बाद पकड़ा गया था। इस झड़प में तीन सैनिक मारे गए थे।

### श्रीलंका के कारागार प्रमुख को रिमांड पर भेजा गया

**कोलंबो।** श्रीलंका के कारागार महाआयुक्त को सजायाफ्ता दोषियों को रिहा करने के लिए राष्ट्रपति की क्षमा प्रक्रिया का दुरुपयोग करने के कारण निलंबित कर बुधवार तक के लिए रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस के अपराध जांच विभाग द्वारा सोमवार को गिरफ्तारी के बाद तुषारा उपुलदेनिया को मंगलवार को कोलंबो अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। उत्तर मध्य अनुराधापुरा जेल के प्रमुख मोहन करुणारत्ना को भी सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया और बुधवार तक रिमांड पर भेज दिया गया। यह घटनाक्रम राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके द्वारा एक सजायाफ्ता अपराधी को क्षमादान के तहत जेल से रिहा करने की जांच के आदेश देने के बाद हुआ है।

### रूसी खतरों से निपटने को रक्षा व्यय में वृद्धि की मांग

**लंदन/मॉस्को।** उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव मार्क रूट ने रक्षा व्यय में पांच प्रतिशत की वृद्धि का आग्रह करते हुए दावा किया कि रूस 2030 तक नाटो देशों पर हमला करना चाहता है। लंदन की अपनी यात्रा के दौरान रूटे ने सभी 32 सदस्य देशों से इस महीने नीदरलैंड में होने वाले शिखर सम्मेलन में सैन्य खर्च में वृद्धि की मांग पर सहमत होने का आग्रह किया। रूट ने कहा कि गोला-बारूद के उत्पादन में रूस अपने से बड़े नाटो से आगे निकल रहा है और गठबंधन को सामूहिक रक्षा में बड़ी छलांग लगानी होगी।

### जापान में निजी डेटा लीक होने के रिकॉर्ड मामले

**टोक्यो।** जापान में व्यक्तिगत जानकारी डेटा लीक होने के मामलों में काफी बढ़ोतरी हुई है। वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार 2024 में सूचना सुरक्षा उल्लंघन के 21,00 से अधिक मामले सामने आए। यह संख्या पिछले वर्ष से 58 फीसदी ज्यादा है जो सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों में अपर्याप्त सुरक्षा को उजागर करती है। रिपोर्ट के मुताबिक 21,007 मामलों में से 19,056 निजी क्षेत्र से जुड़े हैं, जो वित्तीय वर्ष 2023 से 57 प्रतिशत अधिक है।

# लॉस एंजिलिस में नहीं सुधरे हालात ट्रंप ने सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाई

## गवर्नर और स्थानीय पुलिस प्रमुख ने जताया विरोध, कहा- और बिगड़ेगी स्थिति

लॉस एंजिलिस, एजेंसी

- आव्रजन नियमों के उल्लंघन पर ट्रंप की कार्रवाई के खिलाफ चार दिन से प्रदर्शन जारी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर मरीन कोर के 700 और नेशनल गार्ड के 2,000 अतिरिक्त जवान लॉस एंजिलिस रवाना हो गए जिससे वहां सेना की मौजूदगी और बढ़ जाएगी। स्थानीय अधिकारियों और गवर्नर गेविन न्यूसम ने ट्रंप के इस कदम का विरोध किया है। पुलिस प्रमुख का कहना है कि इससे विरोध प्रदर्शनों से निपटने में मुश्किलें पैदा होंगी।

ट्रंप ने पहले जिन 2,000 बलों की लॉस एंजिलिस में तैनाती का आदेश दिया था वे रविवार को पहुंचना शुरू हो गए थे। लॉस एंजिलिस में विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को उस समय शुरू हुआ था जब संघीय आव्रजन अधिकारियों ने उस दिन शहर भर में 40 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया था। सोमवार के प्रदर्शन के दौरान अधिक हंगामा नहीं हुआ। हजारों लोग 'सिटी हॉल' में शांतिपूर्ण रैली में शामिल हुए तथा सैकड़ों लोगों ने एक संघीय परिसर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस परिसर में वह हिरासत केंद्र भी शामिल है, जहां शहर भर में छापेमारी के बाद कुछ प्रवासियों को रखा गया है।

मेयर कैरेन बास और न्यूसम का कहना है कि ट्रंप ने लॉस एंजिलिस की स्थिति के बारे में जो वर्णन किया है, वह सच्चाई से कोसों दूर है। उन्होंने कहा कि ट्रंप सैन्य कर्मियों को तैनात कर सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं जबकि पुलिस का भी कहना है कि उन्हें मदद की जरूरत नहीं है। गवर्नर न्यूसम ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा कर ट्रंप के इस कदम को लापरवाही भरा और हमारे बलों के लिए अपमानजनक बताया। न्यूसम ने कहा, यह कदम सार्वजनिक सुरक्षा के लिए नहीं उठाया गया। यह एक खतरनाक राष्ट्रपति के अहंकार को संतुष्ट करने के लिए उठाया गया कदम है।

अधिकारियों ने बताया कि अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय 'पेंटागन' ने आव्रजन संबंधी कार्रवाई के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों से निपटने में 'नेशनल गार्ड' के जवानों की मदद के लिए सोमवार को लॉस एंजिलिस में लगभग 700 'मरीन' कोर तैनात किए। कैलिफोर्निया ने 'गार्ड' के जवानों की तैनाती को लेकर ट्रंप के खिलाफ मुकदमा दायर किया है और प्रदर्शनकारी का प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी है।



लॉस एंजिलिस में हिंसक प्रदर्शनों के बीच कई देशों के झंडे लेकर दौड़ता प्रदर्शनकारी।

### मरीन बलों के आने से पैदा हुई समस्याः पुलिस प्रमुख

'यूएस नदर्न कमांड' की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश पर दक्षिणी कैलिफोर्निया के रेगिस्तान में ट्वेंटीनाइन पाम्स स्थित आधार से 'मरीन' बलों को संघीय संपत्ति और संघीय आव्रजन एजेंट सहित कर्मियों की सुरक्षा के लिए तैनात किया जा रहा है। लॉस एंजिलिस पुलिस प्रमुख जिम मैकडोनेल ने सोमवार दोपहर को एक बयान में कहा कि उन्हें बड़े पैमाने पर प्रदर्शनों को संभालने की पुलिस विभाग की क्षमता पर पूरा भरोसा है और पुलिस विभाग के समन्वय के बिना 'मरीन' बलों के आने से साजो-सामान और परिचालन संबंधी बड़ी चुनौती पैदा हो गई है। इससे हालात अनिश्चित हो जाएंगे।

# ऑस्ट्रिया : स्कूल में गोलीबारी से आठ छात्रों समेत नौ की मौत, हमलावर भी मारा गया

वियना, एजेंसी

- ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर में हुई घटना के बाद स्कूल को कराया गया खाली

ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर के एक स्कूल में मंगलवार को हुई गोलीबारी में आठ छात्रों समेत नौ लोगों की मौत हो गई और संदिग्ध हमलावर भी मारा गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि उसका मानना है कि हमलावर ने घटना को अकेले अंजाम दिया।

पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमलावर समेत 10 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। ऑस्ट्रिया प्रेस एजेंसी की खबर के मुताबिक, मेयर एल्के काहर ने घटना को भयानक त्रासदी करार दिया है। खबर के मुताबिक, मृतकों में आठ छात्र और एक वयस्क शामिल है। अधिकारियों ने अपराधी के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी।

अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे एक कॉल के बाद पुलिस समेत विशेष बलों को बोर्ग ड्रेयर्सचुटजेन्गेस्से हाई स्कूल में भेजा गया। बाद में, पुलिस ने 'एक्स' पर लिखा कि स्कूल को खाली करा लिया गया है और सभी को सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है। उसने लिखा कि अब किसी तरह के खतरे की आशंका नहीं है।

ऑस्ट्रिया का दूसरा सबसे बड़ा शहर ग्राज, देश के दक्षिण-पूर्व में स्थित है और इसकी जनसंख्या लगभग 3,00,000 है। ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलेन ने कहा कि इस बर्बर घटना को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, वे युवा थे, जिनके सामने पूरा जीवन था। एक शिक्षक, जो उन्हें राह दिखा रहा था।

## पाकिस्तान अपना रक्षा खर्च बढ़ाएगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मंगलवार को अगले वित्त वर्ष के लिए वार्षिक संघीय बजट पेश करेगा, जिसमें रक्षा व्यय में पर्याप्त वृद्धि की संभावना है। कुल बजट का आकार 17,600 अरब रुपये होने की उम्मीद है।

वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब बजट नेशनल असेंबली में पेश करेंगे। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 14000 अरब का रिकॉर्ड राजस्व लक्ष्य रखा है, जो गत वित्त वर्ष के अनुमानों से 22% अधिक है। यद्यपि रक्षा व्यय में वृद्धि के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सरकार ने बजट प्रक्रिया के दौरान रक्षा व्यय में 18% की वृद्धि का समर्थन किया था।

# इजराइली नौसेना ने यमन के बागियों के कब्जे वाले शहर होदेदा पर किया हमला

दुबई, एजेंसी

इजराइली नौसेना ने मंगलवार को यमन के विद्रोहियों के कब्जे वाले बंदरगाह शहर होदेदा में गोदियों पर हमला किया, जिससे संभवतः उन सुविधाओं को नुकसान पहुंचा, जो युद्धग्रस्त देश में सहायता सामग्री पहुंचाने के लिए अहम हैं।

इज़राइली सेना ने कहा कि नौसेना के मिसाइल पोतों ने ये हमले किए। यह पहली बार है जब उनकी सेना हूती विद्रोहियों के खिलाफ हमलों में शामिल हुई है। ये हमले मंगलवार को किए गए। गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ युद्ध को लेकर हूतियों ने इजराइल को निशाना बनाकर बार-बार मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। हूती बागियों ने अपने अल-मसीरा सैटेलाइट समाचार चैनल के माध्यम से हमले के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमला गोदियों को निशाना बनाकर किया गया। हालांकि उन्होंने इस बारे में जानकारी नहीं दी।

इजराइल ने हमले की तत्काल पुष्टि नहीं की। सोमवार देर रात इजराइल ने यमन के लोगों को ऑनलाइन चेतावनी जारी की कि वे रास ईसा, होदेदा और अल-सलिफ बंदरगाहों को खाली कर दें, क्योंकि हूतियों ने हमलों के लिए बंदरगाहों का इस्तेमाल कर रहे हैं। बंदरगाह का उपयोग हथियारों को स्थानांतरित करने के लिए किया जाता है और यह आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए असैन्य बुनियादी ढांचे का हूती आतंकवादी शासन के कुटिल उपयोग का एक और उदाहरण है।

### सामाजिक कार्यकर्ता थनबर्ग इजराइल से निर्वासित

**यरूशलम।** सामाजिक कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग जिस जहाज पर सवार थीं, उसे इजराइली सेना द्वारा जब्त किए जाने के एक दिन बाद थनबर्ग को मंगलवार को इजराइल से निर्वासित कर दिया गया। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर विमान में सवार थनबर्ग की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि थनबर्ग विमान से फ्रांस पहुंचने के बाद अपने देश स्वीडन रवाना हो गईं। थनबर्ग गाजा में सहायता सामग्री ले जा रहे 'मैडलीन' नामक जहाज पर सवार 12 यात्रियों में से एक थीं। 'फ्रीडम फ्लोटिला कोलिशन' नामक संगठन ने गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए इस यात्रा का आयोजन किया था।

## फ्रांसः 15 वर्षीय छात्र ने स्कूल कर्मचारी की चाकू घोंपकर हत्या की

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी के पूर्वी क्षेत्र में स्थित मिडिल स्कूल में मंगलवार को बैग की जांच के दौरान 15 वर्षीय एक छात्र ने एक स्कूल कर्मचारी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि बैग की जांच में मदद कर रहा एक पुलिस अधिकारी घटना के दौरान मामूली घायल हो गया। मामले की जांच की जा रही है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि नोजेंट में बच्चों की देखभाल कर रही शैक्षिणक सहायक की हमले में मौत हो गई। उन्होंने कहा कि इस घटना से राष्ट्र शोक में है और सरकार अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए काम कर रही है।



सिंगापुर के ध्वजवाहक कंटेनर जहाज में आग लगने के बाद उठता काला धुआं।

# केरल तट के पास जहाज में विस्फोट से और भड़की आग

कोच्चि, एजेंसी

- बचाव दल कर रहे हैं आग को और फैलने से रोकने की कोशिश

केरल तट के पास सिंगापुर ध्वज वाले मालवाहक पोत में आग और विस्फोट की घटनाएं जारी हैं और पोत के मध्य क्षेत्र और 'कंटेनर' बे से आग की लपटें निकल रही हैं।

भारतीय तटरक्षक अधिकारियों ने बताया कि आगे के हिस्से में लगी आग पर काबू पा लिया गया है लेकिन पोत 'एमवी वान हाई 503' से धुआं उठ रहा है। उन्होंने बताया कि जहाज बंदरगाह की ओर लगभग 10-15 डिग्री तक झुक गया है और उस पर लदे कुछ कंटेनरों के समुद्र में गिरने की सूचना है।

आग को फैलने से रोकने के लिए अग्निशमन और प्रशीतन अभियान चलाया जा रहा है। तटरक्षक पोत 'समर्थ' को बचावकर्मियों की एक टीम के साथ कोच्चि तैनात किया जा रहा है। इससे पहले रक्षा प्रवक्ता ने कहा था कि भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सूरत ने जलते पोत में सवार चालक दल के 18 सदस्यों को उतार लिया। जहाज पर चालक दल के 22 सदस्य सवार थे और उनमें से चार का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है।

## न्यूयॉर्कः गंभीर बीमार खत्म कर सकेंगे जीवन

**अल्बानी (न्यूयॉर्क)।** न्यूयॉर्क विधानमंडल में सोमवार को एक विधेयक पारित किया गया जिसके तहत गंभीर रूप से बीमार लोगों को दवाओं के माध्यम से अपना जीवन समाप्त करने का कानूनी अधिकार दिया गया है। इस विधेयक को अब गवर्नर के पास भेजा गया है। विधेयक में कहा गया है कि लाइलाज बीमारी से जूझ रहा कोई व्यक्ति यदि किसी चिकित्सक से अनुरोध करे और दो चिकित्सक उसे इसकी अनुमति दें तो उसे जीवन समाप्त करने वाली दवाएं लेने की अनुमति दी जा सकती है। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल के प्रवक्ता ने कहा कि गवर्नर इस विधेयक की समीक्षा करेंगी।

# नाटो सदस्य देश अमेरिका से खरीदेंगे 700 एफ 35 विमान

वाशिंगटन, एजेंसी

- नाटो के महासचिव मार्क रूटे ने एक सम्मेलन में की घोषणा

उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रूटे ने कहा कि संगठन के सदस्य देश गठबंधन की सैन्य शक्ति को मजबूत करने के लिए अमेरिका से कुल 700 एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदेंगे।

रूटे ने सोमवार को लंदन में एक सम्मेलन में बोलते हुए कहा सहयोगी देश अधिक युद्धपोतों और विमानों में निवेश करेंगे। उदाहरण के लिए अमेरिका के सहयोगी कम से कम 700 एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदेंगे। उन्होंने कहा कि नाटो देश सैन्य उत्पादन में रूस और चीन से पीछे हैं और सैन्यीकरण पर खर्च बढ़ाने की योजना की पुष्टि की।

रूटे ने कहा, हमारी सेनाओं को हज़ारों और बख्तरबंद वाहनों और टैंकों की भी ज़रूरत है। ज्यादा ड्रोन और लंबी दूरी की मिसाइल प्रणालियों में भी निवेश करेंगे और अंतरिक्ष और साइबर क्षमताओं में ज्यादा निवेश करेंगे। वायु और मिसाइल रक्षा को 400 प्रतिशत बढ़ाना चाहिए। मीडिया ने मई की शुरुआत में बताया कि रूटे ने प्रस्ताव दिया था कि नाटो सहयोगी रक्षा खर्च को जीडीपी के 3.5 प्रतिशत तक बढ़ाएं और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की पांच प्रतिशत लक्ष्य की मांग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त रक्षा ज़रूरतों के लिए जीडीपी का 1.5 प्रतिशत आवंटित करें।

## रूस के यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइल हमले में दो लोगों की मौत

**कीव।** रूस ने मंगलवार तड़के यूक्रेन के दो शहरों पर बड़ी संख्या में ड्रोन और मिसाइल के जरिये हमले किये, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इसे अब तक के सबसे बड़े हमलों में से एक बताया। कहा, रूस ने रात में 315 ड्रोन और सात मिसाइल दागीं। जेलेंस्की ने हमले के मद्देनजर अमेरिका और यूरोप से ठोस कार्रवाई का आह्वान किया। कहा, रूसी हमलों की गूंज, रूस को शांति के रास्ते पर आने के लिए मजबूर करने के अमेरिका और दुनिया भर के अन्य देशों के प्रयासों से अधिक जोरदार है।

**वक्तव्य**

कैंब्रिज विश्वविद्यालय में 'न्याय तक पहुंच में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी की भूमिका' विषय पर बोले सीजेआई बीआर गवई

# प्रौद्योगिकी दोधारी तलवार, निर्णय की प्रक्रिया में नहीं ले सकती जगह

नई दिल्ली, एजेंसी



- भारत में न्याय तक पहुंच बढ़ाने में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर जोर

सीजेआई बीआर गवई ने प्रौद्योगिकी की दोधारी तलवार प्रकृति को रेखांकित करते हुए कहा कि इस तरह के नवाचारों से न्यायिक कार्यों में वृद्धि होनी चाहिए, न कि इसे निर्णय लेने की प्रक्रिया का स्थान लेना चाहिए। उन्होंने नौ जून को कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में "न्याय तक पहुंच में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी की भूमिका" विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भारत जैसे विशाल, विविध और जटिल देश में न्याय तक पहुंच बढ़ाने में प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर दिया।

न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि भारत में न्यायपालिका ने न्याय को अधिक सुलभ बनाने के लिए प्रौद्योगिकी को तत्परता से एकीकृत किया है। उन्होंने कहा, हमें यह भी स्वीकार करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी एक दोधारी तलवार की तरह काम कर सकती है, जिससे अभूतपूर्व विभाजन भी हो सकता है। एक प्राथमिक चिंता डिजिटल विभाजन है, जहां इंटरनेट कनेक्टिविटी, उपकरणों और डिजिटल साक्षरता तक असमान पहुंच के कारण हाशिये पर पड़े समुदाय वंचित हो सकते हैं, जो पहले से ही न्याय के लिए बाधाओं का सामना कर रहे हैं। प्रौद्योगिकी से निष्पक्ष परिणाम सुनिश्चित हो, इसके लिए पहुंच और समावेशन को इसके डिजाइन का आधार होना चाहिए।

उन्होंने कहा, शासन के ऐसे ढांचे विकसित किए जाने चाहिए जो मानवीय निगरानी, एल्गोरिदम पारदर्शिता और प्रौद्योगिकी-मध्यस्थ निर्णयों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करें। सीजेआई ने कहा, आगे बढ़ने के लिए मूलभूत सिद्धांतों का पालन करना जरूरी है। तकनीक को न्यायिक कार्यों, विशेष रूप से तर्कसंगत निर्णय लेने और व्यक्तिगत मामले के मूल्यांकन का स्थान लेने के बजाय इसमें वृद्धि करनी चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्वचालित प्रणालियां न्यायिक निर्णय को बदलने के बजाय उसका समर्थन करें।

उन्होंने डिजिटल नवाचार पर आधारित एक अधिक समावेशी और उत्तरदायी कानूनी प्रणाली के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, न्याय तक पहुंच किसी भी निष्पक्ष और न्यायसंगत कानूनी प्रणाली की रीढ़ है। यह सुनिश्चित करता है कि सभी व्यक्ति, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति, भौगोलिक स्थिति या व्यक्तिगत परिस्थितियां कुछ भी हों, कानूनी प्रक्रियाओं में प्रभावी रूप से भाग ले सकें और उनसे लाभ उठा सकें।

### न्यायालय तक सबकी पहुंच सुनिश्चित करना जरूरी

सीजेआई ने कहा कि ऐसे देश में जहां दो तिहाई से अधिक आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और 121 से अधिक भाषाएं मातृभाषा के रूप में बोली जाती हैं, वहां अदालतों तक न्यायसंगत पहुंच सुनिश्चित करना संवैधानिक दायित्व और नैतिक अनिवार्यता दोनों है। उन्होंने संविधान निर्माताओं की दूरदर्शिता को रेखांकित किया, जिन्होंने न्याय तक पहुंच की गारंटी के लिए अनुच्छेद 32 और 226 सहित विभिन्न तंत्र स्थापित किए, जो नागरिकों को अपने अधिकारों के संरक्षण के लिए सीधे उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों से संपर्क करने का अधिकार देते हैं। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी, न्याय के संवैधानिक वादे और नागरिकों के जीवंत अनुभव के बीच सेतु बन गई है।